चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-85, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 16

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 15

## प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

- आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

मामले की छानबीन कर रहे पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर मीटिंग करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं।

इस दौरान पुलिस टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है।

## शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

**अंबाला।** पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

## 4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र कर सकेंगे पीएचडी

- न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता

नई दिल्ली, एजेंसी

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75% अंक होने चाहिए।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।



- बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।




# कांग्रेस आपकी संपत्ति उनमें बांटेगी, जिनके ज्यादा बच्चेः मोदी

### राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसीः

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले समुदाय को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है।

मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, "ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। वे इस हद तक चले जाएंगे।" उन्होंने दावा करते हुए कहा, "ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे। उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।" इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे? जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बांटेंगे।" आपकी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा? क्या आपको ये मंजूर है?" मोदी का इशारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2006 में की गई विवादास्पद "पहला हक" टिप्पणी की ओर था। हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक असमानताओं के मुद्दे पर प्रकाश डाला गया है और पार्टी ने जोर देकर कहा है कि इसमें किसी से कुछ लेकर बांटने की बात नहीं कही गई है। "व्यापक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना" का समर्थन किया गया है।



जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

कांग्रेस ने यह दावा भी किया था कि राहुल गांधी ने सात अप्रैल 2024 को हैदराबाद में देश की संपत्ति के 'पुनर्वितरण' का वादा नहीं किया और उनके शब्दों को "गलत तरीके से पेश" किया गया। बांसवाड़ा में अपनी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जो कहा है वह चिंताजनक है, गंभीर है। उन्होंने कहा कि ये 'माओवाद की सोच को जमीन पर उतारने की उनकी कोशिश' है।

### मोदी असल मुद्दों से भटका रहे हैं ध्यानः कांग्रेस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने मुसलमानों को ''संपत्ति के पुनर्वितरण'' संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में ''निराशा'' का सामना करने के बाद प्रधानमंत्री अब ''झूठ'' का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रहे हैं। मोदी ने रववािर को दावा किया कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने (सिंह ने) कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर दावा किया, ''पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेन्द्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबराकर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

## चार धाम यात्रा के लिए 11.45 लाख रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। इसीलिए इस अवधि में हेली सेवाओं की बुकिंग नहीं की गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।

## उलगुलान न्याय महारैली में दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

रांची, एजेंसी

झारखंड के रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।



- घटना में घायल हुए कांग्रेस उम्मीदवार के भाई ने कहा- मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट

### भाजपा ने गठबंधन की रैली में हुई झड़प को जंगल राज बताया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रांची में विपक्षी गठबंधन की रैली में हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में लोगों से चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद से चुनने में बहुत सावधान रहने के लिए कहा।

## एक नजर

### अनंतनाग में आईईडी को किया निष्क्रिय

**श्रीनगर।** अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद करके और उसे उसी स्थान पर नष्ट करके आज एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, पांच लोगों की मौत

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, नोएडा के रहने वाले संतोष की बारात अलग-अलग गाड़ियों से शनिवार को देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। एत्मादपुर थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन की मौत हो गई।

### सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब टीम भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास जंगल में पहुंची तो वहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

## कांग्रेस ने पढ़ने की उम्र में बच्चों को पकड़ा दिए तमंचे : योगी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किया रैलियों को संबोधित

बिलासपुर, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी जी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है।

छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है।जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। योगी ने कहा, चाहे बेटी हो या व्यापारी, केवल भाजपा ही उन सभी को सुरक्षा की पूरी गारंटी दे सकती है।

## साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

**गोंडा।** सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली (32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

## मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपाः सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।



- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

### साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

## पत्नी को किया नजरंदाज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।



- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

### एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपति

#### मार्च 2023 में की थी शादी

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

## शराब घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस टुटेजा गिरफ्तार

**रायपुर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू / भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी के कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। 2003 बैच के आईएएस टुटेजा अपने बेटे यश टुटेजा के साथ इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। पूछताछ के बाद यश टुटेजा को जाने दिया गया। चूंकि विशेष पीएमएलए अदालत रविवार को बंद थी, इसलिए मजिस्ट्रेट अदालत ने टुटेजा को एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात किए नोडल अधिकारी

- राज्य सरकार ने 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का रखा लक्ष्य
- मौके पर जाकर गेहूं खरीद व्यवस्था का नोडल अधिकारी ले रहे जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद पर नजर रखने और समीक्षा करने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की है।

ये नोडल अधिकारी अलग-अलग जिलों में मौके पर जाकर गेहूं खरीद की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान केवल अनियमितताओं पर ही नजर नहीं रखी जाएगी बल्कि किसानों, खरीददारों की व्यावहारिक दिक्कतों और सुगमता के कारणों की भी रिपोर्ट तैयार होगी। कई नोडल अधिकारियों ने जिलों की ग्राऊंड रिपोर्ट शासन को सौंपी है, इसके बाद और भी गाइडलाइन जारी की गईं हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये प्रदेश भर में 6500 क्रय केंद्र संचालित होने हैं और फिलहाल इसके सापेक्ष वर्तमान में 6414 क्रय केंद्र संचालित किये जा रहे हैं।

## एक नजर

### पीडीएम मोर्चे ने घोषित किए सात प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाये पीडीएम मोर्चे से सात लोकसभा प्रत्याशी और घोषित कर दिये हैं। पीडीएम मोर्चे का गठन सपा गठबंधन से अलग होने के बाद पल्लवी पटेल ने असदुद्दीन ओवैसी के साथ बनाया था। पल्लवी पटेल ने रविवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची में उन्नाव से धनीराम पाल, कन्नौज से दानिश अली, कानपुर नगर से राम आसरे पाल, गाजीपुर से सूबेदार बिंद, घोसी से प्रेमचंद उर्फ कांति निषाद, सीतापुर से काशिफ अंसारी और प्रयागराज से हंसराज कौल को उतारा है। पल्लवी पटेल का कहना था कि अखिलेश व राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे इंडी गठबंधन में पिछड़े, दलित और मुस्लिमों के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

# हादसों व मौतों के मामले में लखनऊ छठे और बरेली दसवें स्थान पर

## टॉप-20 जिलों की सूची में कानपुर नगर अव्वल, प्रयागराज दूसरे और बुलंदशहर तीसरे नंबर पर

नीरज मिश्र, लखनऊ

- करीब 42 प्रतिशत मौतें इन्हीं जिलों में
- पिछले तीन साल से सूची में सबसे आगे है कानपुर नगर

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने हादसों और मौतों में अव्वल रहने वाले जिन टॉप-20 जिलों की सूची जारी की है, अगर जिम्मेदार उन्हीं पर गंभीर हो जाएं तो हादसों और मौतों का ग्राफ धड़ाम से नीचे आएगा। करीब 42 प्रतिशत से अधिक मौत इन्हीं जिलों में होती हैं।




सड़क सुरक्षा टीम का 4-ई कॉन्सेप्ट (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर) का दावा भी काम नहीं आया है। हाल यह है कि पिछले तीन साल से हादसों और मौतों की सूची में इन 'कुख्यात' जिलों ने अपना स्थान तक नहीं बदला है। दिलचस्प यह है कि प्रदेश में जो ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं, उनमें से 35 फीसद से ज्यादा इन्हीं जिलों में से हैं।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है यानी पिछले करीब एक दशक से जारी जागरूकता कार्यक्रमों का एक और दौर। विभाग इस बार आंध्र प्रदेश की तर्ज पर एक नया प्रयोग करने की तैयारी में है, जिसमें चालक के परिवार की तस्वीर यात्री वाहन के डैशबोर्ड पर लगवाई जा रही है जिससे रैश ड्राइविंग और रफ्तार बढ़ाते वक्त उसे अपने परिवार का ख्याल रहे और चालक अपने वाहन की गति नियंत्रित रखे।

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि इन सभी जिलों में सुधार के लिए नई कार्ययोजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। इस बार कई यात्री वाहनों में चालकों को रैश ड्राइविंग और रफ्तार पर नकेल कसने के लिए उन्हें मानसिक तौर पर संवेदनशील बनाए जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए उनके परिवार की तस्वीर डैशबोर्ड पर लगा उन्हें सचेत किया जा रहा है। यह प्रयोग आंध्र प्रदेश में कारगर रहा है। इसके अलावा सभी एजेंसियां निरंतर त्रैमासिक मॉनीटरिंग करेंगी। बैठकों में जानकारियां साझा कर आगे कदम उठाए जाएंगे।

कोशिश है कि इन जिलों का क्रम बदले और वहां हादसों और मौतों की संख्या में सुधार आए। इसके अतिरिक्त इन जिलों में मॉडल सेफ रोड बनाए जाने पर भी काम किया जा रहा है। मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त समेत सभी उच्चाधिकारी आए नए आंकड़ों पर चिंतित हैं और नए सिरे से काम किया जा रहा है।

**पिछले तीन वर्ष के आंकड़े**

| जिला | औसत वार्षिक मौतें |
|---|---|
| कानपुर नगर | 625 |
| प्रयागराज | 573 |
| बुलंदशहर | 546 |
| आगरा | 532 |
| हरदोई | 513 |
| लखनऊ | 512 |
| उन्नाव | 503 |
| मथुरा | 497 |
| अलीगढ़ | 496 |
| बरेली | 486 |
| गोरखपुर | 472 |
| सीतापुर | 447 |
| फतेहपुर | 425 |
| गौतमबुद्धनगर | 425 |
| बाराबंकी | 416 |
| कुशीनगर | 409 |
| फिरोजाबाद | 386 |
| जौनपुर | 385 |
| शाहजहांपुर | 375 |
| गाजियाबाद | 374 |

# शारजाह से नौ लाख की सिगरेट लाने पर मिलते थे 20 हजार रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति करता था मैनेज

**अमृत विचार :** शारजाह से अवैध रूप से सिगरेट लाकर भारत में बेचने का धंधा लंबे समय से फलफूल रहा है। अवैध सिगरेट लाने के लिए चिन्हित लोग बड़ा रिस्क लेकर शारजाह से लखनऊ तक लाखों रुपये कीमत की सिगरेट लाते थे और एयरपोर्ट के बाहर ही चिन्हित लोगों को ही सौंप देते थे। बदले में उन्हें 20 हजार रुपये कैरिंग चार्ज के रूप में मिलता था। बाद में यह सिगरेट बिकने के लिए विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती थी और लाखों की कमाई होती थी।

गौरतलब हो कि पहली अप्रैल को उड़ान संख्या 6ई-1424 से शारजाह से लखनऊ के लिए 33 तस्करों द्वारा लाई गई विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। इस दौरान 27 तस्कर मौका देख फरार हो गए थे, जबकि छह तस्करों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इन तस्करों के पास से तीन करोड़ तीन लाख 63 हजार रुपये कीमत की सिगरेट बरामद हुई थी। कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शारजाह में सलीम नामक व्यक्ति यह सब मैनेज करता था। उससे होटल में मुलाकात होती थी। सभी तस्कर एक संगठित गिरोह के तहत जुड़े हुए हैं। इनको शारजाह तक भिजवाने और इनके माध्यम से विदेशी मूल की सिगरेट एयरपोर्ट तक लाने की जिम्मेदारी इनपर रहती थी।

# स्ट्रांग रूम में पेपर रखे जाने से पहले खींच लिए थे फोटो

## आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 : पेपर लीक कराने की योजना में तीन परीक्षा केंद्र थे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ के जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के साथ प्रयागराज के एसपी ब्लू स्टॉर स्कूल और विशप जानसन गर्ल्स कॉलेज की थी संलिप्तता

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा 2023 का पेपर परीक्षा केंद्र में स्ट्रांग रूम में रखे जाने से पहले ही आउट कर दिया गया था। इस मामले में गिरफ्तार कमलेश ने ही स्ट्रांग रूम के बगल में बने मेडिकल रूम में पेपर के पैकेट खोले और फोटो खींचकर सौरभ शुक्ला को भेजे। सौरभ शुक्ला ने वही पेपर डॉ. शरद सिंह पटेल व अरुण सिंह को भेजा। शरद सिंह पटेल ने आउट पेपर राजीव नयन मिश्रा को भेजा जो इस समय जेल में है।

एसटीएफ की गिरफ्त में आए आरोपी डॉ शरद सिंह पटेल, कमलेश कुमार उर्फ केके, अर्पित विनीत यशवंत व अभिषेक शुक्ला ने पूछताछ में बताया कि डॉ. शरद सिंह पटेल ने सौरभ शुक्ला (प्रबन्धक, जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल पारा लखनऊ) के साथ मिलकर परीक्षा केन्द्र से पेपर आउट कराने की योजना बनाई। सौरभ ने कमलेश कुमार पाल, प्रबंधक एसपी ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल झूसी प्रयागराज, को इस योजना में शामिल किया।

वहीं कमलेश ने बताया कि वह परीक्षा कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत के संपर्क में था। अर्पित ने पांच लाख रुपये में पेपर आउट कराना तय किया और एक लाख रुपये परीक्षा से पूर्व एडवांस लिये। योजना के अनुसार बीते 11 फरवरी को सुबह कमलेश करीब 6.30 बजे पर विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के बाहर आ गया था। परीक्षा केन्द्र पर 6.45 बजे पेपर पहुंचा और सेक्टर मजिस्ट्रेट के जाने के बाद अर्पित विनीत यशवंत ने कमलेश को फोन करके बुला लिया।

### गार्ड दो बंडल तो आरोपी एक-एक बंडल स्ट्रांग रूम में ले गए थे

**अमृत विचार :** पेपर के कुल चार बंडल थे, जिसमें से दो बंडल गार्ड, व एक-एक बंडल अर्पित व कमलेश लेकर नीचे से प्रथम तल पर स्थित स्ट्रांग रूम में ले गये। गार्ड व अर्पित ने अपने बंडल स्ट्रांग रूम में रखे, लेकिन कमलेश अपना बंडल लेकर स्ट्रांग रूम के ठीक बगल में स्थित मेडिकल रूम में चला गया। वहां पहले से रखे कटर से बंडल खोलकर चारों सिरीज के पेपरों की फोटो मोबाइल से खींची और फिर से पैकेट उसी तरह टेप से चिपका दिए। कमलेश ने पेपर की चारों सिरीज के फोटो व्हाटसएप पर सौरभ शुक्ला को भेजे और चला गया। सौरभ ने डॉ. शरद सिंह पटेल व अरुण सिंह को वही पेपर भेजे ।शरद सिंह पटेल ने राजीव नयन मिश्रा को पेपर भेजा और बताया कि उससे पूर्व में मिला पेपर इस पेपर के समान है। एजेंसी या प्रेस से पेपर आउट कराने वाले गिरोह में राजीव नयन मिश्रा जो वर्तमान समय में जेल में निरुद्ध है तथा सुभाष प्रकाश पुत्र योगेन्द्र पंडित का नाम भी प्रकाश में आया है।

# योगी की अपील, वोट देकर जताएं मोदी का आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा असल में तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव को सुअवसर बताते हुए जनता से भाजपा उम्मीदवारों को वोट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करने की अपील की है। रविवार को अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए योगी ने गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा को तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम बताया है।



उन्होंने दावा किया कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी के नेतृत्व में फिर से भाजपा नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए।

### भारतीय भावना को सम्मान देने का मौका

योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। देशवासियों के लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी तक पहुंचाने का यह अवसर है।

# 50 हजार का इनामी मुंबई से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने रविवार को गाजीपुर जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी को मुंबई के चेंबूर से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ इस अपराधी को 2017 से ही तलाश कर रही थी। अपराधी पुलिस के डर से मुंबई चला गया था, ऐसे हालात में अपराधी के घर वालों ने दो ग्रामीणों के खिलाफ इसके अपहरण का मुकदमा भी दर्ज करा दिया। गाजीपुर के बहरियाबाद के रहने वाले सद्दाम हुसैन के खिलाफ कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है। लंबे समय तक जब सद्दाम पुलिस के पकड़ में नहीं आया तो पुलिस ने सद्दाम पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। सद्दाम भागकर गाजीपुर से मुंबई पहुंचा और वहां पर जीवन यापन के लिए आटोरिक्शा चलाने लगा और बाद में हुंडई के वर्कशाप में काम करने लगा।



हजरतगंज क्षेत्र में आयोजित अधिवेशन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

# भाजपा के लिए माहौल बनाएं व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्योग व्यापार मंडल के अधिवेशन में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने की अपील

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखता है। सरकार की कथनी और करनी एक है। डबल इंजन की सरकार आम व्यक्ति को लाभ पहुंचा उसे राष्ट्रवाद से जोड़ने का काम कर रही है। इसलिए बिना किसी जाल में फंसे तीसरी बार फिर मोदी सरकार के नारे को व्यवसायी वर्ग को बुलंद करना है। वित्त मंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माहौल बनाने का काम व्यापारी समाज करता है। इसलिए आज और अभी से बाजारों में व्यापारी समाज वातावरण बनाने में जी जान से जुट जाए।

इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि जो भारत मां और सनातन की रक्षा करेगा, व्यापारी समाज उसी के साथ खड़ा होगा। लखनऊ से देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रत्याशी हैं। उनके द्वारा कराए गए विकास के कार्य को व्यापारी आगे बढ़ाएं और सांसद को अधिकतम मतों से जिताकर उन्हें संसद भेजें।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मुकेश शर्मा, संसदीय चुनाव के सहसंयोजक पुष्कर शुक्ला, वरिष्ठ व्यापारी नेता सुधीर हलवासिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। व्यापारियों ने मुख्य अतिथि सुरेश खन्ना एवं आनंद द्विवेदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसमें राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, महामंत्री संगठन अनुपम अग्रवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, आकाश गौतम, अश्वन वर्मा, जावेद बेग, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, हरीश मालानी, दीपेश गुप्ता, संजय निधि अग्रवाल, राजेश गुप्ता, पतंजलि सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा, उपाध्यक्ष हिना सिराज खान आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# 161.11 लाख रुपये की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 161.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई, जबकि एक मार्च से अब तक कुल 31537.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक 2963.79 लाख नकद, 4137.59 लाख कीमत की शराब, 21121.15 लाख रुपये की ड्रग, 2158.15 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं व 1156.38 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।

4298 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये गये हैं। 19,64,008 लोगों को पाबंद किया गया है। पुलिस विभाग के जरिये 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद किये गये हैं, जबकि अवैध शस्त्र बनाने वाले 140 स्थलों को सीज कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक व निजी स्थानों से अब तक कुल 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

# अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को खास पैकेज

## इम्पावर्ड कमेटी के बाद कैबिनेट की मंजूरी भी लेनी होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर दिया जाएगा प्रोत्साहन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है।

इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं के परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

### पहले समझौता समिति का होना था गठन

दरअसल, नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। अब नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता के लिए मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी।

# यूपी में चुनाव प्रचार से दूर हुई आम आदमी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश की सभाओं में सांसद संजय सिंह का शामिल होना प्रस्तावित

**अमृत विचार :** दिल्ली व पंजाब में सत्तासीन आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का समर्थन करने का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है। पार्टी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल में जाते ही पार्टी की रणनीति बदल गई और स्थानीय स्तर पर संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार से दूरी कायम कर ली।

केजरीवाल ने दावा किया था कि उप्र. में पार्टी उम्मीदवार नहीं उतारेगी, मगर पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार करेगी। दिल्ली के गृहमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद मुखिया केजरीवाल की गिरफ्तारी होते ही पार्टी की प्राथमिकताएं बदल गईं। हालांकि पार्टी प्रवक्ता दिनेश सिंह पटेल का कहना है कि जेल से छूटने के बाद सांसद संजय सिंह ने सपा के अखिलेश यादव से मुलाकात भी की थी, नगीना सीट पर साथ में प्रचार करने गए थे। इसके अलावा 23 अप्रैल को बागपत और अमरोहा में होने वाली सभाओं में अखिलेश के साथ मंच साझा करेंगे।

# इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हैदराबाद तक अवैध रूप से प्रतिबंधित पशु का मांस सप्लाई करने के आरोप में फरार आरोपी की जब अचानक गिरफ्तारी हुई तो उसके पास से रुद्राक्ष और ताबीज जैसी चीजें बरामद हुईं। बरामदगी की वस्तुएं देखकर स्वयं एसटीएफ भी चकित रह गई।

25 हजार के इस इनामी अभियुक्त पर जालौन में गोमांस सप्लाई करने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ ने अंबाला निवासी जनकराज शर्मा को आगरा एक्सप्रेस पर टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक जनकराज शर्मा के खिलाफ जालौन में एफआईआर दर्ज थी। फरार होने के कारण जनकराज पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# बैठक में दिखी भारतीय एकता की झलक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर भाजपा के बड़े नेताओं ने ईसाई धर्म गुरुओं के साथ मंच साझा किया। इसमें बिशप अरुन सिंह (बिशप ऑफ वेस्लेयान मिशन लखनऊ एवं वाराणसी डिस्ट्रिक्ट), सहयोगी पादरी सुरेश सिंह, पादरी डेविड अन्थोनी, पादरी राजकुमार, पादरी जय करन (पास्टर इंचार्ज वेसलेयन मेथदिस्ट चर्च, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष , एंजेलीना नईय ( शोध प्रमुख ), पादरी केएल रावत शामिल रहे। कैंट मण्डल-4 की अध्यक्ष रूपा देवी, संतोष अग्रवाल, महामंत्री अखिल ग्रोवर, विधानसभा संयोजक मान सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधानसभा विक्रेता विभोर प्रताप सिंह, संजय दयाल, विधानसभा सह संयोजक विनायक पाण्डेय, अमिल शामसी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, शादाब आलम महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा और अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# नामांकन पत्र 26 से मिलेंगे, तीन कक्ष बनाए जाएंगे

## लोकसभा चुनाव : सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक दाखिल हो सकेंगे पर्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 4 मई को होगी नामांकन पत्रों की जांच, 6 को वापस ले सकेंगे नाम

**अमृत विचार:** लखनऊ व मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए नामांकन पत्र 26 अप्रैल से कलेक्ट्रेट में मिलेंगे। दोनों संसदीय सीटों और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन को लेकर अलग-अलग कक्ष बनाए जाएंगे।

निर्वाचन की प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने आदेश जारी कर दिए हैं। नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कलेक्ट्रेट के अलग-अलग कक्षों में होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन मई है। चार मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। छह मई को नामांकन वापसी की तिथि है। 20 मई को लखनऊ, मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान होगा। चुनाव के परिणाम चार जून को आएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार, 29 अप्रैल को दो पालियों में केकेसी इंटर कॉलेज में पीठासीन अधिकारियों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर :** कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। नामांकन कक्ष में नामांकन के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। साथ ही कलेक्ट्रेट के आसपास बैरीकेडिंग कराई जाएगी। प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक कलेक्ट्रेट से लगभग सौ मीटर दूर से नामांकन के लिए पैदल ही आना होगा।

### नामांकन के लिए मिलेंगे छह दिन

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों को नामांकन के लिए छह दिन मिलेंगे। नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा। इसके बाद 29 और 30 अप्रैल और एक से तीन मई तक नामांकन होगा।

### राजनाथ 29 व ओपी श्रीवास्तव 26 को करेंगे नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के लिए लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। पूर्वी विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव 26 अप्रैल को पर्चा भरेंगे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को पर्चा भरेंगे। 29 को मंत्री, मेयर, विधायक, वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय पर सुबह 10 बजे एकत्रित होंगे । राजनाथ सिंह पार्टी रथ से समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट जाएंगे। दूसरी ओर पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव नामांकन के लिए 26 अप्रैल को अपराह्न 12 :00 बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय से कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान करेंगे।



राजनाथ सिंह



ओपी श्रीवास्तव



भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

# राष्ट्रीय विचारधारा के कारण जुड़ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण ही लोग जुड़ रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने निषाद समाज के प्रतिनिधियों समेत अन्य को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड से बसपा से पूर्व पार्षद सुनील निषाद, उपविजेता पार्षद अरुण प्रसाद, लालू लाल, मनीष गौतम, सौरभ कुमार, अधिवक्ता, सेवानिवृत्त कर्मचारी आदि शामिल हुए। वहीं सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी पवित्र नारायण दूबे ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency



## शहर में आज

- डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन को लेकर अर्थ पार्लियामेंट एण्ड टॉक शो - 10 :00 बजे।
- पीजीआई में न्यूरोसर्जरी विभाग के स्थापना दिवस पर कार्यशाला का आयोजन - 10 :00 बजे
- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में पद्मश्री विजय शर्मा के चित्रों की प्रदर्शनी रागमाला का उद्घाटन - 4 :00 बजे।
- कांग्रेस कार्यालय में जिला श्रम प्रकोष्ठ की बैठक - 4 :00 बजे
- गोमतीनगर स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महामहोत्सव पर संगोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम - 5 :00 बजे।

# सफाई की बजाय खेल कर रहीं कार्यदायी संस्थाएं

## कम कर्मचारी लगाकर लिया जा रहा पूरा भुगतान, अधिकारियों की भी मिलीभगत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के नगर स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण सड़कों में गंदगी हैं और नालियां बजबजा रही हैं। वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं।

सफाई के लिए आवंटित 100 करोड़ से ज्यादा के बजट का कार्यदायी संस्थाएं गोलमाल कर रही हैं। कार्यदायी संस्थाएं सफाई कार्य में आधे भी कर्मचारी नहीं लगातीं, लेकिन भुगतान पूरा उठा रही हैं। इसके एवज में अधिकारियों को कमीशन दिया जाता है।



▸▸ कर्मचारी कम मिलने पर हटाने के बजाय केवल लगाया जाता है जुर्माना

कार्यदायी संस्थाओं का रसूख ऐसा है कि औचक निरीक्षण में कम कर्मचारी मिलने पर भी हटाने की बजाए केवल जुर्माना ही लगाया जाता है।

**नगर आयुक्त की पहल पर फिरा पानी :** नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं से वसूली की जाती है। काम देने से भुगतान तक के लिए कमीशनखोरी चलती है। नगर निगम के नगर स्वास्थ्य विभाग से वार्डों में सफाई कर्मचारी लगाने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को वर्क आर्डर जारी किया जाता है। इसके लिए अधिकारियों की सिफारिश आती है।

हाजिरी के सत्यापन के लिए जोनल कार्यालय, नगर स्वास्थ्य विभाग से लेकर लेखा विभाग तक कमीशन तय है। स्वास्थ्य विभाग में तैनात एक कर्मचारी कार्यदायी संस्थाओं से वसूली करता है। उस कर्मचारी का करीबी रिश्तेदार महापौर कार्यालय में तैनात है।

> कम कर्मचारी पाए जाने पर कार्यदायी संस्थाओं पर कार्रवाई की जा रही है। सदन से पास निर्णय के अनुसार तीन महीने तक पुरानी व्यवस्था के तहत कार्यदायी संस्थाएं सफाई कर रही हैं। चुनाव बाद पांच जोन में सभी काम रामकी कंपनी करेगी।
>
> -पंकज यादव, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

### 10,400 कर्मचारी फिर भी शहर गंदा

शहर की सफाई के लिए नगर निगम के पास लगभग 2,000 नियमित सफाईकर्मी हैं। इसके अलावा कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से लगभग 8,400 कर्मचारी लगाए गए हैं। इतने सफाईकर्मी होने के बावजूद वार्डों में न ही हफ्तों तक झाड़ू लगाई जाती है और न ही नालियां साफ होती हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारी झाड़ू लगाने के बाद कूड़ा नालियों में और इधर-उधर डाल देते हैं।

### सफाई कर्मी लगाने से लेकर हाजिरी व सत्यापन तक में खेल

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं की जगह सभी आठ जोन में बड़ी कंपनी को सफाई कार्य देने के लिए टेंडर कराया था। इसमें रामकी कंपनी को आठ में से पांच जोन में सड़कों, नालियों की सफाई, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ कूड़ा निस्तारण का काम मिला था। किंतु पार्षदों और कार्यदायी संस्थाओं के दबाव में रामकी कंपनी से केवल घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम ही लिया जा रहा है। कार्यदायी संस्थाएं ही सभी जोन में साफ सफाई के नाम पर खेल कर रही हैं।

## इसी सप्ताह जारी हो सकता है सीबीएसई का परीक्षा परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं का परिणाम तैयार हो गया है। विभाग की वेबसाइट पर परिणाम का नोटिफिकेशन कभी भी जारी हो सकता है। इस संबंध में हुई बैठक में परिणाम जारी करने की रूप रेखा बन चुकी है। कहा जा रहा है कि परिणाम इसी सप्ताह जारी हो सकता है। राजधानी में 39 केन्द्रों पर 38 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 13 मार्च तक और 12वीं की 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि परिणाम के लिए विभाग की वेबसाइट https://www.cbse.gov.in समय समय पर देखते रहें।

# एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से घरेलू उड़ानें शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से नए टर्मिनल टी-3 से घरेलू उड़ानों का संचालन शुरू हो गया है। यात्रियों को नया टर्मिनल खूब पसंद आ रहा है। वे सेल्फी भी ले रहे हैं। साथ ही यात्रियों द्वारा नए टर्मिनल के लुक और सुविधाओं का वीडियो भी बनाया गया। जो सोशल मीडिया पर साझा किया गया।

बता दें कि 29 शहरों की 110 घरेलू उड़ानों को नए टर्मिनल पर शिफ्ट किया गया है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि घरेलू विमानों का संचालन टर्मिनल टू से हो रहा था। जिसे नए टर्मिनल टी-3 पर शिफ्ट कर दिया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया, फ्लाई विग, इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया, विस्तारा और स्टार एयर की घरेलू उड़ानें यात्रियों को सेवाएं दे रही हैं। अकासा एयरलाइंस पहले ही नए टर्मिनल पर अपनी सेवाओं को ला चुकी थी। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन फिलहाल टर्मिनल-1 से ही होगा।



▸▸ यात्रियों को मिला बेहतर अनुभव सेल्फी लेते रहे यात्री

**प्रस्थान और आगमन को लेकर भ्रमित हुए यात्री**

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल पर आगमन और प्रस्थान को लेकर यात्री भ्रमित हुए। यात्रियों को डिपार्चर गेट तक जाने के लिए फ्लाईओवर के माध्यम से पहुंचना होता है, लेकिन रविवार को यात्री आगमन द्वार पर पहुंच गए। यात्रियों को वहां से वापस फ्लाईओवर पर जाना पड़ा। यात्री भ्रमित न हों इसके लिए एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो भी शेयर किया गया है।

### मुख्य सचिव ने नए टर्मिनल का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के नव विकसित टर्मिनल-3 का पहली बार अवलोकन किया। इस टर्मिनल का आंशिक संचालन अभी कुछ दिन पूर्व ही शुरू हुआ है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, यह टर्मिनल अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। नया एकीकृत टर्मिनल-3 लगभग 2,400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह टर्मिनल पहले चरण में 1,17,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। दूसरे चरण के अंत में इसका क्षेत्रफल बढ़कर 1,52,000 वर्गमीटर हो जाएगा।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर के पास कूड़े के ढेर में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड स्थित प्रकाश चंद्र केंद्र के पास ट्रांसफार्मर के आसपास जमा कूड़े में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे आग लग गई। लोगों की सूचना पर उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। मौके पर पंहुची फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। अहिबरनपुर के एसडीओ ने बताया कि ट्रांफार्मर के पास कूड़ा हटवाने के लिए कई बार नगर आयुक्त को लिखा जा चुका है। आग से ट्रांसफार्मर को नुकसान नहीं हुआ है।

### अपना दल के प्रदेश सचिव को गोली मारने की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भूतनाथ मार्केट निवासी संजय सिंह पंगार अपना दल के प्रदेश सचिव और गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं। उन्होंने पंकज उर्फ बिट्टू के खिलाफ अगवा करने और गोली मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि जांच में 10 लाख रुपये के लेनदेन का मामला सामने आया है।

## सिंचाई विभाग ने गोमती बैराज के दोनों गेट बदले

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिंचाई विभाग ने 1090 चौराहे के पास गोमती बैराज के दोनों पुराने गेट निकालकर नए लगा दिये हैं। अब इनकी फिक्सिंग का काम चल रहा है। 25 अप्रैल तक काम पूरा हो जाएगा। सिंचाई विभाग ने काम पूरा करने के लिए 26 अप्रैल तक समय लिया है।

गोमती बैराज में लगे सभी नौ गेट पुराने हो चुके हैं। गेट नंबर एक और नौ से पानी रिस रहा था। इन दोनों गेट को बदलना जरूरी था। सिंचाई विभाग ने दोनों गेट बदलने का काम 9 अप्रैल से शुरू कर दिया था। दोनों पुराने गेट निकालकर नये गेट लगाये गए हैं। इनके इंस्टालेशन का काम चल रहा है। नये गेट लग जाने से गर्मी के समय गोमती नदी में जलस्तर कम होने की समस्या नहीं होगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि दोनों पुराने गेट निकालकर नये गेट इंस्टाल किये जा रहे हैं। 25 अप्रैल तक कार्य पूरा हो जाएगा।

# कई इलाकों में रहा लो वोल्टेज, उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तापमान बढ़ने के साथ बिजली विभाग के 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावों की हवा निकल रही है। रविवार को महानगर के कई इलाकों में दिनभर बिजली की आवाजाही के साथ लो वोल्टज की समस्या रही। सबमर्सिबल और पंप न चलने से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। कूलर, एसी, फ्रिज भी नहीं चलने से लोग गर्मी से बेहाल रहे। अधिकारियों के अनुसार, तेज हवाओं में शार्ट सर्किट की घटनाओं में तेजी आई है। जम्फर और डीओ जाने के कारण लो वोल्टज की समस्या खड़ी हो रही है। शिकायत मिलने के बाद समस्या का निदान तेजी से किया जा रहा है।

करीब 10 हजार की आबादी वाले महानगर के बड़ा चांदगंज, छप्पर तल्ला, भिडियाटोला, सेक्टर ए समेत कई इलाकों में सुबह से बिजली की आवाजाही बनी रही। इस बीच, अचानक लोगों के घरों में लो वोल्टज आने लगा। जिसके बाद पानी के पंप के न चल पाने के कारण लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गई। इस दौरान लोग पानी की समस्या को दूर करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी को ढोने को मजबूर दिखे। सेक्टर ए निवासी मंयक ने बताया कि क्षेत्र में दिनभर बिजली की आवाजाही के बीच लो वोल्टज ने समस्या बढ़ा दी है। गर्मी से बचने के लिए हम लोग न तो कूलर चला पा रहे हैं और न ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। साथ ही टुल्लू पंप न चल पाने के कारण पानी की दिक्कत सबसे ज्यादा है। उपकेंद्र पर शिकायत के बाद भी घंटों समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। भिडियाटोला निवासी अवधेश ने बताया कि सुचारू बिजली सप्लाई के लिए महीनों से अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है फिर आए दिन घंटों बिजली गायब रहती है। लो वोल्टज के कारण पंखे, कूलर सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। ऐसे में बच्चे घर के बाहर निकलने को मजबूर हैं। उपकेंद्र कर्मचारी समस्या को दूर करने में घंटों का समय लगाते हैं।



▸▸ पंप न चलने से पानी के लिए परेशान हुए लोग, कूलर-एसी भी नहीं चल पाए

> डीओ जाने से क्षेत्र में लो वोल्टज की समस्या हो जाती है। साथ ही गर्मी में लोड बढ़ने के कारण सप्लाई के बाधित होने की संभावना बनी रहती है। फिर भी शिकायत मिलने के बाद समस्या के निदान के लिए तेजी से काम करा कर बाधित आपूर्ति को सामान्य करने का पूरा प्रयास किया जाता है।
>
> -आरएस यादव, अवर अभियंता, कपूरथला

# बादलों ने दिलाई राहत, 38 डिग्री रहा तापमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बादल छाने से रविवार को गर्मी से कुछ राहत तापमान घटकर 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के जानकारों का कहना है अभी उमस बढ़ सकती है। इससे गर्मी का सितम सहना पड़ेगा।

बीते कुछ दिनों से लगातार रोमांस भरी गर्मी से हाल बेहाल है। बीते दिनों पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। रविवार को सुबह लोग गर्मी से परेशान रहे। दोपहर के बाद आसमान में छाए बादलों ने कुछ राहत दिलाई। पर 38 डिग्री सेल्सियस पर आकर अटका। मौसम विभाग के पैमाने पर न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि अभी आगे तापमान में और इजाफा हो सकता है।



तापमान में हल्के उतार-चढ़ाव के बावजूद राजधानी में गर्मी का असर कम नहीं हो रहा है। लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। इसी क्रम में शहर में गर्मी से बेहाल बुलबुल प्लास्टिक के पाइप में बची कुछ बूंदों से प्यास बुझाने के साथ पानी की बूंद-बूंद सहेजने का भी संदेश दे रही है। अमृत विचार

# बकाए पर लाइन और ट्रांसफार्मर लगाने के मामले ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टीसी कनेक्शन पर बकाए के बाद लाइन और ट्रांसफॉर्मर लगाने के मामले को अमृत विचार ने 18 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद इस पूरे मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। आनन-फानन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खगौवत ने पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी जल्द ही पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट एमडी को सौंप देगी।

**यह है मामला**

चिनहट के कमता में रहने वाले शक्ति सिंह ने 2019 में टीसी कनेक्शन लिया था। इसके बाद बिजली विभाग की ओर से जारी किये गये बिलों का उन्होंने भुगतान नहीं किया। जो अब बढ़कर 37 लाख रुपये हो गया। इसके बाद विभाग की ओर से राजस्व की वसूली के लिए 27 फरवरी को पत्र संख्या 1744 के जरिए उपभोक्ता को नोटिस जारी किया गया। उपभोक्ता को राजस्व के भुगतान के लिए 23 मार्च की अंतिम तारीख दी गई। इसके बावजूद उपभोक्ता की ओर से बकाये की धनराशि को जमा नहीं किया गया। लाखों के बकाये के बाद भी विभाग ने उपभोक्ता का लोड बढ़ाने के साथ नया कनेक्शन भी जारी कर दिया और उसकी सुविधा के अनुरूप तार मुहैया कर ट्रांसफार्मर भी लगा दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जांच कमेटी इस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर जल्द ही रिपोर्ट मध्यांचल एमडी के सामने रखेगी।

▸▸ एमडी ने लिया संज्ञान, जांच के लिए बनाई कमेटी

> पूरे मामले को लेकर एक्सईन से रिपोर्ट मांगी गई है। प्रकरण में जो भी दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर की जायेगी।
>
> - यदुनाथ राम, अधीक्षण अभियंता, चिनहट

# सड़क पर गलत दिशा में वाहन चलाया तो होगा पंचर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गलत दिशा में वाहन चलाने वाले सावधान हो जाएं। अब रांग साइड वाहन ले जाने पर वाहन पंचर हो जाएग। लोगों के सुझाव पर फिलहाल यातायात पुलिस बदनाम लड्डू मोड़ और बैकुंठधाम के पास टायर क्रशर लगाने जा रही है। इसके बाद अन्य जगह भी ऐसे क्रशर लगाए जाएंगे।

डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि यातायात के सुगम संचालन के लिए लोगों से जाम की समस्या का कारण पूछने के साथ सुझाव भी मांगे गए थे।लोगों ने बताया कि अपोलोमेडिक्स अस्पताल व लोक बन्धु अस्पताल से निकले वाहन बदनाम लड्डू मोड़ होकर बाराबिरवा चौराहा पहुंचे हैं। चौराहे से वाहन गलत दिशा में चलाए जाते हैं। इसी तरह बैकुंठधाम तिराहा होकर गलत दिशा से आने वाले वाहन समतामूलक चौराहा पर आकर यातायात में अवरोध उत्पन्न करते हैं। इस कारण से दुर्घटनाएं होती हैं। गलत दिशा में जाने वाले वाहनों को रोकने के लिए बदनाम लड्डू मोड़ और बैकुंठधाम के पास टायर क्रशर लगाए जा रहे हैं। वाहन पिकेडली से यू-टर्न लेकर बाराबिरवा चौराहा और बैकुण्ठधाम से 1090 चौराहा होते हुए समतामूलक चौराहा जाएंगे।

▸▸ बदनाम लड्डू मोड़, बैकुंठधाम के पास टायर क्रशर लगाएगी यातायात पुलिस

# फ्रैशी कंपनी के कर्मी पर नौ लाख गबन की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा थाना में फ्रैशी कम्पनी के प्रोपराइटर ने कर्मचारी पर नौ लाख रुपये गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हंसखेड़ा निवासी पुष्पेंद्र मणि त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया फ्रैशो सप्लायर में प्रतिदिन माल आता है। इसकी बिक्री से मिलने वाले रुपये अगले दिन खाते में जमा किए जाते हैं। मुन्नूखेड़ा निवासी कर्मी अरुण कुमार प्रजापति रिकार्ड मेंटेन करता था। इसका लाभ उठाते हुये आरोपी ने बिक्री से मिले रुपयों की कम इंट्री खाते में कर नौ लाख रुपये का गबन कर लिया। ऑडिट में इसका खुलासा हुआ। अरुण से पूछताछ की तो टालमटोल करने लगा। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# वेटलैंड के सहारे पर्यावरण संरक्षण की मुहिम

जीशान कदीर, लखनऊ

**पृथ्वी दिवस विशेष**

▸▸ प्रदेश में जलीय, नम और आद्र भूमि को संरक्षित करने का अभियान हुआ शुरू

▸▸ कृषि विभाग के साथ वन विभाग बना सहयोगी, होंगे बड़े बदलाव

**अमृत विचार :** प्रदेश में जलीय, नम और आर्द्र भूमि को संरक्षित करने के लिए अभियान आरंभ हो गया है। इसको लेकर लखनऊ परिक्षेत्र में 1380 स्थान चिन्हित किए गए हैं। जिलावार कमेटियां उपजाऊ भूमि की मापकता तय करने में लगी हैं। शासन ने प्राकृतिक संतुलन को व्यवस्थित करने के लिए ये बड़ा कदम उठाया है।

आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में कुल 2 लाख 45 हजार 88 जल निकाय हैं। इसका 2 लाख 40 हजार 140 परिक्षेत्र ग्रामीण और 4 हजार 948 शहरी क्षेत्र से संबंधित है। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर व राज्य जल नीति के सदस्य डॉ. वेंकटेश दत्ता ने बताया कि चिह्नीकरण का कुल 98 फीसद क्षेत्र सार्वजनिक स्वामित्व में है। ऐसे में ज्यादातर क्षेत्रों का अधिग्रहण हो चुका है। लखनऊ परिक्षेत्र में अतिक्रमित 1380 स्थानों को चिन्हित किया गया है। अतिक्रमण जलीय, नम और आद्र क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। यही स्थिति प्रदेश के अन्य जनपदों की है। हालात ऐसे ही बने रहे तो पर्यावरण के प्राकृतिक चक्र की बिगड़ती स्थिति का परिणाम आमजन को भुगतना पड़ेगा।

> भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने और जल संरक्षण को लेकर प्रदेश की 200 वेटलैंड को चिन्हित किया जा चुका है। इसके इर्द- गिर्द फैले अतिक्रमण को हटाए जाने का कार्य आरंभ हो गया है। इसी के बाद इनके किनारों पर पौधरोपण भी कराया जाना है। जुलाई से शुरू होने वाले पौधरोपण का प्रदेश में 35 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित है।
>
> -सुधीर कुमार शर्मा, मुख्य वन संरक्षक

**जिला स्तरीय वेटलैंड प्राधिकरण बनाए गए :** प्रदेश के सभी जनपदों में कई आर्द्रभूमियां अभी भी संरक्षण से बाहर हैं। ये भूमि अतिक्रमण और शहरी फैलाव के खतरों का सामना कर रही हैं। शासन ने इसको लेकर गत माह पूर्व जिला स्तरीय वेटलैंड प्राधिकरण की स्थापना की है। इसमें जिलाधिकारी को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। ये कमेटी फिलहाल वेटलैंड और उससे जुड़े जलीय स्रोत, उपजाऊ और भूमि की आद्रता को बचाने का कार्य करने में लग गई है।



पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर सेंटर फॉर जेंडर एनवायरमेंट द्वारा कुकरैल वन क्षेत्र में सफाई अभियान के दौरान लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। अमृत विचार

**प्राकृतिक संरक्षण के लिए खंगाले जा रहे रिकार्ड :** प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के उद्देश्य से भूमि रिकार्डों को जिलावार खंगाला जा रहा है। इसमें वेटलैंड की मैपिंग उसके आसपास के उपजाऊ क्षेत्रों का सीमांकन शामिल किया गया है। सभी आर्द्रभूमियों के मानचित्रण तैयार होने से भूमि संरक्षण प्रक्रिया में मजबूती आएगी। ऐसे में सभी का डिजिटल रिकार्ड भी तैयार हो गया है।

### नदियों के बेसिनों के सहारे बचाई जा सकती है उत्पादकता

प्रदेश में 90 फीसद से अधिक जल और आर्द्र नम भूमि के निकाय प्राकृतिक व नदियों द्वारा निर्मित हैं। प्रदेश में छोटी नदियों के सहारे आठ बारह मासी नदी बेसिन हैं। इन प्रमुख नदी बेसिन से 32 प्रमुख नदियां जुड़ी हुई हैं। इसमें गंगा, यमुना, गोमती, घाघरा, शारदा, सरयू, गंडक, केन, बेतवा, रामगंगा, राप्ती, सई, सोन, कुवानो आदि नदियां शामिल हैं। प्राकृतिक नालों की कुल लंबाई 141817 किमी है, इसके इर्द- गिर्द भी उपजाऊ भूमि है।

### 10 किमी के दायरे में 282 आद्रभूमि का हो रहा सत्यापन

प्राकृतिक संतुलन, जलसंरक्षण और भूमि की उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से शासन नदियों के किनारों के दस किमी के दायरे को संरक्षित करने जा रहा है। इसमें कुल जनपदों की 58 हजार ग्राम पंचायत समितियों से भी मदद ली जा रही है। ताकि आर्द्रभूमियों को वायुमंडल में कार्बन को अवशोषित करने और इसे लंबे समय तक इस रूप में बनाए रखने में मदद मिल सके।

## एक नजर

### लविवि के तीन छात्रों का बैंकिंग क्षेत्र में चयन

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की सेंट्रल प्लेसमेंट सेल राहत लेकर आई है। रविवार को प्लेसमेंट सेल के माध्यम से बैंकिंग सेक्टर में तीन छात्रों का चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल प्रभारी ने बताया कि इस सत्र में करीब 100 अधिक छात्रों को नौकरियां मिली हैं।

### जलवायु परिवर्तन को लेकर विधि विवि में होगा कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन को लेकर सोमवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह करेंगे। वहीं उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव आशीष तिवारी रहेंगे।

# साइबर अपराध के तरीकों पर शोध करेगा लविवि

## विधि संकाय के अध्ययन में अर्थव्यवस्था पर बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए विषय पर दिया जाएगा जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ अध्ययन में साइबर थानों की केस डायरी को भी किया जाएगा शामिल

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि संकाय साइबर अपराध से जुड़े कानूनों को विस्तार देने जा रहा है। नए अपडेट का लाभ नए सत्र से जुड़े छात्र उठा सकेंगे। विभाग के प्रवक्ता का मानना है कि बढ़ते साइबर अटैक से अर्थव्यवस्था पर हो रहे खतरे को ध्यान में रखते विषय को विस्तार दिया जाना आवश्यक हो गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय विधि विभाग के प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने बताया कि विवि में साइबर कानून से संबंधित अध्ययन पहले से कराया जा रहा है। अब नए सत्र में इस अध्ययन को विस्तार देने के साथ साइबर अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों को जल्द और सख्त सजा दिलाने के लिए शोध भी किए जाएंगे। साइबर थानों की केस डायरी से साइबर अपराधियों के अत्याधुनिक तरीके से अपराध करने का अध्ययन भी किया जाएगा। इसी के आधार पर उन पर शिकंजा कसने के लिए नए कानून पर शोध होगा। प्रोफेसर बंशीधर ने कहा कि साइबर अपराधी अपराध करने के तरीके बदल रहे हैं। इसलिए जरूरी हो गया है कि अध्ययन कर पुराने कानून को विस्तार दिया जाए। उन्होंने कहा कि विवि में मई माह में परीक्षाएं हो जाएंगी। इसके बाद नए सत्र में नई व्यवस्था में अध्ययन कराया जाएगा।

**इनका लिया जाएगा सहारा:** प्रोफेसर बंशीधर सिंह कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के साइबर थानों की केस डायरियों का सहारा लिया जाएगा। इसमें साइबर अपराध किस तरीके से किए गए और अपराधी ने कौन से नए तरीके इस्तेमाल किए इनका अध्ययन पाठ्यक्रमों के साथ शोध और चर्चा में शामिल किया जाएगा। लखनऊ और आसपास के थानों से जांच को तथ्यपरक जोड़ा जाएगा, फिर व्यवस्थाओं को बिन्दुवार करते हुए चर्चाएं, शोधन और परामर्श साझा होंगे।

**एक्सक्लूसिव**

**इन विषयों को किया जाएगा शामिल**

विधि संकाय के नए अध्ययन में अर्थव्यवस्था से जुड़े साइबर अपराधों, बौद्धिक संपदा अधिकार, मानवाधिकार, पर्यावरण, निजी अंतरराष्ट्रीय कानून और भाषा से संबंधित अपराधों पर को भी शामिल किया गया है।

**प्रशिक्षण मॉड्यूल भी होगा तैयार**

पर्यावरणीय न्यायशास्त्र, जैविक विविधता के खतरे, पारिस्थितिक असंतुलन, विकास की तुलना में सतत विकास और पर्यावरण की सुरक्षा के विशेष संदर्भों पर अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसी के साथ सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण महिला श्रमिकों को मातृत्व लाभ, आरटीआई, जनहित गारंटी, निर्धनों को कानूनी सहायता के लिए लोक अदालतों के कानूनी सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपचार पर प्रशिक्षण मॉड्यूल भी तैयार किया जाएगा।

# लविवि में परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**खबर का असर**

▸▸ कुलपति ने लिया संज्ञान, छात्रों को मिली राहत

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने की तिथि को विस्तार मिला है। अमृत विचार की ओर से प्रकाशित छात्रों से जुड़ी समस्या को कुलपति ने संज्ञान लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया है।

बता दें कि बीते सप्ताह परीक्षा फार्म भरने की तिथि समाप्त हो गई थी। ऐसे में विवि के सात सैकड़ा से अधिक छात्र परीक्षा फार्म देने से वंचित रह गए। छात्रों के भविष्य संकट की खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष निर्देश दिये। ऐसे में स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा छात्रों के लिए नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट परीक्षा फार्म को लेकर तिथि को विस्तार देते हुए 23 अप्रैल की गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा फार्म की तिथि को बढ़ाया गया है। ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरने के साथ ही छात्र लॉगिन के माध्यम से परीक्षा शुल्क भी जमा कर सकते हैं। भरे गये परीक्षाफार्म को सम्बन्धित संकायाध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# हटेंगे लापरवाह जिला समन्वयक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में धीमी प्रगति पर महानिदेशक की चेतावनी

अमृत विचार: गरीब बेटियों को निशुल्क शिक्षा और उनको आवासीय सुविधा प्रदान करने वाले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) के लिए तैनात जिला समन्वयक को धीमी कार्य प्रगति के चलते हटाया जा सकता है। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों की उपस्थिति कम होगी उसके लिए डीसी जिम्मेदार माने जायेंगे। इस संबंध में हाल ही में हुई बैठक के दौरान शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से समन्वयक को चेतावनी भी दी गई है। डीसी के कार्यों की समीक्षा करते हुए महानिदेशक ने बच्चियों के उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षको की उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत नये सत्र 2024-25 के क्रम तैयारियां जारी है। इसके साथ ही इंटरमीडिएट तक संचालित होने वाले कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में भी हॉस्टल व कक्षाओं का उच्चीकरण करने के निर्देश दिय गये हैं।

**सभी जनपदों में आनलाइन मॉनीटरिंग पर जोर:** सभी जनपदों में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आनलाइन मॉनटरिंग करने के निर्देश शिक्षा महानिदेशक की ओर से जारी हुए हैं। इसके क्रम में शैक्षिक सत्र 2023-24 में ही मथुरा जनपद से शुरूआत भी हो चुकी है।

राज्य परियोजना कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि केजीबीवी में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चियों की निशुल्क सुविधा लगातार मिलती रहें इसकी मॉनीटरिंग करना अनिवार्य है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षक समय से बढ़ायें इस पर ध्यान देने लिए डीसी की जिम्मेदारी तय की गई है।

## बाल फिल्मों को 10 लाख का पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊः सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित सात-दिवसीय '13वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के सातवें दिन रविवार को देश-दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में 10 लाख रुपये पुरस्कार से नवाजा गया।

सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों का चयन एक अन्तर्राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा किया गया। जिनमें डा. अहमत बोयासिओग्लू (तुर्की), फिलिप दिवियाक (आस्ट्रिया), कृपाल कालिता (भारत), उत्पल बोरपुजारी (भारत) एवं मालती सहाय (भारत) शामिल रहे।

# मारपीट को लेकर बीबीएयू के छात्रों में आक्रोश

● छात्रों के साथ मारपीट करने वाले सुरक्षाकर्मियों को हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर में धरना देते छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्र आंदोलन पर हैं। इनका कहना है कि जिन सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार किया, उन्हें तत्काल हटाया जाए। अन्यथा की स्थिति में वे लोग अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।

बीबीएयू के छात्रों से बीते दिनों सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की थी। इसी को लेकर परिसर के भीतर आंदोलनरत है। रविवार को छात्रों ने कुलपति को सूचना प्रेषित करते हुए कहा कि जिन सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के साथ मारपीट की है। उन्हें तत्काल विवि परिसर से हटाया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो वे लोग भूख हड़ताल करेंगे। बता दें कि मामला बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जयंती से जुड़ा हुआ है। छात्रों के एक गुट का दावा है कि उनके द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम पर रोक लगा दी गई। ऐसे में जब वे लोग कुलपति से मिलने उनके आवास पर जा रहे थे। तो सुरक्षाकर्मियों द्वारा पीटा गया। अभद्रता भी की गई। इसी को लेकर छात्र आंदोलनरत हैं। रविवार को भी छात्रों द्वारा धरना जारी रखा गया। छात्रों ने सुरक्षाकर्मियों पर केस दर्ज करने की भी मांग की है।

## शिव परिवार की झांकी सजाई

अमृत विचार, लखनऊः शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान जानकीपुरम की ओर से कश्मीर के बालटाल पुलपार में 29 जून से 18वां भंडारा कराया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में महानंदा रिसार्ट नहर रोड जानकीपुरम में एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान और अन्य लोगों ने रूद्राभिषेक और आरती की। भजन संध्या, शिव परिवार की मनोरम झांकी सजाई गई और राधा कृष्ण संग फूलों की होली खेली गई। संगठन के अध्यक्ष अरुणेन्द्र कुमार मौर्या ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से संगठन द्वारा भण्डारे का आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा है। इससे अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं को भोजन व विश्राम की सहूलियत मिलती है।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीराम महोत्सव

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ




राम महोत्सव संबंधी जानकारी देते विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

▸▸ विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद की ओर से श्रीराम एकेडमी गौरभीठ में श्री राम महोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके उपस्थित तमाम पदाधिकारियों ने 500 वर्षों श्री रामलला के विराजमान होने को लेकर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम परिषद के प्रांत मंत्री देवेंद्र ने राम मंदिर निर्माण को राष्ट्र निर्माण की शुरूआत बताई।

उन्होंने कहा देश समाज को हतोत्साहित कर भारतीयों को स्थाई रूप से कमजोर करने के लिए हमारे धार्मिक स्थल नष्ट किए गए परंतु हमारी संस्कृति और ग्रंथो की ताकत है कि हम आज भी उसी प्रखरता से खड़े हैं। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ट प्रचारक गजेंद्र ने राम महोत्सव कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक मुकेश मिश्रा ने कहा कि राम का होना मतलब घर का होना है परिवार का होना है अर्थात संबंधों के निर्वाह का दृढ़ संकल्प है उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से राम के आदर्श बच्चों युवाओं के बीच ले जाने का संकल्प लिया।

# उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट मीटर प्रक्रिया पर उठाये सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पावर कारपोरेशन से जांच कराने की मांग

अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से 19 अप्रैल को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर लगने वाले प्रमुख कंपोनेंट जीटीपी के अनुमोदन के लिए बैठक बुलाई गई। जिसमें कुछ मीटर कंपनियों ने उसी दिन प्रीपेड मीटरों के तैयार होने का ऑफर देते हुए परीक्षण कराने के लिए प्रस्ताव भी पेश कर दिया। इस पर उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट मीटर की चल रही प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पावर कारपोरेशन से जांच कराने की मांग की है। साथ ही उपभोक्ताओं के घरों में चीनी मीटरों को नही लगने देने के लिए चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से जारी लिखित आदेश के बाद आनन-फानन सभी बिजली कंपनियों के जीटीपी से चीनी कंपोनेंट हटाकर संशोधित किये जाने लगे। इसके लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 19 अप्रैल को आठ सदस्यीय जीटीपी कमेटी की बैठक बुलाई गई। जिसमें स्मार्ट मीटर में उपयोग होने वाली सामग्री के वेंडर की जीटीपी अनुमोदन पर विचार विमर्श किया गया।

### जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपेगी लक्ष्य जनकल्याण समिति

अमृत विचार, लखनऊ : लक्ष्य जनकल्याण समिति जानकीपुरम विस्तार में व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण के लिए नगर विकास मंत्री एवं महापौर को ज्ञापन सौंपेगी। इसका निर्णय रविवार को हुई समिति की बैठक में लिया गया। जानकीपुरम विस्तार में सीवर, नाली, मार्ग प्रकाश एवं कूड़े के ढेर लगे होने की समस्या है। बैठक में सेक्टर 6 में लाइब्रेरी बनवाने के लिए 8 वर्षों प्रयास करने वाले समिति के अध्यक्ष एसके बाजपेई का क्षेत्रीय निवासियों ने सम्मान किया। अध्यक्ष ने कहा कि लाइब्रेरी में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बैठक में लक्ष्य जनकल्याण समिति के महामंत्री पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एके वर्मा, प्रचारमंत्री राहुल पालीवाल, कोषाध्यक्ष डीसी गुप्ता, विधि सलाहकार ज्ञानेन्द्र सिंह सिकरवार, मंत्री प्रणव मिश्रा, कमलेश वर्मा, पंडित महेन्द्र मिश्रा, गोपाल श्रीवास्तव, ओपी मिश्रा, अरुण झा उपस्थित रहे।

### पेंटर ने की खुदकुशी

अमृत विचार : पीजीआई थाना अंतर्गत साउथ सिटी निवासी पेंटर रमेश कुमार (45) शनिवार रात शराब पीकर घर लौटा था। पत्नी रीता ने पति को नशे में देख विरोध किया था। जिसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। रविवार सुबह नींद खुलने पर बेटे अमन ने पिता का शव फंदे से लटकते देख शोर मचाया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# मेधावियों ने बढ़ाया मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कृष्णा श्रीवास्तव



शुभम सिंह

अमृत विचार लखनऊः यूपी बोर्ड 12वीं परीक्षा पास करने वाले कृष्णा श्रीवास्तव कम्प्यूटर सांइस से पढ़ाई कर इंजीनियर बनेंगे। कृष्णा ने इंटर की पढ़ाई राजधानी के डीएवी कॉलेज से पूरी की है। उन्होंने अपने कॉलेज 85.2% प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है। कृष्णा को 500 अंको में 426 अंक मिले हैं। कृष्णा ने बताया कि वह स्कूल टाइम के बाद घर भी नियमित दो घंटे पढ़ाई करते थे।

**91 फीसदी अंक के साथ अपने कॉलेज टॉपर बने शुभम**

अमृत विचारः गोमती नगर स्थित प्रकाश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीसीएम ग्रुप के छात्र शुभम सिंह ने 91% अंक हासिल किया है। शुभम सिंह ने बताया कि उन्होंने सेल्फ स्टडी पर फोकस किया था। परीक्षा की तैयारी में मदद सबसे ज्यादा मॉडल टेस्ट पेपर ने की है। शुभम सिंह ने बताया सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की सेवा करना चाहते हैं। शुभम के पिता रामेश्वर एक मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं। माता संतोष कुमारी गृहणी हैं।



मीनू यादव
12वीं -92.2 %



अंकिता शुक्ला
12वीं-89.2%

**बाल निंकुज स्कूल**



अराध्य राज
10वीं-94.50%



छवि
10वीं-91%



माही सिंह
12वीं -93.80 %



अनुभव दुबे
12वीं- 93.40%

## नागेंद्र व वीरेश्वर को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : इस वर्ष का बाबू हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव सम्मान नागेंद्र मोहन व वीरेश्वर नाथ को प्रदान किया गया है। उर्दू अकादमी गोमती नगर में हुए समारोह में में बाबू महेश चंद्र सम्मान उमाशंकर श्रीवास्तव को दिया गया। विशिष्ट कार्य करने वाले युवा अधिवक्ताओं के क्रम में जया श्रीवास्तव, तुषार भूषण व वैभव को बाबू आरपी श्रीवास्तव गिरीश बाबू सम्मान प्रदान किया गया। संरक्षक प्रशांत चंद्रा ने न्यायमूर्ति अनिल कुमार, न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना, का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

# गोमती नदी से निकाला तीन क्विंटल कचरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



गोमती नदी की सफाई करते पर्यावरण सेना के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार : स्वच्छ पर्यावरण सेना ने रविवार को अभियान चलाकर गोमती नदी से तीन क्विंटल कचरा निकाला। संयोजक रंजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग दो घंटे तक चले अभियान में हनुमान सेतु के पास झूले लाल पार्क पर गोमती नदी तट पर सफाई की। संयोजक ने मुख्यमंत्री से गोमती नदी में गिरने वाले गंदे नालों को बंद कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से बाजार में पॉलीथीन खुलेआम बिक रही है, जिससे गोमती नदी पॉलीथिन के कचरे से भर गई है। इसलिए गोमती नदी की सफाई की सख्त आवश्यकता है। अभियान में कमलेश कुमार, सलमान अली, दिनेश दत्त पाण्डेय, नैतिक साहू, महेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र शर्मा, विवेक जोशी, विष्णु तिवारी, राजेश जोशी, संजय वर्मा, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार बाल्मीकि, आनंद वर्मा, ललित सिंह कश्यप, रिंकू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्क्रूटनी के लिए जल्द होंगे आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में जिन परीक्षार्थियों लगता है कि उनके अंक कम आये हैं, उनके पास अब स्क्रुटनी का विकल्प है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। स्क्रुटनी वह सभी छात्र भाग ले सकते हैं जो जो विद्यार्थी एक या दो विषयों में फेल हुए हैं, वे अंकों की जांच, सत्यापन या पुन: गणना का अनुरोध के लिए स्क्रूटनी करवा सकते हैं। परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि इसी सप्ताह में आनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। इच्छुक छात्र आवेदन कर सकते हैं। इकसे लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि स्क्रुटनी शुल्क भी आनलाइन जमा होगा। जल्द ही इसका नोटिफिकेशन बोर्ड की वेबसाइट पर जारी होगा।

# स्वयं के जरिए निशुल्क पढ़ सकते हैं 11वीं व 12वीं के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विद्यया ऽ मृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

▸▸ बच्चों को मानसिक स्तर से प्रभावशाली व सक्रिय बनाने का लक्ष्य

▸▸ एनसीईआरटी की ओर से शुरू हुई पहल

अमृत विचारः कक्षा 11 और 12 के बच्चों के लिए के लिए निशुल्क ऑनलाइन 'स्वयं कोर्स' की शुरूआत हुई है। कोर्स का लाभ सभी बोर्ड के बच्चे ले सकते हैं। इसका उद्देश्य बच्चों का मानसिक स्तर प्रभावशाली व सक्रिय बनाना है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पहल पर शुरू हुए इस कोर्स के लिए 1 सितंबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पूरी व्यवस्था निशुल्क है।

बच्चों को इसका लाभ 22 अप्रैल से मिलना शुरू हो जायेगा जो कि 30 सितंबर आनलाइन उपलब्ध रहेगा। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से जारी निर्देश के क्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षको को कोर्स से अधिक से अधिक बच्चों, शिक्षकों ओर अभिभावकों को जोड़ने व प्रेरित किये जाने के लिए निर्देश दिए गये हैं।

**अभिभावकों को भी मिलेगा समझने का मौकाः** इस कोर्स को समझने के लिए आनलाइन अभिभावक और भी जुड़ सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों के उद्देश्य एवं पढ़ाने का तरीके को भी समझाया जायेगा। ताकि वह बच्चों को इसके बारे में आसानी से समझा सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के हित को देखते हुए एनसीईआरटी की ये सराहनीय पहल है।

**28 भाग के कोर्स में ये विषय हैं शामिलः** छात्रों के लिए ये ऑनलाइन कक्षाओं के कुल 28 भाग होंगे, जिनमें कक्षा 11-12 स्तर के रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, व्यावसायिक अध्ययन, समाज शास्त्र, गणित, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, लेखाकार (एकाउंटेंसी) सहित सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषयों के सभी भागों को कवर किया जाएगा।

**इस तरह से कर सकेंगे नामांकन**

ऑनलाइन कोर्स में कक्षा 11-12 के छात्र छात्राओं को अपने अपने विषयों के सभी पक्षों की तैयारी के नए नए तरीके सीखने को मिलेंगे। इसके लिए https://swayam.gov.in वेबसाइट पर जाना होगा। इसके साथ ही https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.swayam.app पर भी जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से इंटर स्तर के ऑनलाइन कोर्स से जुड़कर जहां एक ओर अधिक से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं लाभान्वित होंगे वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों के लिए उनके द्वारा लिए गए विषयों में आगामी अच्छी संभावनाओं से रूबरू होंगे।

**डॉ. दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी, लखनऊ मण्डल**

सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आर्य वीर पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–256/210 ऐशबाग राम नगर कालोनी लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्षः वीरेन्द्र कुमार मिश्र, 347/48 टिकैतगंज लखनऊ। उपाध्यक्षः रमेश प्रकाश राव, 473/61 क. रूपपुर खदरा सीतापुरु रोड लखनऊ। महासचिवः अजय कुमार मिश्र 63/एम.एमआ.लखनऊ। कोषाध्यक्षः डॉ. विनोद कुमार 538बी./1/247 रूपपुर खदरा लखनऊ। यदि किसी को आर्य वीर पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र सूचना
नं. : 106–सिग–टेन्डर–02–2024–25 शुद्धिपत्र दिनांक 20.04.2024
संदर्भ : निविदा सूचना सं. 106–सिग–टेन्डर–02–2024–25 दिनांक 19.04.2024 के लिए शुद्धिपत्र।
उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है मे एनआईटी को प्रदर्शित की जाने वाली तिथि 19.03.2024 के स्थान पर 19.04.2024 पढ़ी जाय। अन्य शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
1192/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण व जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### महिला को पीटने के बाद की अश्लील हरकत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि रविवार दोपहर वह सब्जी लेने के लिए सरोजनीनगर के अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो से उतरी। तभी शराब के नशे में धुत अमित अवस्थी उससे बेवजह गाली गलौज और लड़ाई झगड़ा करने के साथ अभद्रता करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने पकड़कर अमित की धुनाई कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस ने राहगीरों से लूटपाथ करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, पुलिस ने कुण्डरी स्कावगंज वजीरगंज निवासी विकास दीक्षित और पीजीआई के वृंदावन योजना रायबरेली रोड निवासी पंकज चौरसिया को शहीद पथ पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से चार मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की है।

### झूलेलाल घाट पर हनुमान जयंती कार्यक्रम 23 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन महासभा की ओर से 23 अप्रैल को गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर हनुमान जयंती मनाई जाएगी। शाम 6:30 बजे से हरिद्वार की तर्ज पर महाआरती होगी। चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव पर 124वें सनातन समागम में हनुमान चालीसा यज्ञ होगा। कार्यक्रम में तम्बाकू मुक्त लखनऊ विषय पर स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी। दीपदान संकल्प लिया जाएगा। पंचमुखी हनुमान की झांकी और कथक नृत्य भी होगा। पांच विभूतियों को सनातन शिरोमणि सम्मान दिया जायेगा।

# कैंसर मरीज की मौत पर केजीएमयू में हंगामा

## परिजन ने लगाया समय पर समुचित इलाज न देने का आरोप, पुलिस ने शांत कराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के रैन बसेरे में कैंसर पीड़ित महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज न मिलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने समझाकर परिजन को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि परिजन बिना शिकायत किए शव लेकर चले गए।

सीतापुर निवासी शांति देवी कैंसर पीड़ित थी। उनका इलाज ओपीडी के माध्यम से चला रहा था। परिजन के मुताबिक शनिवार दोपहर बाद हालत गंभीर होने पर मरीज को भर्ती कराने का प्रयास किया गया लेकिन डॉक्टर इमरजेंसी में भर्ती नहीं किया। परिजन मरीज को लेकर ट्रॉमा सेंटर के रैन बसेरे में ठहर गए। रविवार को मरीज की हालत और बिगड़ गई। परिजन भर्ती कराने के लिए ट्रॉमा सेंटर गए। डॉक्टरों ने कैंसर मरीजों को इमरजेंसी में भर्ती का इंतजाम न होने की बात कही। परिजन ने कई बार गंभीर हालत का हवाला दिया, लेकिन डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। परेशान परिजन ने ट्रॉमा सेंटर में हंगामा किया। उनका आरोप था हालत गंभीर होने के बावजूद मरीज को भर्ती नहीं किया गया। समय पर समुचित इलाज न मिलने से मरीज की मौत हुई है।



केजीएमयू में हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

### क्या बोले ट्रामा सेंटर प्रभारी

ट्रॉमा सेंटर प्रभारी प्रो. संदीप तिवारी ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर में मरीज का इलाज नहीं चल रहा था। यहां हंगामा क्यों किया, इसकी जांच कराई जा रही है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि मरीज की रैन बसेरा में हो गई। ओपीडी के माध्यम से मरीज का कैंसर का उपचार चल रहा था। ट्रॉमा सेंटर में न रोगी का पर्चा बना था और न कोई जांच हुई। मरीज की स्थिति गंभीर थी, वह ट्रॉमा के रैन बसेरे में रह रही थी।

# कृषि महाविद्यालय के फॉर्म हाउस में मिला युवक का कंकाल

संवाददाता, बीकेटी/लखनऊ

▸▸ कुछ दूरी पर सड़े-गले कपड़े व चप्पलें मिलीं

**अमृत विचार।** बीकेटी थाना क्षेत्र स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के फार्म हाउस में रविवार को युवक का कंकाल (सिर व हड्डियां) मिला है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ दूरी पर ही पुलिस को सड़े-गले कपड़े व चप्पलें मिलीं हैं।

डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर ने बताया कि रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एयरफोर्स रोड स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के फार्म में मजदूर अरहर की फसल काट रहे थे। मजदूरों की नजर झाड़ियों में पड़े कंकाल (सिर व हड्डियां) पर पड़ी। मजदूरों ने इसकी सूचना महाविद्यालय के समन्वय अधिकारी अजय सिंह को दी। समन्वय अधिकारी ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इस पर स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की। डीसीपी ने कहा कि फार्म हाउस में मिले मानव के अवशेष पुराने हैं। मांस सड़ चुका है। हड्डियों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एडीसीपी नार्थ जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि साक्ष्य जुटाने के लिए आसपास तलाश की गई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुरुष के सड़े गले कपड़े, पैंट और चप्पलें मिली हैं। फॉरेसिंक जांच में यह बात सामने आई है कि कंकाल करीब 30 वर्षीय पुरुष का लग रहा है। मृतक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# फर्जी रसीद से शुल्क हड़पने वाले कर्मचारी पर नहीं हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में फर्जी रसीद के जरिये रूपये हड़पने के मामले में केजीएमयू प्रशासन आरोपित कर्मचारी पर कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती में जुट गया है। आरोप है प्रशासन ने अभी तक मामले की जांच के लिए कमेटी तक गठित नहीं किया है।

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पांचवें तल स्थित क्रिटिकल केयर यूनिट में अलीमुनिशा (44) भर्ती हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट में हर दिन बेड चार्ज का एक हजार रुपए जमा होता है। क्रिटिकल केयर यूनिट कर्मचारियों ने मरीज के तीमारदार को तीन दिन का बेड चार्ज जमा करने को कहा था।

आईटी सेल के कर्मचारी ने बेड चार्ज जमा करने की बजाए दूसरे मरीज रज्जन लाल की कटी रसीद पर नाम व शुल्क दर्ज करके थमा दी। रज्जन लाल की यह रसीद डेंटल ओपीडी में कटी थी। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर विभागीय अफसरों ने मामले की शिकायत केजीएमयू प्रशासन से की है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक, मामले की अभी जांच चल रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# डॉ. प्रवीर राय संयुक्त सचिव चुने गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीर राय को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी सोसायटी के संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया है। जिसका परिणाम हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एंडोकॉन -24 सम्मेलन में घोषित किया गया था। डॉ. राय उन्नत एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं में अग्रणी होने के साथ ही पहले से एशियाई एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड समूह के सदस्य हैं। डॉ. राय ने कहा कि वह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपिस्ट के हित के लिए काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि एंडोस्कोपी कराने वाले मरीजों की देखभाल सर्वोत्तम हो।

# डांटने से बच्चों में उत्पन्न होता है नकारात्मक भाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू के मनोचिकित्सक डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने अमृत विचार से साझा की जानकारी



डॉ आदर्श त्रिपाठी

**अमृत विचार :** माता-पिता को यह समझने की जरूरत है कि बच्चों में अनुशासन लाने के लिए सजा देना ही जरूरी ही नहीं है। सजा से बच्चे अपने व्यवहार में बदलाव नहीं कर पाते। डांट से उत्पन्न दुख और पीड़ा उनके अंदर नकारात्मक भाव पैदा कर देती है। इससे बच्चे का स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, उनके पूरे करियर पर नकारात्मकता का प्रभाव पड़ जाता है। इस बात को लेकर दुनिया भर में रिसर्च भी हो रही है। बच्चों का जीवन बेहतर बनाने के लिए शुरुआत से ही टाइम आउट के सिद्धांत का पालन करना चाहिए।

यह जानकारी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के मनोचिकित्सक प्रोफेसर आदर्श त्रिपाठी ने 'अमृत विचार के साथ साझा की।

डॉ. आदर्श ने कहा कि बच्चा गलती करता है तो अक्सर माता-पिता उसे डांटते हैं। कई बार बच्चों की पिटाई भी करते हैं। माता-पिता को ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों को सजा देकर उसे अनुशासित नहीं कर सकते। सजा देने पर बच्चों के अंदर नकारात्मक विचार आते हैं। उनमें पीड़ा और दुख उत्पन्न होता है। इन कारणों से बच्चा सीखने की बजाय और भटक जाता है। दुखी बच्चे पूरा समय पीड़ा से निपटने में बिता देते हैं।

### क्या है टाइम आउट सिद्धांत

डॉ आदर्श ने बताया कि टाइम आउट सिद्धांत वह नियम है जिससे बच्चा परेशान होने की बजाय अपनी गलतियों को जानता समझता और सीखता है। बच्चा जब भी कोई गलती करें तो उसे ऐसी जगह पर बैठना चाहिए जहां पर मोबाइल, वीडियो गेम, खिलौने आदि ना हों। जगह एकदम शांत होनी चाहिए। बच्चा 4 साल का है तो उसे 4 मिनट, 6 साल का है तो उसे 6 मिनट और 8 साल का है तो उसे 8 मिनट उस स्थान पर बैठने के लिए कहना चाहिए। यानी जिस बच्चे की जितनी उम्र हो उसे उतने मिनट शांत स्थान पर बैठाना चाहिए। बच्चा एकांत जगह पर बैठता है, तो वह इस बात का ध्यान करता है कि वह क्या कर रहा था। उसके अंदर पैदा हुए नकारात्मक विचार समाप्त होते हैं। वह सोच पता है कि उसने क्या गलती की। टाइम आउट का समय समाप्त होने के बाद माता-पिता शांत शब्दों में बच्चों से बात करें और उन्हें बताएं कि उनका कार्य और व्यवहार किस तरह से गलत था। उससे क्या परेशानी हो सकती है। ऐसा करने से निश्चित तौर पर बेहतर परिणाम मिलेंगे। यह नियम अपनाने से बच्चों के जीवन में अच्छे परिणाम मिलते हैं। वह मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं और अपने जीवन में बेहतर कार्य कर पाते हैं।

# महिलाओं व पुलिस को बे-चैन कर रहे बाइक सवार लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक सप्ताह में लूट की छह वारदात अंजाम दे चुके हैं बदमाश

▸▸ सुबह, दोपहर और देर शाम महिलाओं को बना रहे निशाना

**अमृत विचार:** राजधानी में बाइक सवार बदमाशों का गिरोह महिलाओं और पुलिस को 'बे-चैन' किये है। एक सप्ताह में छह गिरोह के सदस्यों ने लूट की छह वारदात अंजाम दी है। रविवार को भी पीजीआई इलाके में बाइक सवार बदमाश प्रतापगढ़ निवासी महिला की चेन लूट कर फरार हो गये।

घटना पीजीआई इलाके में रविवार दोपहर करीब एक बजे की है। प्रतापगढ़ निवासी मोनी सिंह पत्नी अंकित सिंह के एक रिश्तेदार पीजीआई में भर्ती हैं। परिजन संग रिश्तेदार को देख दो अन्य महिलाओं संग ई-रिक्शा से शहीदपथ पर जा रहीं थी। दोपहर करीब एक बजे नवयुग के पास ई-रिक्शा से जैसे ही उतरीं पीछे से सफेद अपाचे बाइक से आये दो बदमाश गले की चेन लूट कर फरार हो गये। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। 14 से 21 अप्रैल के बीच आठ दिन में राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश चेन लूट की छह वारदात अंजाम दे चुके हैं। आलम यह है कि पुलिस एक वारदात का खुलासा कर पाती है, तब तक दूसरे थाना क्षेत्र में दूसरी लूट की घटना हो रही है। जो कि पुलिस के लिये चुनौती बना है।

**जानिये कब कैसे किस महिला से हुई लूट :** 20 अप्रैल को बिजनौर थाना क्षेत्र में सचिवालय में समीक्षा अधिकारी प्रमोद गुप्ता की पत्नी संगीता गुप्ता से मॉर्निंग वाक करते समय लूट, इसी दिन गोमतीनगर विस्तार इलाके में मॉर्निंग वाक पर निकलीं कंचन तिवारी संग लूट। इसी तरह तरह 16 अप्रैल को चिनहट थाना क्षेत्र निवासी अर्चना देवी पत्नी सुनील कुमार दुबे से दोपहर में पैदल लौटते समय सूनसान स्थान पर चेन लूट। 15 अप्रैल को इंदिरानगर में मानस एन्क्लेव निवासी प्रीति चौहान से सुनसान स्थान पर लूट और 14 अप्रैल को चंद्रमा अपार्टमेंट निवासी बबली सिंह पत्नी त्रिलोक सिंह से भूतनाथ मार्केट से ई-रिक्शा पर लौटते समय चेन लूट की वारदात हुई।

> पुराने चेन स्नैचर का वैरिफिकेशन किया जाएगा। इससे स्थिति साफ होगी कि वह जेल के अंदर है या फिर जमानत पर बाहर है, यदि बाहर है तो उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। सुबह और शाम महिला पुलिस कर्मचारियों की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।
>
> -मनीषा सिंह, एडीसीपी मध्य

### सुनसान इलाके में निशाना बना रहे

बाइक सवार बदमाश महिलाओं को निशाना बना रहे हैं, वह भी सुनसान इलाके में...। एक सप्ताह में महिलाओं से चेन लूट की जो घटनाएं हुई हैं, वह सुबह यानी मॉर्निंग वाक, दोपहर में जब तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा होता है। इसके चलते घटना के बाद बदमाश बाइक से फर्राटा भरते हुये आसानी से निकल जाते हैं।

### पैदल जा रहीं महिलाओं से की लूट

इस सप्ताह जो छह घटनाएं हुईं हैं, उनमें से पांच ऐसी महिलाओं से लूट हुई, जो पैदल जा रहीं थी। यह बात भी सामने आई कि बदमाश महिला का पीछा कर लूट करते हैं। ऐसी आशंका भी है कि पहले से ही बदमाश महिला के आने-जाने के समय की रेकी करते हैं। बदमाश आसानी से निकल जाते हैं, ऐसे में पूर्व में ही भागने के रास्ते भी तय कर लेते होंगे।





रिवर बैंक कालोनी के आईएमए भवन से वर्ल्ड हेल्थ डे पर मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार विषय पर निकाली गई वाकथान में शामिल डॉक्टर।

# वॉकथॉन से दिया स्वस्थ रहने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को रिवर बैंक कालोनी स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भवन से शहीद स्मारक तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ ने लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. वीनिता मित्तल ने झंडी दिखा कर वॉकथॉन को रवाना किया। सचिव डॉ. संजय सक्सेना ने बताया कि आईएमए भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वस्थ रहने के सुझाव दिए गए।

# गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

## स्कूली बच्चों ने गुरबाणी और शबद गायन का कार्यक्रम पेश किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** धर्मरक्षक गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह सात बजे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा आर्य नगर से नगर कीर्तन पंच प्यारे और गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में शुरू हुआ। ज्ञानी जगजीत सिंह जाचक ने नगर कीर्तन की शुरुआत की अरदास की।

गुरुद्वारा याहियागंज के अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह और गुरुद्वारा आर्य नगर के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने नगर कीर्तन शुरू किया। नगर कीर्तन की शोभा को बढ़ाते हुए खालसा इंटर कालेज, नाका हिंडोला, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कालेज, चारबाग और गुरु नानक गर्ल्स इंटर कालेज, चंदर नगर आलमबाग के बच्चों ने गुरबाणी और शबद गायन का कार्यक्रम पेश किया। इसके अलावा सुखमणि साहिब सेवा समिति, माता गुजरी सत्संग सभा नाका हिंडोला, यूथ खालसा संगठन चंदर नगर और लखनऊ की सभी सिंह सभाओं ने नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

डॉ. गुरमीत सिंह ने सभी को सिरोपा देकर सम्मानित किया। परमजीत सिंह पम्मी, गुलशन जोहर, डॉ. अमरजोत सिंह, अमनप्रीत सिंह सन्नी, जसप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह हनी, मनमोहन सिंह हैप्पी और सतनाम सिंह सेठी इस नगर कीर्तन में विशेष रूप से शामिल हुए।



आर्या नगर से गुरु तेग बहादुर के प्रकाश उत्सव पर निकली शोभा यात्रा में शामिल पंच प्यारे। अमृत विचार

# खालसा साजना दिवस के दो दिवसीय दीवान का समापन, कीर्तन से संगत निहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा सदर में खालसा साजना दिवस के दो दिवसीय दीवान का रविवार को समापन हो गया।

गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष सरदार तेजपाल सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को दस्तारबंदी का मुक़ाबला कराया गया था। निवर्तमान अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि रविवार को दीवान की शुरुआत अविन्दर सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा ने आसा दि वार कीर्तन से की।

मेहताब सिंह, जबदरतोड़ सिंह और ज्ञानी मान सिंह की मौजूदगी में गुरमत विचारों व कीर्तन से गुरुघर आई संगत निहाल हो गई। सामाजिक सेवा के तहत यहां डॉ. शिवम मेहरा ने अपोलो अस्पताल, गुरु हर राय डायग्नास्टिक सेन्टर और बोन डेंसिटी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

सरदार तेजपाल सिंह और हरपाल सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वालों को अमृतसर से विशेष रूप से आये ज्ञानी मान सिंह ने सम्मानित किया।

### गुरमत कीर्तन में प्रभगुन कौर, दस्तारबंदी में हरजोत सिंह प्रथम

गुरमत कीर्तन मुकाबले में प्रभगुन कौर (प्रथम), जसप्रीत कौर (द्वितीय) और तनप्रीत कौर को तृतीय स्थान मिला। जूनियर डिवीजन में रूही कौर को प्रथम, गुनवीर कौर को द्वितीय और जसमीत कौर को तृतीय स्थान मिला। सिख प्रश्नोतरी मुक़ाबला में हरजोत सिंह को प्रथम, राधिका सिंह को द्वितीय और परनीत कौर को तृतीय स्थान मिला। इसके जूनियर डिवीजन में गुरनाम कौर को प्रथम, रणदीप कौर को द्वितीय और हरिंदर कौर को तृतीय स्थान मिला। दस्तारबंदी मुकाबले में हरजोत सिंह को प्रथम, जगनूर सिंह को द्वितीय और मनरूप सिंह को तृतीय स्थान मिला। दुमला मुक़ाबले में गुरप्रीत कौर को प्रथम, हरशीन कौर को द्वितीय स्थान मिला। जूनियर डिवीजन में जसमीत कौर को प्रथम और गुनवीर कौर को द्वितीय स्थान मिला।

# नर्सिंग अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में नवनियुक्त नर्सिंग अफसरों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने फ्लोरेंस नाईटिंगल द्वारा नर्सिंग क्षेत्र में दिए गए योगदान के बारे जानकारी दी और उनके आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि नर्सिंग अफसरों को मरीजों के सद्भाव की भावना से सेवा करनी चाहिए। विषम परिस्थिति आने पर चिकित्सक को तत्काल सूचित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी समय में नर्सिंग ऑफिसरों का आवधिक मूल्यांकन भी किया जाएगा। प्रशिक्षण में 300 नर्सिंग अफसरों ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक कीर्ति पाण्डेय द्वारा मयस्टॉफ संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। इस दौरान थाना मदेयगंज अन्तर्गत डालीगंज क्रॉसिंग के पास से एक अभियुक्त सुनील कुमार को देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके से विण्डीज ब्राण्ड की 24 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुई जबकि उसके पास शराब बेचने का लाइसेंस नहीं था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मदेयगंज में आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग की जा रही है अवैध शराब की बिक्री न हो इसके लिए आगे भी प्रवर्तन कार्य जारी रहेगा।

### दो मकानों से नकदी और ज्वैलरी चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हसनगंज और गाजीपुर थाना अंतर्गत चोरों ने दो मकानों की रेकी कर लाखों की ज्वैलरी और नकदी पार कर दी। हसनगंज थाना अंतर्गत निरालानगर निवासी कृष्ण कुमार सिंह सपरिवार गोमतीनगर के विकल्पखंड-दो में नए मकान में रहते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 14 अप्रैल की रात चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़ तकरीबन साढ़े तीन लाख की ज्वैलरी और सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए हैं। घटना के छह दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं गाजीपुर के सेक्टर-11 शंकरपुरी इंदिरानगर निवासी मोहम्मद सिकंदर ने कोर्ट के आदेश पर परिचित सादिका बेगम, हिना खातून और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# चार घंटे तक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 37 हजार ठगे

## मनी लॉड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर मामला सुलझाने के नाम पर जालसाजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मनी लॉड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर लेखिका को साइबर ठगों ने चार घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का फर्जी आईपीएस अधिकारी बताकर वीडियो कॉलिंग के जरिये पूछताछ की। इस दौरान मामला सुलटाने के लिए 37 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिये। कॉल डिस्कनेक्ट होने पर लेखिका को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने मड़ियांव थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

फैजुल्लागंज की लेखिका कीर्ति मिश्रा गजलें, कविताएं और कहानियां लिखकर अपना खर्च चलाती हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे उन्हें अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच में तैनात आईपीएस अधिकारी बताया और उन पर मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज होने की बात कही। लेखिका ने आनाकानी की तो जालसाज ने वीडियो कॉल कर चार घंटे तक धमकाया। इस दौरान उसने लेखिका को न तो कॉल डिस्कनेक्ट करने दिया और न ही किसी अन्य से बात या संपर्क करने दिया।

दिमागी तौर पर हावी होने के बाद साइबर ठग ने केस से बचने के लिए 37 हजार रुपये की मांग की। लेखिका ने उसके खाते में रुपये ट्रांसफर किए तो वीडियो कॉल कट गई। कुछ देर बाद कीर्ति को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर मड़ियांव के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### ई-कामर्स वेबसाइट पर खरीदारी में गंवाए 93 हजार रुपये

ई-कामर्स वेबसाइट पर खरीदारी में उलझाकर साइबर ठगों ने सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एलडीए कॉलोनी टिकैतराय तालाब की रेनू बाला श्रीवास्तव के खाते से 93,657 रुपये निकाल लिये। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

### पांच लोगों से हड़पे 30.60 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में जालसाजों ने पांच लोगों को कई तरह का प्रलोभन देकर उसने 30.60 लाख रुपये ठग लिए है। ठगे जाने पर पीड़ितों ने गोमतीनगर, पारा, गोमतीनगर विस्तार, कैंट और गाजीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गोमतीनगर प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, विराम खंड निवासी बिपेंद्र दुबे ने नौकरी के लिए ऑनलाइन दो कंपनियों में रजिस्ट्रेशन कराया था। इस बीच कॅरियर मॉन्स्टर्स कंसिस्टेंसी से उनके पास कॉल आई। उन्हें आश्वस्त किया गया कि लैंडमार्क कंपनी दुबई में उनकी नौकरी लग गई है। इसके बदले जालसाजों ने उनसे 10.85 लाख रुपये हड़प लिए। वहीं पारा के न्यू कांशीराम कालोनी हंसखेड़ा निवासी फ्रैशी स्पलाइयर के मालिक पुष्पेंद्र मणि त्रिपाठी के उनके अकाउंटेंट मुन्नू खेड़ा के अरुण कुमार प्रजापति 9.28 लाख ठग लिए। उधर, बाराबंकी के तिंदोला थाना देवा निवासी आलोक कुमार द्विवेदी ने गोमती नगर विस्तार के सरस्वती अपार्टमेंट में रहने वाले विनय द्विवेदी ने आर्थिक मदद के नाम पर 8.60 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा कैंट के निलमथा की प्रियंका सिंह के दो बैंक खातों से चार बार में 1.04 लाख रुपये निकल गए। वहीं, गाजीपुर निवासी साजू खान से ठगों ने 75 हजार की जालसाजी कर ली। पुलिस का कहना है कि इन सभी मामलों की जांच की जा रही है।

### युवती से गाली-गलौज और अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** कृष्णा नगर इलाके के अलीनगर सुनहरा स्थित दयालपुरी कॉलोनी निवासी लक्ष्मी यादव ने अमेठी निवासी लूलु माल के कर्मी अमित अवस्थी पर मारपीट व अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया रविवार को नानी के साथ ऑटो से गांव से आ रही थी। रास्ते में सब्जी लेने अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास उतरी। इसी दौरान शराब के नशे में धुत अमित गाली गलौज कर अभद्रता करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने पकड़कर अमित की धुनाई कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# जमीन के कारोबार में फंसी सारी पूंजी, परेशान होकर फंदे से झूला

## सरोजनी नगर में प्रॉपर्टी डीलर ने सुसाइड नोट लिखकर की खुदकुशी, परिजन को बताया अच्छा

लखनऊ/सरोजनीनगर



प्रापर्टी डीलर नरेंद्र रावत (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** जमीन के कारोबार में अपनी सारी पूंजी फंसा दी। लेनदार तकादा करने लगे तो परेशान होकर प्रापर्टी डीलर नरेंद्र रावत (35) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।इससे पहले उसने सुसाइड नोट लिखा जिसमें उसने अपने परिजनों और ससुर को अच्छा बताते हुए अपनी स्थिति का जिम्मेदार खुद को करार दिया।

सरोजनीनगर थाना अंतर्गत अमौसी स्थित हिंदू खेड़ा में प्रॉपर्टी डीलर नरेंद्र रावत का शव रविवार सुबह उसके ही घर में फंदे से लटका मिला। उसकी पत्नी कंचन और बेटा हर्षित शनिवार को एक शादी समारोह में शमिल होने के लिए रिश्तेदारी में गई थी। रविवार सुबह करीब नौ बजे मां कमला देवी बेटे से मिलने उसके घर पहुंची। इसी बीच नरेंद्र घर के बेसमेंट में किसी में चला गया। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तब कमला देवी बेटे को खोजते हुए बेसमेंट में गई। जहां बेसमेंट में बने कमरे के भीतर बेटे नरेंद्र को फंदे से लटकता देख उनके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों ने प्रापॅटी डीलर को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला। इसमें नरेंद्र ने सुसाइड नोट मेंपने मां-बाप और पत्नी के अलावा ससुर को अच्छा बताया है। उसने लिखा, 'उनका कोई दोष नहीं। मैं अपने क्रियाकलापों से हार गया, मुझे माफ करना, मैं समझ नहीं पाया कि कितना फंसता चला गया हूं। जमीनों में मेरा सारा पैसा फंस गया है। उधारी देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं है।'

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शादी में गया था परिवार, सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ने की आत्महत्या

मूलरूप से हरदोई जनपद के कासिमपुर निवासी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी अनिल कुमार वर्मा पत्नी विनीता और दो बच्चों के साथ तेलीबाग के गांधीनगर कॉलोनी में रहते थे। शनिवार को बच्चों के साथ पत्नी हरदोई में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी। अनिल घर पर ही थे। देर रात फोन करने पर जब अनिल का फोन नहीं उठा तो विनीता ने मकान मकान से संपर्क किय। मकान मालिक जब उसके कमरे में पहुंचा तो वहां अनिल का शव फंदे से लटका हुआ था।

### शादी का झांसा देकर आठ वर्षों तक किया शोषण

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** कोर्ट के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर आठ वर्ष युवती का शोषण करने वाले आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने कोर्ट में गुहार लगाई थी सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली 32 वर्षीया युवती ने बताया करीब आठ वर्ष पहले उसकी मुलाकात कृष्णानगर के सेक्टर डी निवासी विकास पांडेय से हुई थी। विकास ने शादी का प्रस्ताव रखकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब युवती ने शादी से पहले उसकी बात मानने से इनकार कर दिया तो आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर दो बार दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। 19 मार्च 2024 को युवती को पता चला कि विकास दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है तो उसने विरोध किया इस पर आरोपी ने गला दबाकर जान से मारने करने का प्रयास किया। आरोपी ने युवती व उसके परिवार वालों को भी जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो उसे कोर्ट में गुहार लगानी पड़ी। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर ने कहा जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क की सर्विस लेन पर गंभीर हालत में मिला छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अस्पताल में भर्ती छात्र आमिर

**अमृत विचार :** गुडम्बा थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज की सर्विस लेन पर मरणासन्न हालत में छात्र पड़ा मिला था।आनन-परिजनों ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। छात्र के भाई हमले की आशंका जताते हुए गुडम्बा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, गुडम्बा आदिलनगर कुर्सी रोड निवासी सलमान कुरैशी ने अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि भाई आमिर मोबाइल रिपोयरिंग के साथ बीए की पढ़ाई करता है। शुक्रवार रात लगभग 2 बजे परिचित के माध्यम से उन्हें सूचना मिली की टेढ़ी पुलिया चौराहे पर इंजीनियरिंग कॉलेज की सर्विस लेन पर पड़ा है। जब वह मौके पर पहुंचे तब भाई खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। आनन-फानन वह भाई को नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में सेंटर भर्ती कराया है। पीड़ित ने भाई पर हमला किए जाने की आशंका जताते हुए गुडम्बा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



**बुरा हाल :** चौक स्थित फूल मंडी के पास प्लास्टिक व पन्नियों से भरा नाला। अमृत विचार

## बहू पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गुडम्बा थाना क्षेत्र का निवासी है मृतक, रास्ते में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मौत

**अमृत विचार :** गुडम्बा इलाके में 90 वर्षीय ससुर की मौत के मामले में बहू के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। छोटे बेटे ने प्रताड़ना से हालत बिगड़ने के बाद मौत होने का आरोप लगाया है।

थाना अंतर्गत कुर्सी रोड भाखामऊ निवासी रामसजीवन (90) के बड़े बेटे अनिल रावत की कई वर्ष पहले मौत हो गई थी। परिवार में बड़े बेटे की पत्नी सोनी रावत और छोटा बेटा सुनील है। पति की मौत के बाद सोनी ससुराल में ही रहती है। छोटे बेटे सुनील का आरोप है कि भाई की मौत के बाद सोनी बुजुर्ग पिता को तमाम तरह से प्रताड़ित करती थी। इससे वह मानसिक परेशान रहते थे। रविवार को पिता सोनी को समझा रहे थे। इसी दौरान तबीयत खराब हो गई। उन्हें निजी अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टर ने रामसजीवन को मृत घोषित कर दिया। सुनील ने सोनी पर पिता को आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगा तहरीर दी। इंस्पेक्टर गुडम्बा नीतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया सोनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## वकील पर मकान कब्जाने का आरोप, दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ धमकी देकर महिला से की अभद्रता, मानकनगर क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** मानकनगर थाना अंतर्गत खुद को अधिवक्ता बता दबंगों ने महिला के मकान पर कब्जा कर लिया। विरोध करने पर उससे अभद्रता की गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कृष्णानगर सेक्टर डी एलडीए कॉलोनी निवासी मंजू दुनेजा के पति व ससुर ने मानकनगर स्टेशन के पास समर विहार कॉलोनी में एक मकान खरीदा था। उन्होंने मकान अपने रिश्तेदार विमल दुनेजा को किराये पर दे रखा था। इस बीच पीड़िता के पति व ससुर की मौत हो गई थी। इस बात का फायदा उठाकर उन्हें बिना जानकारी दिए विमल ने मकान में संजय माहेश्वरी व उज्जल बनर्जी को रख लिया। मंजू का आरोप है कि जब उन्होंने मकान खाली करने को कहा तो संजय व उज्ज्वल ने उन्हें कई बार धमकी दी कि उनके कई रिश्तेदार बार एसोसिएशन के नेता व पदाधिकारी हैं। इसलिए हम मकान नहीं छोड़ेंगे। वर्ष 2023 में दोनों आरोपियों ने अधिवक्ता अनूप तिवारी व संगीत शुक्ला के नाम से मकान में बोर्ड भी लगवा दिया, जिसे शिकायत करने पर हटा दिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि बीते 23 जनवरी को कैसरबाग में आरोपियों ने उन्हें रोककर मकान न खाली करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़, विरोध पर धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गोमतीनगर थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** गोमतीनगर इलाके में छत पर सो रही नाबालिग ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित भाई ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने बताया 14 वर्षीय बहन गांव से लखनऊ आई थी। शनिवार को वह बड़ी बहन संग छत पर सोई थी। रात करीब 3 बजे अभिनाश नामक युवक छत पर चढ़ कर छोटी बहन से छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध करते हुये शोर मचाने का प्रयास किया तो धारदार हथियार से हमला कर दिया। चीख सुनकर जगी बड़ी बहन ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो लातघूसों से उसे भी पीट आरोपी जान माल की धमकी देते हुये फरार हो गया। हमल में दोनों बहनें जख्मी हो गईं। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पुराने विवाद को लेकर दंपति को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दंपति ने गुडम्बा थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** गुडम्बा थाना अंतर्गत भुलभुलपुर गांव में पुराने विवाद को लेकर पड़ोसियों ने दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर हमलावर दंपति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगे। दंपति ने हमलावरों के खिलाफ सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

गुडम्बा थाना अंतर्गत भुलभुलपुर निवासी लाल बहादुर पत्नी विनीता के साथ रहते हैं। उनका आरोप है कि लम्बे समय से पड़ोसियों से उनका विवाद चल रहा है। गत 15 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे पड़ोसी रामराज, वक्षराज, आकाश, प्रफुल, गौरव, जानकी और मालती उनसे झगड़ा करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसियों ने पीड़ित व उनकी पत्नी को जमीन पर गिराकर बुरी तरह से पीटा। इसके बाद पड़ोसियों ने दंपति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीड़ित ने बताया कि इस मारपीट में उनकी पत्नी के हाथ व पैर में चोट आई थी। प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिता-पुत्र पर ईंट से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थाना अंतर्गत इंदिरानगर में पड़ोसियों ने पिता-पुत्र पर ईंट से हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, सेक्टर-14 इंदिरानगर निवासी आरती ने पड़ोसी अवधेश यादव, पंकज यादव और पूजा यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पड़ोसी अवधेश यादव ने रैम्प पर गाड़ी चढ़ा दी। ससुर केएन मिश्र ने बालकनी से खड़े होकर पड़ोसियों को समझाने का प्रयास किया तो पड़ोसी ने अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर उन पर ईंट से हमला कर दिया।

### डाले से टकराई बाइक भाई-बहन घायल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाना क्षेत्र में नशे में धुत तेज रफ्तार बाइक चालक आगे चल रहे डाला से टकरा गया। हादसे में बाइक चालक, बहन व भतीजी घायल हो गए। माल सीएचसी में हालत गंभीर होने पर भाई-बहन को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हादसा रविवार शाम करीब 7 बजे का है। हरदोई के अतरौली थाना अंतर्गत बस्तापुर निवासी रणवीर (26) छोटी बहन सोनम (14) व भतीजी नैना (12) संग लखनऊ से बाइक पर घर लौट रहे थे। माल भरावन रोड पर घटघटा बाबा तीर्थ स्थल के पास तेज रफ्तार बाइक आगे चल रहे डाला से टकरा गई। हादसे में तीनों बाइक सवार गम्भीर घायल हो गये। पुलिस ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से रणवीर व सोनम को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## नाबालिग छात्रा को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ विभूतिखंड पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** विभूतिखंड थाना अंतर्गत घर से नाराज होकर निकली छात्रा को चाय विक्रेता ने कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इस बीच आरोपी ने छात्रा की आपत्तिजनक तस्वीरें तैयार कर ली। आरोपी के चंगुल से बचकर निकली छात्रा ने परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके आधार पर छात्रा की मां ने आरोपी के खिलाफ विभूतिखंड थाने में तहरीर देते हुए एफआईआर दर्ज कराई। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली किशोरी (15) 11वीं में पढ़ती है। लिखित शिकायत में छात्रा की मां ने बताया कि गत 17 अप्रैल को बेटी को पढ़ाई के लिए डांट दिया था। इसके बाद बेटी नाराज होकर घर से निकल गई थी। खोजबीन कर रहे परिजनों को वह रात 12 बजे के करीब अमेठी चौराहे के पास बदहवाश हालत में मिली। पूछताछ के दौरान उसने परिजनों को बताया कि वह अपने दोस्त के पास रुकी थी। इसके बाद परिजन उसे घर लेकर चले गए। घर जाने के बाद छात्रा गुमसुम रहने लगी। मां ने जब बेटी से बातचीत की, तो उसने रोते हुए मां से बताया कि घर निकलने के बाद वह कुछ दूर पहुंची, तो वन विभाग कालोनी के पास चाय का ठेला लगाने वाले दीपक ने उसे जबरन अपने कमरे में बंद कर दिया और कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बनाया। पुलिस या परिवार से शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## आग में जली किसान की मेहनत, डेढ़ बीघा फसल राख

▶▶ शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी खेत में गिरी, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण किया

संवाददाता सरोजनीनगर



बिजनौर इलाके में विद्युत तार से निकली चिंगारी से जली गेहूं की फसल।

**अमृत विचार :** बिजनौर इलाके में रविवार को विद्युत तारों से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जानकारी मिलते ही आनन-फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस घटना में दो किसानों की करीब डेढ़ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

बिजनौर के अनूप खेड़ा निवासी किसान श्रीभगवान के बेटे राजवीर यादव के मुताबिक उसके खेतों से एलटी विद्युत लाइन गुजरी है। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे तेज हवा से उक्त विद्युत लाइन के तार आपस में टकरा गए और उनसे निकली चिंगारी खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गिर गई। कुछ देर में ही तेज धुआं के साथ आग की लपटें उठने लगी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझानी शुरू कर दी। लेकिन आग बुझने के बजाय बढ़ती चली गई और उसने बगल में राजकुमार के खेत को भी अपनी चपेट में ले लिया। बाद में घटना की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। हालाकि इस घटना में श्रीभगवान के खेत में खड़ी करीब एक बीघा गेहूं की फसल और राजकुमार के खेत में खड़ी लगभग 9 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी।

### आग से प्लाट के बगल में खड़ी कार जली

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एच एलडीए द्वारा निर्मित अन्नपूर्णा काम्प्लेक्स के पीछे आवासीय कॉलोनी में रविवार को खाली प्लाट की झाड़ियों में आग लग गई। आसपास के लोगों ने प्लाट से धुंआ उठता देख पुलिस व दमकल को सूचना दी। जब तक दकमल कर्मी पहुंच कर आग पर काबू पाते प्लाट की बगल में खड़ी कार आग की चपेट में आकर जल गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी खर्च कर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक खाली प्लाट कानपुर निवासी ओमशंकर मिश्रा का है। जो वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं।

## 13 बदमाश जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर की जा रही कार्रवाई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने मातहतों को निर्देशित किया है। थाना प्रभारियों ने 13 अपराधियों को चिन्हित कर गुंडा एक्ट लगा जिला बदर की कार्रवाई की है। वहीं आपराधिक इतिहास मिलने पर 4 शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

जिन अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है, उनमें पारा इलाके के पुनीत कुमार उर्फ पुतान यादव निवासी बीबी खेड़ा शामिल हैं। इसके अलावा काकोरी के चकपरेवा निवासी दीपक, महिगवां के अतरीरा निवासी कन्हैया उर्फ कल्लू व उमरिया निवासी गुफरान उर्फ छोटू, नदीम, रूबियान, रौनक शामिल हैं। इसी तरह आशीष उर्फ छोटू निवासी, जानकीपुरम विस्तार, अभिनव शुक्ला, असलम निवासी मिश्रपुर डिपो थाना गुडम्बा, सौरभ सिंह निवासी अमौसी, कल्लू सिंह उर्फ चन्द्रभान निवासी गंगानगर और नौमीलाल निवासी हरिहरपुर थाना सुशान्त गोल्फ शामिल हैं।

वहीं गोमतीनगर के विनीत खंड निवासी मोजकी सिद्दीकी, संजय सिंह राठौर निवासी विनयखण्ड बाना और प्रियकांत सिंह निवासी विशालखण्ड, थाना गोमतीनगर का अपराधिक इतिहास मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने थाना प्रभारियों ने पुलिस आयुक्त से संस्तुति की है।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवक का छीना मोबाइल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका हिंडोला थाना अंतर्गत चारबाग रेलवे स्टेशन से भाई को छोड़कर लौट रहे युवक का बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। नाका के दुगावां चौकी क्षेत्र निवासी राहुल यादव महिन्द्र वर्कशॉप में वाशिंग सुपरवाइजर है। पीड़ित ने बताया कि 29 मार्च को वह अपने भाई मोहित यादव को चारबाग रेलवे स्टेशान छोड़कर घर वापस जा रहा था रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से भाग निकले। राहुल ने इसकी शिकायत यूपी कॉप ऐप पर दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर नाका का कहना है कि अप्लीकेशन मार्क होने के बाद थाने पर पहुंची तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# व्यापारियों को मिला भामाशाह सम्मान

## यहियागंज व्यापार मंडल ने मनाया होली और ईद मिलन समारोह, पुरस्कृत किए गए प्रतिभागी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यहियागंज व्यापार मंडल का होली एवं ईद मिलन समारोह ऐशबाग रामलीला मैदान पर आयोजित किया गया। व्यापारी नेताओं को भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि यहियागंज बाजार के इतिहास की जानकारी दी। कहा कि यह बाजार प्रदेश की सबसे बड़ी और पुरानी है। यहां पर सभी धर्मों के व्यापारी न केवल कारोबार करते हैं बल्कि त्योहारों और पर्वों को भी साथ मिलकर मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाईयां दी।

**अतिथियों का सम्मान :** लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, पवन मनोचा, विनोद अग्रवाल, अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री अरविन्द पाठक, सुमित गुप्ता, महामंत्री प्रियांक गुप्ता, मनीष अरोड़ा को युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, सनी लालवानी, विशाल गुप्ता जितेन्द्र सुमानी, सेहरान अब्बास ने सम्मानित किया। अंग वस्त्र, माला पहना स्मृति चिह्न भेंट किया। वहीं प्रत्येक वर्ष की तरह ही प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभाग करने वालों लकी ड्रा के माध्यम से प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता घोषित किया गया। इस दौरान चेयरमैन हरीश चन्द्र अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, प्रशांत गर्ग, नरेश कुमार, संजय अग्रवाल, कुश मिश्र, समीर जैन, सतीश मिश्रा, धीरेन्द्र अवस्थी, राजेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, हाजी सईद अहमद, रविकान्त श्रीवास्तव, नवीन मल्होत्रा, देवेन्द्र गुप्ता ओमप्रकाश ठाकुर सुशील जायसवाल, रतन चौरसिया, हर्षित जायसवाल, सूरज सोनी, रिजवान, सनी लालवानी, मनू अग्रवाल, वैभव जैन, दीपक गुप्ता, शिवम गुप्ता, श्रेयांश जैन, संजीव जायसवाल, रामगनेश शुक्ल, अनुराग पाण्डेय, प्रणय गुप्ता, आदि कारोबारी मौजूद रहे।




ऐशबाग रामलीला मैदान में राजधानी के प्राचीन बाजार यहियागंज के व्यापारी होली और ईद मिलन समारोह मनाते। अमृत विचार

### 20 मई को मतदान के लिए दिलाई व्यापारियों को शपथ

इस दौरान सभी व्यापारियों को 20 मई को होने वाले चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी करते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर आम जनमानस के लिए प्याऊ लगवाने की अपील की गई।

### इनको किया गया सम्मानित

यहियागंज बाजार को दिशा दिखाने वाले सन्तोष जैन, कैलास चन्द्र जैन, वीर कुमार जैन, विशम्भर पाण्डेय, राजकिशोर रस्तोगी, रमेश चन्द्र वर्मा, मोहम्मद अकील, सईद अहमद खान, मंजू गोयल, हरिनरायन गुप्ता, सगीर अहमद, वीरेन्द्र कुमार जायसवाल, श्याम सुन्दर गुप्ता, ताराचन्द्र अग्रवाल, ललित मोहन गुलाटी (चन्नी भईया), मोहनलाल पटवा, चन्द्रप्रकाश जायसवाल, अशोक कुमार गुप्ता, गयादत्त पाण्डेय, सीताराम अग्रवाल को भामाशाह सम्मान से विभूषित किया गया।



पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन के अधिवेशन में साथ आए व्यापारी नेता को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन को मिला व्यापारियों का साथ

- कहा, हर समस्या में देंगे साथ प्रथम वार्षिक अधिवेशन में जुटे बड़ी संख्या में आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन का प्रथम वार्षिक अधिवेशन ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सिंह गौर और लखनऊ नगर के महामंत्री आशीष गुप्ता शामिल हुए।

अधिवेशन में पैकर्स एंड मूवर्स क्षेत्र के व्यवसाईयों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अधिवेशन को संबोधित करते हुए व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने पैकर्स एंड मूवर्स क्षेत्र के व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। अकुशल क्षेत्र के युवाओं को सबसे अधिक रोजगार देने का माध्यम पैकर्स एंड मूवर्स क्षेत्र है। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन के पदाधिकारियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

लखनऊ पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील मौर्य एवं महामंत्री राम मेहर शर्मा ने व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित विषय, नो एंट्री और दबंगों द्वारा काम करवाकर पैसा न दिए जाने की बात प्रमुखता से उठायी।

अधिवेशन में बड़ी संख्या में पैकर्स एवं मूवर्स क्षेत्र के व्यापारियों ने भाग लिया। कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, संयोजक उदय कुशवाहा, संरक्षक प्रेम सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, अनिल शर्मा, अमित मिश्र, हरीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### आरएसपी ने भाजपा को दिया समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्णकार आरके वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर लोकसभा के चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की। आरके वर्मा ने बताया उनकी पार्टी स्वर्णकार, लौहकार, काष्ठकार, विश्वकर्मा शिल्पकार, ओबीसी शोषित समाज व अन्य सभी समाज का प्रतिनिधित्व करती है। इस समाज का उत्तर प्रदेश की 20-25 लोकसभा सीट पर 7-8 प्रतिशत का वोट है, जो निर्णायक भूमिका अदा करता है। राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी से जुड़े समाज का 100 से अधिक विधानसभा सीटों में 20 से 70 हजार मतदाता हैं, जो इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनाव जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### कसमंडा हाउस के पास मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हजरतगंज इंस्पेक्टर के मुताबिक रविवार समय करीब 9.12 बजे सिविल अस्पताल के वार्ड ब्वाय रियाज ने एक अज्ञात व्यक्ति को मृत अवस्था में लाने की सूचना दी थी। एसआई अवधेश कुमार चतुर्वेदी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पायी। एसआई अवधेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शव कसमंडा हाउस के पास टेलीफोन बॉक्स पर मिला। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

### एलएलबी छात्रा को कुत्ते ने काटा, प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मानकनगर थाना अंतर्गत न्यू श्रीनगर में एलएलबी छात्रा को कुत्ते ने काट लिया। विरोध करने पर कुत्ता मालिक ने इलाज करने का आश्वासन देते हुए मना कर दिया। इसके बाद छात्रा ने मालिक पर एफआईआर दर्ज कराई है। न्यू श्रीनगर निवासी एलएलबी छात्रा किरन गत 21 मार्च की सुबह वह घर से कॉलेज जा रही थी। आरोप है कि पड़ोसी मनोज ने दो कुत्ते पाल रखे हैं। उनके पालतू कुत्ते ने छात्रा के हमला कर उसके पैर में काट लिया था। विरोध करने पर कुत्ता मालिक मनोज ने इलाज कराने का भरोसा दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर मनोज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# बिजली : निश्चित समय के लिए ही शटडाउन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने रविवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में 24 घंटे बिजली सप्लाई के साथ प्रीपेड मीटरों के स्टॉक सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मरों, ढीले तार, जम्फर और पेटीफ्यूज के मेंटीनेंस कार्य हो जाने के बाद भी पैनी नजर रखने के लिए कहा गया है। बिजली सप्लाई को ठीक करने के लिए एक निश्चित समय के लिए ही शटडाउन देने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही प्रीपेड मीटरों के स्टॉक में रखने के साथ ट्रांसफार्मरों की वैकल्पिक व्यवस्था कर रिजर्व में रखने को कहा गया है। जिससे कि उपभोक्ताओं को घंटों बिजली बाधित होने की समस्या से जूझना न पडे। बिजली के बकायेदारों से राजस्व की वसूली के लिए प्लान तैयार करने के साथ अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# कैफ़ी आजमी की पुण्यतिथि पर 10 को विविध आयोजन

- कैफ़ी आजमी के व्यक्तित्व पर आधारित होंगे कार्यक्रम
- अकादमी की बैठक में लिया गया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रगतिशील आन्दोलन के महत्वपूर्ण शायर कैफ़ी आजमी की पुण्यतिथि पर आगामी 10 मई को कैफ़ी आजमी अकादमी में उनके व्यक्तित्व पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

रविवार को अकादमी की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया। कैफ़ी आजमी अकादमी के जनरल सेक्रेटरी सईद मेहदी ने बताया कि कैफ़ी आजमी का निधन 10 मई 2002 को मुम्बई में हुआ था। उसके बाद से हर साल 10 मई को आल इंडिया कैफ़ी आजमी अकादमी उनकी याद से जुड़े आयोजन करती है। बैठक में तय हुआ कि 10 मई को होने वाले कार्यक्रम में कैफ़ी आजमी की इंकलाबी शायरी पर महत्वपूर्ण हस्तियों के व्याख्यान हों। उनके लिखे नगमों को जाने-माने गायक संगीत के साथ अपनी आवाज से सजाएं। कैफ़ी आजमी की शायरी पर दास्तानगोई का कार्यक्रम कराये जाने का भी फैसला किया गया। डॉ. खुर्शीद मेहदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विजय राय, प्रो. नलिन रंजन सिंह, डॉ. प्रियंका, सईद मेहदी, सैय्यद फराहिम हुसैन, आशीष यादव, सामिया जहरा, मसरूर फातिमा, फरहीन मेहदी, डॉ. रेशमा परवीन और डॉ. जेबा परवीन ने अपने विचार रखे।

# सिक्योरिटी अफसर की संदिग्ध हालात में मौत, चार दोस्तों पर हत्या का आरोप

- सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दोस्त के साथ पैदल जा रहे अजय प्रताप उर्फ राहुल सिंह (30) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वे अचानक गिरे और डिवाइडर से उनका सिर टकरा गया। सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पिता ने उसके चार दोस्तों के खिलाफ तहरीर दी है जिनमें वह भी शामिल है जो घटना के वक्त उनके बेटे के साथ मौजूद था।

एक निजी सिक्योरिटी कम्पनी में सिक्योरिटी अफसर के पद पर कार्यरत शारदा नगर रूचि खंड निवासी सेवानिवृत्त पुलिस प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह का बेटा अजय शनिवार शाम अपने दोस्त सुरेश सिंह के साथ घर लौट रहा था कि आशियाना थानाक्षेत्र के सालेह नगर में वह अचानक गिर गया। सुरेश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अजय के पिता धर्मपाल सिंह का आरोप है कि शनिवार शाम सुरेश उनके बेटे को घर से बुलाकर ले गया था और सालेह नगर में दुकान से शराब खरीदकर पार्क में अन्य दोस्तों के बैठकर पी थी। जहां दोस्त सुरेश सिंह, हरिश्चंद्र तिवारी, शम्भू कहार एवं नन्हा त्रिपाठी ने बेटे को नशे की हालत में उसके सिर पर हमला कर बेहोश कर फरार हो गए थे। उसका दोस्त सुरेश अपने बचाव में वहीं रुका रहा और उसी ने ही पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर सूचना दी थी। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मस्जिद में कराया गया छह जोड़ों का निकाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुस्लिम वेल्फेयर सोसाइटी शादी कार्यक्रमों को आसान बनाने की दिशा में पांच साल से जो अभियान चला रही है, उसका असर दिखाना शुरू हो गया है। सोसाइटी ने तय किया है कि मुसलमान निकाह कार्यक्रम मस्जिद में ही करें। रविवार को छह जोड़ों के निकाह मस्जिद में कराए गए। दुल्हन को 10-10 हजार रुपये और गृहस्थी का सामान दिया गया।

सोशल वेल्फेयर एंड कल्चरल एक्टीविटीज कमेटी के चेयरमैन खालिद इस्लाम और सचिव मुर्तजा अली ने बताया कि हमारी कोशिश है कि मुसलमान सादगी से शादी कर इसे आसान बनाए। निकाह की रस्म मस्जिद में अदा की जाए। इस सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने का काम लगातार किया जा रहा है। इसका परिणाम नजर आने लगा है और बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में निकाह करने लगे हैं।

**इनकी हुई शादियां :** मुर्तजा अली ने बताया कि सोसाइटी ने बताया कि छह जोड़ों के निकाह जामा मस्जिद मुंशी पुलिया में कराये गए। खदरा के रईस अहमद की पुत्री मंतशा की शादी कैम्पवेल रोड की सईद अहमद के पुत्र शाहबाज के साथ हुई। सआादतगंज के लियाकत अली की पुत्री सानिया की शादी भवानी गंज के मुख्तार अहमद के पुत्र आफताब के साथ हुई।

मोअज्जम नगर के शारिक की पुत्री रुख्सार की शादी आदर्श नगर के शाकिर के पुत्र मोहम्मद शावेज के साथ हुई। मंसूर नगर के इलियास की पुत्री फरहीन की शादी मानक नगर के मुहम्मद सरवर के पुत्र मुहम्मद अहमद सिद्दीकी के साथ हुई। मेहंदीगंज के मुहम्मद यूनुस की पुत्री समरीन की शादी खाला बाजार के मुहम्मद शफीक के पुत्र मुहम्मद सैफ के साथ हुई और रसूलपुर के शाकिर अली की पुत्री जेबा बानो की शादी जालौन के बब्लू के पुत्र जावेद के साथ कराई गई। मौलाना सालेह ने सभी के निकाह पढ़ाये।


आयोजन के दौरान मस्जिद में मौजूद लोग। अमृत विचार


डालीगंज स्थित पार्क में महावीर स्वामी की जयंती पर प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अमृत विचार

### भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माणः धर्मपाल सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शनिवार को आजमगढ़ में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ विजय पर मंत्रणा की। धर्मपाल सिंह ने यहां कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले भाजपा के वोट में 370 अधिक वोट जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता, सम्पर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य पूर्ण होगा। हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी तथा प्रत्येक बूथ पर मतदान के लिए प्रेरित करना है। भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा देश के नागरिकों को खुशहाली है, जबकि विपक्ष का एजेंडा उनके परिवार की उन्नति है।

# धूमधाम से मनी महावीर स्वामी की जयंती, चांदी के पालने में झुलाये गये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2623वां जन्मोत्सव राजधानी के विभिन्न जैन मन्दिरों में धूमधाम से मनाया गया। सुबह की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। जैन मन्दिरों में पंचामृत अभिषेक किया गया।

डालीगंज, चौक, यहियागंज और सआादतगंज स्थित जैन मंदिर में महावीर स्वामी का पंचामृत अभिषेक किया गया। जैन धर्म प्रवर्धिनी सभा ने शोभा यात्रा निकाली। सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन के निर्देशन में सुबह 9 बजे चारबाग स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से शोभा यात्रा शुरू हुई। यहां से नाका हिंडोला, गणेशगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, लाटूश रोड और मोहन होटल होते हुए वापस चारबाग पहुंची।

इस शोभा यात्रा में शामिल बैंड ने भजन बाजे कुंडलपुर में बधाई कि नगरी में वीर जन्मे, केसरिया, केसरिया आज हमारा मन केसरिया, होली खेलें मुनिराज अकेले वन में को शानदार ढंग से सुनाकर लोगों को नाचने पर विवश कर दिया। इस शोभा यात्रा में शामिल महावीर स्वामी का फूलों से सजा रथ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शाम के समय डालीगंज स्थित महावीर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महावीर पार्क को भव्य रूप से सजाया गया था।


महावीर जयंती पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### पालकी व प्रभात फेरी निकाली गई

गोमती नगर जैन मंदिर में महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। सुबह पालकी एवं प्रभात फेरी निकाली गई। मंदिर में अभिषेक हुआ, मुख्य शांतिधारा डॉ. सारांश जैन एवं मोनू जैन के परिवार ने की। भक्तों ने महावीर स्वामी को चांदी के पालना में झुलाया। महावीर के अहिंसा परमो धर्मा, जीवन में शाकाहार अपनाओ, दूसरों के प्रति जियो और जीने दो एवं दया का भाव हो ऐसे महावीर के उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रासंगिक हैं, इन उपदेशों का सभी ने मिलकर पालन करने एवं समाज में जन जन तक पहुंचाने का वचन लिया। महावीर पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशिका, रिद्धि और आरणा ने मंगलाचरण एवं भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी। गोमती नगर महिला मंडल की अनीता जैन, दीपाली, जूली, अंजू, आशा जैन, वैशाली, पिंकी, आरुषि, शिल्पी, अर्चना, सपना और रश्मि आदि ने भाग लिया। मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक जैन एवं संदीप, सुकांत, विशाल, निकांत, धर्मवीर, अरविंद, अशोक, जयकुमार, राकेश, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

# श्याम ज्योत मंडल ने कराया सात जोड़ों का विवाह

## पूर्व उपमुख्यमंत्री, विधायक और पुलिस अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः श्याम ज्योत मंडल ने रविवार को महाराजा अग्रसेन विद्यालय मोतीनगर में सामूहिक विवाह समारोह कराया। इसमें सात कन्याओं का विवाह हुआ। पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, लखनऊ जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल, मुकेश शर्मा, कानपुर के डीआईजी विपिन मिश्रा, सुरेश अग्रवाल, सुधीर हलवासिया और विवेक अग्रवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

जीवन संगिनी मिलने के लिए जब दूल्हे घोड़े पर सवार होकर बरात लेकर चले तो उनके चेहरे पर अनोखी चमक नजर आयी। उधर मंद-मंद मुस्कान के बीच सजना से मिलन होने की ख्वाब संजोए, सजी-धजी परी रूपी दुल्हनें भी खिली-खिली दिखीं। माथे पर मांगबेदी, कानों में झुमके, नाक में नथ, कमर में कमरबंद, हाथों में प्रीतम के नाम की मेहंदी, पैरों में छम-छम करती पायल, तो पांव में महावर लगाए लाल लहंगे में कन्याएं जब राजरानी तथा साक्षी अग्रवाल के साथ जयमाल के लिए तैयार होकर मंच पर पहुंचीं तो लगा कि परियां उतर आई हैं। महाराजा अग्रसेन विद्यालय में बरात का मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं मुकेश एवं अशोक अग्रवाल ने स्वागत किया। द्वारचार के बाद पंडाल में वर एवं कन्या ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि के सात फेरे लेकर जोड़ो का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया।

मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि श्याम ज्योत मण्डल एवं सहयोगीजनों की ओर से वर को शेरवानी, कन्या को लहंगा एवं कन्याओं की विदाई पर पलंग, अलमारी, गृहस्थी के बर्तन, अनाज, फल, मिठाई उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कन्याओं के लिए चूड़ी, टैटू मेहंदी, नेल पॉलिश के भी स्टाल लगाए गए थे।


सामूहिक कन्या विवाह समारोह में जीवन साथी को लेने जाने के लिए तैयार दुल्हे।


श्रृंगार कर जीवन साथी का इंतजार करतीं दुलहनें। अमृत विचार

### इनका हुआ विवाह

मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बताया कि प्रिया राजपूत संग तेजस राजपूत, पूजा देवी संग हंसराज, सरला देवी संग गोपाल, रोशनी कश्यप संग शुभम कुमार, प्रतिभा संग राज किशोर यादव, शांति संग सौरभ, अनीता संग अमित कुमार ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर सात फेरे लिए।

## एक नजर

### तमंचे के साथ रील बनाते युवक का वीडियो वायरल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के पलिया कोट के रहने वाले एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में युवक तमंचे के साथ रील बना रहा है। उसकी रील सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो वायरल होने के बाद मंझिला पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

### फेल होने से आहत किशोर ने की खुदकुशी

**जगेशरगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल में फेल होने से आहत किशोर ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।वह अपने रिश्तेदारी सुल्तानपुर में रहता था। घटना से परिजन बेहाल हैं। अंतू थाना क्षेत्र के लंगड़ा का पुरवा पदुमपुर गांव निवासी गया प्रसाद सोनकर सुल्तानपुर के करौंदी गांव में रहता था। उसके पुत्र प्रमोद सोनकर का शनिवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल का रिजल्ट आया, जिसमें वह फेल हो गया। अनुत्तीर्ण होने से आहत प्रमोद ने रविवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। जानकारी पर परिजनों समेत गांव से लोग सुल्तानपुर पहुंच गए।पोस्टमार्टम के बाद रविवार देर शाम किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मेडिकल स्टोर में लगी आग हजारों की दवा जली

**नैनी, अमृत विचार।** कोतवाली नैनी अंतर्गत अरैल मोड़ के समीप एक मेडिकल स्टोर में शनिवार देर रात आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक चकदोंदी मोहल्ले में अरैल मोड़ के समीप रूचित जायसवाल मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे मेडिकल स्टोर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर स्टेशन नैनी से दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझा दिया।

# 65 दिन बाद किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**कोर्ट का आदेश**

- पुलिस ने नहीं सुनी, डीएम और एसपी ने भी नहीं की मदद
- रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रहा था पिता

हरदोई

**अमृत विचार।** घर से शौच के लिए निकली बेटी को दबंग जबरन कार से उठा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बेबस बाप महीनों पुलिस के पास भटकता रहा, डीएम और एसपी की ड्योढ़ी के चक्कर लगाते-लगाते उसके पैरों की चप्पलें तक घिस गई ,फिर किसी को उसकी बेबसी पर तरस नहीं आया। थक-हारकर उसने कोर्ट का सहारा लिया और कोर्ट ने उसकी अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। तब कहीं पिहानी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की।

पिहानी कोतवाली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी 15 फरवरी की भोर पहर करीब पांच बजे घर से शौच के लिए निकली थी, उसी बीच एटा ज़िले के घुमरी जैथरा निवासी अमित व सोनपाल वहां कार से पहुंचे और किशोरी को जबरन कार में बैठा कर वहां से भाग गए। किशोरी का बाप अपनी अर्ज़ी ले कर पुलिस के पास पहुंचा, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। उसके बाद वह किसी तरह पता-ठिकाना ढूंढते हुए एटा पहुंच गया, जहां आरोपियो ने उसे धमकी दे कर वहां भगा दिया।

पुलिस के कुछ न करने पर बेबस बाप ने डीएम और एसपी की ड्यूढी के कई चक्कर लगाए, उसकी चप्पलें तक घिस गई, फिर भी कोई राहत नहीं मिली।उसके बाद थक-हारकर कर उसने कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए पिहानी पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया, तब कहीं पुलिस ने आरोपी अमित व सोनपाल के खिलाफ धारा 363/366/506 के तहत केस दर्ज किया। मामले की जांच एसआई अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है।

### भाई और भतीजों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** लघु सिंचाई के जेई ने अपने भाई और भतीजो के खिलाफ ज़मीन और मकान पर कब्ज़ा करने की नियत से वहां लगे पिलर तोड़ दिए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली देहात पुलिस ने दी गई तहरीर पर पिता-पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के नानकगंज ग्रंट पतलोहिया निवासी गजराज बहादुर आर्य पुत्र मिट्ठूलाल लघु सिंचाई में जेई है, ने कोतवाली देहात पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि भूमि संख्या-459 का मालिक है, उसी ज़मीन के कुछ हिस्से में मकान बनाया हुआ है। नौकरी के चलते गजराज बहादुर बाहर ही रहना होता है। गजराज बहादुर का भाई रामसिंह और उसके पुत्रों अनूप सिंह, राहुल कुमार व सुदामा ने ज़मीन पर कब्ज़ा करने की नीयत से ज़मीन के आस-पास लगे पिलर तोड़ दिए। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक रामसिंह और उसके पुत्रों अनूप, राहुल व सुदामा के खिलाफ धारा 504/427 के तहत केस करते हुए जांच शुरु कर दी है।

# पिकअप से टकरायी बाइक, युवक की मौत

टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शादी में शामिल होने सीतापुर जा रहे बाइक सवार दोस्त ओवरटेक करने में भूसे से लदी पिकअप से टकरा गए। जिससे एक की वहीं पर मौत हो गई, जबकि दूसरा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

टड़ियावां थाने के नौरंगपुर मजरा गुलरिहा निवासी सुरेश सक्सेना का 19 वर्षीय पुत्र अरविंद शनिवार की देर शाम अपने दोस्त राहुल मौर्य के साथ बाइक से गांव के दलगंजन मौर्य के बेटे की शादी में शामिल होने सीतापुर ज़िले के पिसावां थाने के देवकली गांव जा रहा था। उसी बीच रास्ते में अज़ीज़पुर मजरा हरिहरपुर के पास भूंसे से लदे पिकअप को ओवरटेक करने में अरविंद की बाइक पिकअप की चपेट में आकर उससे टकरा गई। हादसे में अरविंद की वहीं पर मौत हो गई। उसका दोस्त राहुल मौर्य बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। अरविंद की शादी नहीं हुई थी। अरविंद से एक बड़ा और एक उससे छोटा भाई व एक बहन है। इस तरह हुए हादसे में उसकी मौत होने की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। हादसा होते ही पिकअप ड्राइवर वहां से फरार हो गया। एसएचओ टड़ियावां अशओक कुमार सिंह ने बताया कि बाइक सवार नशे में था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार हरदोई।** उन्नाव ज़िले का बाइक सवार युवक सण्डीला-मल्लावां रोड पर मुसलमानाबाद के पास तेज़ रफ्तार की चपेट में आने से बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। पुलिस ने उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से कछौना सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे रिफर किए जाने के बाद मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। शनिवार की देर रात एक बाइक सवार युवक सण्डीला से मल्लावां रोड पर जा रहा था। उसी बीच बीच रास्ते में कासिमपुर थाने के मुसलमानाबाद के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी की चपेट में आने से उसका चेहरा ज़ख्मी हो गया। राहगीरों से इसका पता होते ही गौसगंज चौकी पर तैनात कांस्टेबिल अजय कुमार ने उसे एम्बुलेंस-108 की मदद से सीएचसी कछौना में भर्ती कराया। जहां के डाक्टरों ने उसकी हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। उसे मेडिकल कालेज लाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

# मां और दुधमुंही बच्ची को सड़क पर फेंका

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम क्षेत्र में एक महिला और उसकी दुधमुही बच्ची को गुलाबबाड़ी चुंगी के पास फेंककर लोग फरार हो गये।

बिलग्राम कोतवाली के गुजराती कालोनी सदर बाज़ार रोड निवासी अखिलेन्द्र सिंह ने 11 फरवरी 2022 को अपनी पुत्री प्रियंक सिंह की शादी फर्रुखाबाद ज़िले के नई सैनिक कालोनी नगला दीना कोतवाली फतेहगढ़ निवासी प्रेमपाल सिंह के पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह के साथ की थी। शादी में 10 का माल-ज़ेवर और दहेज़ के अलावा 5 लाख कैश भी दिया था। पुलिस को दी तहरीर में प्रियंका सिंह ने कहा कि शादी के बाद उसका पति और ससुर प्रेमपाल सिंह, सास नीलम, जेठ अनुराग सिंह और जेठानी ममता देवी कम दहेज़ के ताने मारती थी। आए दिन कारोबार के लिए उससे अपने पिता से 10 लाख रुपये ले कर आने का दबाव बना कर उसकी पिटाई की जाने लगी। 14 अप्रैल को ससुराल वालों ने उससे सारे ज़ेवर और कपड़े छीन लिए और उसे व उसकी 14 महीनें की दुधमुही बच्ची गौरी को एक कार में ठूंस कर बिलग्राम कस्बे के गुलाब बाडी चुंगी के पास फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने प्रियंका की तहरीर पर पति पुष्पेन्द्र सिंह, ससुर प्रेमपाल सिंह, सास नीलम, जेठ अनुराग सिंह और जेठानी ममता देवी कए खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आग से दो घरों की गृहस्थी स्वाहा, चार झुलसे

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार की दोपहर क्षेत्र के गांव पूरे छेदी मजरे कोटिया चित्रा में अचानक आग लग गई। आग से दो घरों की गृहस्ती जलकर राख हो गई है। आग बुझाने में चार ग्रामीण झुलस गए हैं। उन्हे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के पूरे छेदी गांव निवासी श्यामलाल के घर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय घर के लोग बाहर दरवाजे पर थे। घर से जब तेज धुंआ बाहर निकला तब परिजनों और ग्रामीणों को जानकारी हुई। तेज चल रही पछुआ हवाओं ने आग में घी का काम किया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और इस बीच दमकल की गाड़ी के लिए भी फोन कर दिया गया। इस बीच आग ने बढ़कर पड़ोस के रज्जू के घर को भी अपनी आगोश में ले लिया। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आग आगे नही बढ़ पाई है। किंतु इस बीच आग बुझाने में श्यामलाल की बेटी रूबी और बेटा रावेंद्र कुमार तथा गांव के विजय कुमार तथा दिलीप कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पाकर गांव पहुंची दो एंबुलेंस द्वारा झुलसे हुए चारो लोगों को सीएचसी लाया गया। कहां उनका उपचार किया जा रहा है।



आग से जली गृहस्थी। अमृत विचार

# झोपड़ी में बनाते थे तमंचे, दो गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने फिर एक बार दो ऐसे शातिरों को दबोचा, जो झोपड़ी में बैठ कर तमंचे तैयार कर रहे थे। अनंगपुर चौराहे पर चेकिंग कर रही पचदेवरा पुलिस को ऐसे शातिरों के बारे में सुराग़ लगा। पुलिस दो शातिरों को दबोचते हुए उनके कब्ज़े से पांच बने, दो अधबने तमंचें, कारतूस और खोखे बरामद किए है।

एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शनिवार को पचदेवरा पुलिस अनंगपुर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी, उसी बीच मुखबिर से पता चला कि मडैया गांव के उत्तर तालाब के किनारे एक झोपड़ी में कुछ लोग तमंचे बना रहे हैं। एसएचओ पचदेवरा रमेश चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में वहां पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर झोपड़ी में तमंचे तैयार कर रहे वसीम उर्फ नन्हू निवासी मडैया मजरा बिल्सर हिलेन और दिन्ने निवासी नरभा को दबोचते हुए झोपड़ी के अंदर से पांच बने हुए और दो अधबने तमंचे, दो कारतूस व तीन खोखे बरामद किए गए। एएसपी पश्चिमी श्री सिंह ने बताया कि पकड़ में आए वसीम उर्फ नन्हू व दिन्नी ने कुबूल किया कि वे तमंचे बनाते हैं।

एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि एसपी ने पुलिस टीम को 10 हज़ार रुपये का इनाम देते हुए पीठ थपथपाई है।

# राहुल को अमेठी के गांवों की जानकारी नहीं : स्मृति

अमेठी

**अमृत विचार।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने रविवार को जिला भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की बैठक कर प्रचार अभियान और चुनावी रणनीति पर बातचीत की। बैठक के बाद उन्होंने अमेठी और संग्रामपुर मंडल में पांच सामाजिक कार्यक्रमों में मतदाताओं से संवाद किया। स्मृति ने राहुल गांधी को उन्हें लापता सांसद की संज्ञा दी। कहा कि 15 साल तक सांसद रहे राहुल गांधी को अमेठी के गांवों तक के बारे में समझ नहीं है। राहुल गांधी किसी गांव की बात तो दूर बिना सहारे के अकेले गाड़ी में बैठ कर रामलीला मैदान तक नहीं जा सकते। राहुल गांधी 15 साल अमेठी के सांसद रहे, इसमें से 10 साल तक केन्द्र में उनकी माता और उत्तर प्रदेश में उनके मित्रों की सरकार थी, चाहते तो अमेठी के लिए बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन कोई विकास नहीं किया। रविवार को सबसे अच्छी सभा पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू की अगुवाई में गडेरी चौराहे पर हुई। तपती दोपहरी और हीटवेव के बीच अच्छी भीड़ देख स्मृति काफी खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि इस बार अमेठी अपनी दीदी को दूसरी बार सांसद चुनने के लिए खुद लड़ाई लड रही है। गडेरी चौराहे के पूर्व स्मृति ने पूरब गांव, कटरा फूल कुंवरि और शिव मंदिर रणवीर नगर में भी सभाओं को संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह उर्फ डब्बू सिंह, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद प्रकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, विजय पाल उपाध्याय, राजीव सिंह, अनुज सिंह, अमन वर्मा, परशुराम सरोज, अश्विनी सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं स्मृति इरानी। अमृत विचार

### गला रेतकर किशोर की हत्या

**गोंडा।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव के खटिकनपुरवा में एक 15 वर्षीय किशोर की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। हत्यारे किशोर का शव फेंककर फरार हो गए। बुधवार की सुबह गांव के बाहर किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। हत्या के पीछे आशनाई की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान मनीष कुमार यादव (15) पुत्र हनुमान प्रसाद यादव के रूप में हुई है। मृतक का शव उसके घर से 2 सौ मीटर दूर मिला है। मृतक के गले और हाथ पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजनों के मुताबिक सुबह गांव के लोग जब खेत की तरफ गए तो मनीष का कटा हुआ शव देख हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची इटियाथोक पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी विनीत जायसवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

# माफिया बच्चा पासी पर रंगदारी की रिपोर्ट

- पीड़िता ने पहले दिये थे 50 हजार रुपये

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** डी-46 गैंग के सरगना माफिया बच्चा पासी के खिलाफ बनारस की रहन वाली ने महिला ने पांच लाख की रंगदारी मांगने के मालेम में मुकदमा दर्ज कराया है। बच्चा के खिलाफ दो मामले से अधिक मामले दर्ज हैं। वह धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

वाराणसी के गोदाम रसूलपुर के रहने वाले जयकांत यादव की पत्नी गीता देवी ने धूमनगंज में माफिया डॉन बच्चा पासी और उसके चार गुर्गों पर पांच लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने के मामले में केस दर्ज कराया है। महिला की तहरीर के मुताबिक उसे न सिर्फ अपनी जमीन दो मकान बनाने से रोका गया है, बल्कि पांच लाख की रंगदारी भी मांगी गयी है।

गीता देवी के मुताबिक महिला के कुछ रिश्तेदार धूमनगंज में रहते हैं। जिनके कहने पर उमरपुर नीवा स्थित गांव में 60.11 वर्ग जमीन भूमि का लिखपढ़ी पिछले साल चार सितंबर को कराई गयी थी। उस भूमि पर जब मकान का निर्माण शुरु कराया गया तो वही के रहने वाले भूमाफिया बच्चा पासी और राधा नाम ओर एक महिला ने काम करने से मना कर दिया। इसके साथ पांच लाख की रंगदारी भी मांगी। न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। गीता के वाराणसी उसने पहले ही बच्चा पासी के एक गुर्गे मूलचंद पुत्र विदेशी को 50 हजार दिया था। जिसके बाद दो युवकों को लेकर राधा फिर पहुंच गई। राधा ने पांच लाख रंगदारी देने के बाद ही काम शुरु कराने की धमकी दी है। उन युवको में एक ने अभिषेक नाम बताते हुए धमकाया और रुपये की मांग की।

### बच्चा पासी का नाम छोटा राजन गिरोह से भी जुड़ा था

डी-46 गैंग के लीडर बच्चा पासी पर दो दर्जन मामले दर्ज हैं। वह प्रदेश के चिह्नित 66 माफिया की सूची में से एक है। 2006 में मुंबई के काला घोड़ा शूटआउट केस में बच्चा पासी का नाम छोटा राजन गिरोह से भी जुड़ा था। इस घटना में बच्चा का नाम आया था। इस गैंग में दिलीप मिश्रा, जावेद उर्फ पप्पू गंजिया, राजेश यादव, गणेश यादव, कम्मू उर्फ कमरुल हसन, जाबिर हुसैन और गोतस्कर गिरोह सरगना मुजफ्फर शामिल है। माफिया अतीक अहमद भी इस सूची में शामिल था।

# 7 घंटे बंद रही एनटीपीसी में 500 मेगावाट की यूनिट

- गर्मी के कारण बिजली की बढ़ी मांग, लोगों को हुई परेशानी

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** गर्मी के कारण चारो ओर बिजली की मांग बढ़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पावर कार्पोरेशन ने बड़े पैमाने पर विद्युत कटौती शुरू कर दी है। ऐसे में एनटीपीसी ऊंचाहार की यूनिटें लगातार धोखा दे रही है जिससे विद्युत समस्या बढ़ रही है। तकनीकी खामी के कारण हाल ही में एनटीपीसी की 210 मेगावाट की यूनिट बंद हुई थी। उसके बाद शनिवार की रात 500 मेगावाट क्षमता की सबसे बड़ी यूनिट तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। करीब सात घंटे बाद इसे चालू किया गया है।

एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 500 मेगावाट की क्षमता वाली सबसे बड़ी यूनिट में शनिवार की रात खराबी आ गई। जिसके कारण रात दस बजे के बाद इसको बंद करना पड़ा है। जिसके कारण परियोजना का कुल उत्पादन 1550 मेगावाट से घटकर एक हजार मेगावाट से भी नीचे आ गया था। अभी हाल ही में एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या दो के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो गया था।

### बोलेरो चालक ने घोड़ों और दूल्हा-बग्घी को मारी टक्कर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार की रात खीरों अतरहर गोनामऊ मार्ग पर विश्वनाथखेड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने एक दूल्हाबग्घी और एक जोड़ी घोड़ों को जोरदार टक्कर मार दी। बोलेरो चालक ने दबंगई दिखाते हुए बग्घी चालक और सहयोगी सहित दो युवकों की पिटाई कर बग्घी अपने दरवाजे खड़ी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बग्घी वापस दिलाकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव पठई निवासी देशराज पुत्र बचोले ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका छोटा भाई उदयराज अपने सहयोगी खीरों क्षेत्र के गांव नंदेहरी निवासी सूबेदार के साथ शनिवार को रात लगभग बारह बजे अतरहर गांव की बारात से एक जोड़ी घोड़े और दूल्हाबग्घी लेकर घर वापस लौट रहा था। खीरों अतरहर गोनामऊ मार्ग पर विश्वनाथखेड़ा गांव के पास विपरीत दिशा से तेजी व लापरवाही से बोलेरो चलाते हुए अतरहर निवासी मोनू खां पुत्र सरवर ने बग्घी में जोरदार टक्कर मार दी।

# ऑटो-कार की टक्कर में महिला समेत दो की मौत

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बल्लीपुर के पास तेज रफ्तार कार और ऑटो की टक्कर में एक युवक और एक महिला सहित दो की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के वल्लीपुर के पास रविवार को तेज रफतार अनियंत्रित कार सामने से आ रही आटो में भिड़ गई। जिससे ऑटो चालक हंसवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर मुस्लिम गांव निवासी शिवशंकर 30 की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना पर आस पास के लोग इक्ठा ही गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सीता राजभर निवासी शाहपुर सलेमपुर थाना अकबरपुर की मौत हो गई। जबकि उनका तीन वर्षीय बेटा पवन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दी जान

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरुआ मे युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जामुन के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम हुलासपुर माइनर निवासी ललित (30) पुत्र मैकू शनिवार को सुबह घर से निकला और ग्राम खतीरपुर के पास स्थित गिरिजा के खेत में लगे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, ललित का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व हुआ था और उनकी कोई संतान नही थी।

# नाला निर्माण के दौरान मलबे में दबने से श्रमिक की मौत

- नाले के बगल की दीवार गिरने से हुआ हादसा

सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकारी नाले का निर्माण होने के दौरान वहां खड़ी दीवार एका-एक भर-भरा कर गिर पड़ी, जिससे वहां मज़दूरी कर रहा मज़दूर उसके मलबे में दब गया, उसे मलबे से बाहर निकाला जाता, उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

बताया गया है कि कस्बे के इमलिया बाग चौराहा बेनीगंज रोड पर सरकारी नाले का निर्माण हो रहा है। रविवार को वहां काम चल रहा था। कस्बे के मोहल्ला माकूम कुआं निवासी 52 वर्षीय रफीक वहां मज़दूरी कर रहा था। उसी बीच वहां नाले से सटी हुई दीवार एका-एक भर-भरा कर गिर पड़ी। जिससे रफीक उसके मलबे में दब गया। हादसा होते ही वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में मलबा हटा कर उसके नीचे दबे पड़े मज़दूर को बाहर निकाला गया, लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। इस तरह हुए हादसे की खबर सुनते ही वहां कोहराम मच गया। इसका पता होते हई वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी।

**पहल** अस्तित्व फाउंडेशन ने जेल के अंदर शिविर लगाकर दिया मानसिक परामर्श

# कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ी गईं महिला बंदी

हरदोई

**अमृत विचार।** अस्तित्व फाउंडेशन ने जेल में शिविर लगा कर वहां की महिला बंदियों को मानसिक परामर्श दिलाया और उन्हें कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा। फाउंडेशन ने शनिवार को

ज़िला जेल में 33 महिला बंदियों के लिए मानसिक परामर्श एवं कौशल विकास कार्यक्रम के तहत उन्हे मानसिक स्वास्थ्य के मामले में सहायता प्रदान की और उन्हें विभिन्न कौशलों का परिचय दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक सतीश चन्द्र त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जेलर संजय कुमार सिंह व डिप्टी जेलर मिथिलेश भदौरिया को स्मृति चिन्ह एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिहैबिलिटेशन साइंसेज की सहायक प्रो. नीलम बंसल ने संवासिनियों से सकारात्मक संवाद किया और उन्हे मानसिक परामर्श दिया। उसके बाद कौशल विकास कार्यक्रम के तहत रचनात्मक कार्य का आयोजन डा.प्रिया गुप्ता, एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा महिला बंदियों के बच्चों को खिलौने दिए और रिफ्रेशमेंट वितरण का मुकम्मल बंदोबस्त कराया गया। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं को स्वतंत्र एवं सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और उन्हे गर्व है कि वे इस प्रयास में सक्रिय रूप से भाग ले रहीं हैं। कार्यक्रम में जेल का स्टाफ, पूजा गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव, जय भोले सेवा समिति और अस्तित्व की उपाध्यक्ष कार्तिका माथुर व टीम के सदस्य लक्ष्मी, संध्या, श्यामा, पुष्पा, मीनाक्षी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




शिविर में जानकारी देते फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# दुष्कर्म में वांछित समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जलालपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पहला मामला दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है।

जलालपुर थाना के उप निरीक्षक हीरालाल यादव हमराही अमन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिलने पर वहां पहुंचे और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विवेक मौर्या निवासी भिड़िउरा थाना ज्ञानपुर जिला भदोही बताया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में जलालपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जलालपुर थाना के उपनिरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा अपने हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान के लिए निकले थे तभी नगर के बसखारी रोड पक्का पुल पर एक युवक को एक अदद नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। युवक ने पूछताछ में अपना नाम जाबिर निवासी मोहल्ला पश्चिम तरफ थाना जलालपुर बताया है।



गैस वेल्डिंग के दौरान कार के सीएनजी टैंक में लगी आग। अमृत विचार

### कार के सीएनजी टैंक में आग लगने से मची भगदड़

**हरदोई, अमृत विचार।** बीच शहर ऑल्टो कार में गैस वेल्डिंग के दौरान उसके सीएनजी टैंक ने आग पकड़ ली। रविवार की दोपहर लखनऊ चुंगी पर हुए हादसे से भगदड़ मच गई। हालांकि उस बीच कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू करने की कोशिश की, लेकिन उसके बाद वहां पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। रविवार की दोपहर लखनऊ चुंगी पर एक ऑल्टो कार में गैस वेल्डिंग हो रही थी। उसी बीच कार के सीएनजी टैंक ने आग पकड़ ली। लोग टैंक में विस्फोट होने के डर से चीखने-चिल्लाने लगे, दुकानदार आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। दमकल कर्मियों ने उसे पूरी तरह से काबू करते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाला। माना जा रहा है कि अगर सीएनजी के टैंक में विस्फोट होता तो वहां कई लोग उसकी चपेट में आए बिना नहीं रह सकते थे।

## एक नजर

### समाजवाद के अभिलेखागार हैं राजनाथ शर्मा: गोप

**बाराबंकी :** देवा रोड स्थित गांधी भवन में रविवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा का 80वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर आयोजित आशीर्वचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि राजनाथ शर्मा सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं। न मानेंगे, न मारेंगे उनके जीवन का सूत्र है। वह समाजवाद के अभिलेखागार हैं। अगर आप समाजवाद को जानना-समझना चाहते हैं तो उन्हें खंगालना पड़ेगा। वह जब सत्ता में रहते हैं तब भी सड़क पर संघर्ष के हिमायती है। इस मौके पर संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### नमो युवा सम्मेलन की पूरी की गयीं तैयारियां

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हैदरगढ़ विधानसभा में आगामी 24 अप्रैल को होने वाले नमो युवा सम्मेलन की तैयारी बैठक का आयोजन रविवार को सुबेहा मंडल में सराय चंदेल स्थित श्री चंद्र चूर्ण सिंह इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहे। बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 24 अप्रैल को लोकसभा स्तर पर युवा मोर्चा विशाल नमो युवा सम्मेलन करने जा रहा है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नोयडा विधायक पंकज सिंह युवाओं को संबोधित करेंगे। शक्तिकेन्द्र स्तर पर बैठक कर योजना बनानी है। शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत जितने बूथ आते है हर बूथ से युवाओं को लाने की जिम्मेदारी है।

### तीन वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर पुलिस टीम ने रविवार को एससीएसटी मामले में वांछित ग्राम बुढगौरा निवासी आरोपी महेश व ग्राम कुंदवल निवासी हरिकेश उर्फ खोखे को फतेहपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। देवा पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में ग्राम टाईकलां निवासी रूपचन्द्र को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# मकान के अंदर चारपाई पर मिला बुजुर्ग महिला का शव

## दरियाबाद थाना क्षेत्र के मथुरानगर गांव की घटना

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के मथुरानगर गांव में रविवार की दोपहर एक बुजुर्ग महिला का शव घर के अंदर मिलने की सूचना सनसनी फैल गयी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मथुरानगर गांव में रविवार की दोपहर शर्मावती (60) पत्नी पुतान का शव घर के अंदर मिला। बहू रीमा पत्नी मनोज निवासी दुल्हदेपुर कोतवाली रामसनेहीघाट अपनी ननद नीलम के साथ सास को खोजने पहुंची, तो घर के अंदर से दुर्गंध आ रही थी। इसकी सूचना रीमा ने पीआरवी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पीआरवी ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर चारपाई पर महिला का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो शव में कीड़े भी लग चुके थे। इससे यह प्रतीत होता है कि महिला की मौत कई दिन पूर्व हो चुकी थी। शर्मावती के पौत्र शौर्य का मुंडन बीते 17 अप्रैल को था। मुंडन का निमंत्रण लेकर 15 अप्रैल को परिजन मथुरानगर आए थे। तब भी शर्मावती घर पर नहीं मिलीं, तो परिजन निमंत्रण दरवाजे से डाल कर चले गए थे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला की मौत तभी हो चुकी थी। ग्रामीणों के मुताबिक शर्मावती का विवाह दुल्हदेपुर में हुआ था।

## झूठी निकली युवती के अपहरण की घटना

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार:** देवा इलाके की रहने वाली एक युवती के अपहरण की घटना झूठी निकली। पुलिस ने युवती को बिहार से सकुशल बरामद कर लिया। युवती अपनी सहेली की शादी में गई थी। उसन अपने साथ किसी भी घटना से इनकार किया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के हरंई गांव की रहने वाली प्रीति तमिलनाडु में एक निजी कंपनी में काम करती है। उसके साथ गांव की कई लड़कियां भी काम करती हैं। कुछ दिन पूर्व उसके गांव की लड़कियां अपने घर आ गईं, लेकिन प्रीति नहीं आई। उसके भाई अखिलेश ने देवा थाने में कमलेश कुमार निवासी कंदौला थाना हुलासगंज जहानाबाद बिहार पर बहन के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की टीम बिहार से युवती को लेकर आई।

### रामलला को लगेगा पंजीरी और मेवे का भोग



**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव के बाद सोमवार को राम मंदिर और अन्य मठ मंदिरों में भगवान का छठ्योत्सव मनाया जाएगा। जहां रामलला के समक्ष बधाई गायन और पंजीरी मेवे का विशेष भोग भी लगाया जाएगा। अयोध्या के मठ-मंदिरों में जन्मोत्सव के बाद से ही बधईया गूंज रही है। छठ्योत्सव के बाद सोमवार को रामनवमी उत्सव का समापन होगा। अयोध्या श्रीराम जन्म के बाद पूरी अयोध्या नगरी राजा दशरथ और माता कौशल्या को बधाई देने में लीन है। भगवान राम के अवतरित होने के बाद कनकभवन, श्रीरामरामबल्लभाकुंज, दशरथ महल, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास, जानकी महल, रामलला सदनम, रंग महल, श्रीराम हर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमत हरिराम सदन, सियाराम किला में आज रामलला का छठ्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मंदिरों में भी बधाई गान से उत्सव का उल्लास छलक रहा है।

# पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने दी जान

**विशेश्वरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार:** बालापुर गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने पुलिस पर घूस लेने, पुत्र की पिटाई करने और ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है।



फाइल फोटो।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) पुत्र सम्मय प्रसाद की शनिवार शाम घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता सम्मय प्रसाद ने बताया कि उनके लड़के की शादी श्रावस्ती जनपद के भिनौनी गांव से कुंजीलाल पुत्र भुलावन के लड़की से तय हुई थी। जिसका 18 अप्रैल को तिलक हो चुका था, 26 अप्रैल को शादी होनी थी। शनिवार की सुबह मेरे गांव के मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जो लड़की के मौसा हैं ने शादी करने को लेकर ब्लैक कर रुपए की मांग करने लगे। अन्यथा दहेज के मामले में फंसा देने की धमकी दी। इसी बात को लेकर शादी टूट गई। मामला पुलिस चौकी धनुहीं पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने समझौता करवा दिया गया। मृतक के पिता समय प्रसाद ने बताया कि सुलह कराने के लिए 10 हजार रुपए पुलिस की ओर से मांग की गई, जिसे न दे पाने पर पुलिस ने मेरी व मेरे लड़के की पिटाई की।

### छह लाख रुपये नकदी और दो किलो चांदी पकड़ी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अवैध लेनदेन को रोकने के लिए लगायी गयी एफएसटी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान 6 लाख करेंसी के साथ मिली 2 किलो चांदी पकड़ने में सफलता पायी है। पुलिस ने नकदी और चांदी को जब्त कर लिया है और वाहन चालक को कैश और चांदी से संबंधित कागजात दिलाने के लिये सात दिन की मोहलत दी है। सतर्कता टीम के प्रदीप कुमार मौर्य (सिंचाई विभाग) की अगुवाई में शनिवार को उपनिरीक्षक हरिशचंद्र पांडेय, संजय सिंह के साथ आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। लखनऊ की तरफ जा रही कार को जांच दल ने रोका उनकी तलाशी ली तो कौड़िया निवासी कृष्ण कुमार के पास पांच लाख रुपये नकद बरामद हुई। उसी कार में बैठे महेंद्र कुमार सोनी निवासी कौड़िया के पास 90 हजार रुपये व दो किलो के करीब दो चांदी के बिस्कुट भी बरामद हुए। जांच टीम ने कागज मांगा तो कार सवार कागज नहीं दिखा सके। सभी माल को जब्त कर लिया गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्थि रोग विशेषज्ञ नहीं

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अस्थि रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में हर माह 50 से अधिक रोगियों को उच्च अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ क्षेत्र से होकर लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे के अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे भी गुजरा है। आए दिन इन व्यस्त मार्गों पर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

इन दुर्घटनाओं में अधिकांश लोग हड्डियों के फ्रैक्चर के शिकार हो जाते हैं। सीएचसी पर अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में ऐसे घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर जिला




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़।

चिकित्सालय या फिर लखनऊ स्थित अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है।

स्वास्थ्यकर्मियों की मानें तो प्रतिमाह आधा सैकड़ा से अधिक रोगियों को अस्थि रोग विशेषज्ञ के अभाव में रेफर करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सीएचसी में अस्थि रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग की है।

### दुष्कर्म के आरोपी समेत दो शातिर गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जलालपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पहला मामला दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है। जलालपुर थाना के उप निरीक्षक हीरालाल यादव हमराही अमन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिलने पर वहां पहुंचे और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विवेक मौर्या निवासी भिड़िउरा थाना ज्ञानपुर जिला भदोही बताया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में जलालपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जलालपुर थाना के उपनिरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा अपने हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान के लिए निकले थे तभी नगर के बसखारी रोड पक्का पुल पर एक युवक को एक अदद नाजायज तमंचा बरामद किया।

# 30 देशों के प्रवासी भारतीयों का डेलिगेशन पहुंचा अयोध्या

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलाल का दर्शन करने के लिए देश-विदेश से आने वाले राम भक्त पहुंच रहे हैं। रविवार दोपहर बाद दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में 30 देशों के 90 प्रवासी भारतीयों के डेलिगेशन के साथ 400 से अधिक दिल्ली से राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। इस डेलिगेशन में भूटान की एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल हैं।

अयोध्या पहुंचे प्रवासी भारतीयों का डेलिगेशन रविवार को देर शाम सरयू आरती में शामिल हुआ। हनुमानगढ़ी पर दर्शन-पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया।



अयोध्या में रामनाम संकीर्तन करता प्रवासी भारतीयों का दल। अमृत विचार

सोमवार सुबह 7:00 बजे रामलला का दर्शन करेंगे।

डॉ. विजय जौली ने बताया राममंदिर बन गया है अब रामराज्य की कामना है। साथ ही नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बने इसकी भी कामना रामलला से करने अयोध्या आए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले डॉ.जौली के नेतृत्व में 156 देशों की पवित्र नदियों का जल एकत्रित किया गया था। समारोह पूर्वक इस जल से 23 अप्रैल 2023 को रामलला की चौखट का अभिषेक किया गया था।

## छुट्टी नहीं मिलने पर लगाया पत्नी-बच्चे की मौत का आरोप

**कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)**

**अमृत विचार :** रामपुरा थाने में तैनात सिपाही ने थानाध्यक्ष पर अवकाश न देने के कारण पत्नी व नवजात की मौत का आरोप लगाया है। सिपाही का कहना है कि अस्पताल में भर्ती पत्नी व नवजात की उचित देखभाल करना चाहता था। लेकिन, अवकाश न मिलने पर वह पत्नी व नवजात से हाथ धो बैठा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार रामपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास निर्मल मैनपुरी का निवासी है। उसने पत्नी के प्रसव व इलाज के लिए थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह से अवकाश मांगी थी। लेकिन, थानाध्यक्ष ने विकास को अवकाश नहीं दिया। विकास ने आरोप लगाया कि उचित देखभाल के अभाव में उसकी पत्नी व नवजात की मौत हो गई।

# रायबरेली में खेलते समय नाली में गिरी बालिका की डूबने से मौत

**अटौरा, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की देर शाम एक बच्ची की नाली में डूबकर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। रविवार की सुबह मौके पर पहुंची अटौरा चौकी पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरूबख्शगंज थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के अखिलेश पासवान गैर प्रान्त में भट्ठा श्रमिक के रूप में काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार की देर शाम जब अखिलेश की पत्नी कान्ती घर में काम कर रही थी तभी उसकी मासूम बेटी नंदिनी खेल रही थी। तभी वह खेलते-खेलते नाली की तरफ चली गई और उसमें गिरकर डूब गई।

> सलारपुर में बच्ची की मौत दु:खद है। यहां तैनात दोनों सफाईकर्मियों के विरुद्ध पूर्व में भी शिकायते आई हैं। इनके विरुद्ध शख्त कार्यवाही की जायेगी और एडीओ पंचायत को निर्देशित करते हुए सफाईकर्मियों की टीम बनवाकर यथाशीघ्र गांव की सभी नालियों की सफाई करवाई जायेगी।
>
> **-संजय कुमार कनौजिया,**
> बीडीओ, सतांव

# ग्रीष्मकालीन ट्रेनों का संशोधित किया समय

**गोरखपुर**

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 01207/01208 नागपुर-गोरखपुर-नागपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन नागपुर से 21 अप्रैल, 2024 रविवार को तथा गोरखपुर से 22 अप्रैल, 2024 सोमवार को निम्नलिखित स्टेशनों पर समय संशोधित किया गया है।



मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05055/05056 लालकुआं-वाराणसी सिटी-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआं से 29 अप्रैल से 24 जून, 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा वाराणसी सिटी से 30 अप्रैल से 25 जून, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को 09 फेरों के लिये जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 16 एलएचबी कोच लगाये जायेंगे। उन्होने बताया कि 05043/05044 रामनगर-लखनऊ जं.-रामनगर ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन रामनगर से 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को तथा लखनऊ जं. से 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को 20 फेरों के लिये किया जायेगा।

### इंडिया गठबंधन को मजबूत करें कार्यकर्ता: राकेश वर्मा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन कांग्रेस समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रेया वर्मा के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने रविवार को कांग्रेस भवन कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टी के नेतृत्व में काफी सोच समझकर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। इसलिए दोनों दलों के कार्यकर्ता पूरी ताकत में जाकर घोषणा पत्र के बारे में आम जनमानस को अवगत कराये। पूर्व मंत्री ने कहा कि देश संक्रमण काल से गुजर रहा है देश को इंडिया गठबंधन ही सुरक्षित कर पाएगा।


## वर्ग पहेली-47

**बाएं से दाएं**

1. घाव का मवाद,पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।




### वर्ग पहेली -46 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आ | दी | ■ | 2 उ | दुं | ब | 3 र |
| हा | ■ | ■ | थ | ■ | ■ | च |
| ■ | 4 पे | 5 श | ल | ■ | ■ | क |
| ■ | ■ | 6 नि | पु | ण | 7 ता | ■ |
| ■ | 8 आ | ■ | थ | ■ | म | ■ |
| ■ | 9 सु | त | ल | ■ | ले | ■ |
| ■ | ति | ■ | ■ | 10 भें | ट | ना |

## सुडोकू -126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

### सुडोकू -125 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**वृष** — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

**मिथुन** — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

**कर्क** — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

**सिंह** — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

**कन्या** — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

**तुला** — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

**धनु** — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

**मकर** — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

**मीन** — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08 .39
सिंह इज किंग — रात : 09 .43

&pictures
रंगबाज — सुबह : 11 .02
गुल मकई — रात : 08 .00

SONY PIX
द वॉक — सुबह : 11 .52
द वॉक — रात : 09 .07

ZEE CINEMA
ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12 .46
द मास्क — शाम : 05 .47

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — सुबह : 11 .14
गॉडफादर — शाम : 06 .40

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता – और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

अकामान् कामयति य: कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

# दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज-तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी–जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल–संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

## व्यंग्य

# गुरूर से भरा व्यस्त आदमी



दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर–भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

# महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर



सुशोभित

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

**महावीर जयंती**

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हज़ार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

## सोशल फोरम

# सवेरा दस्तक देगा



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या?

दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सगुन असगुन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं,तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण,अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता",अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया,वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह,तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

# पृथ्वी बनाम प्लास्टिक



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

## एक नजर

### शिक्षक हैंड ग्रेनेड, पाक निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आगामी चुनाव से पहले पुलिस ने सरकारी शिक्षक को ग्रेनेड और पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और पुंछ के विशेष ऑपरेशन समूह की टीम ने हरि बुद्ध इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। कमरउद्दीन नामक पंजीकृत ओवर-ग्राउंड वर्कर जो सरकारी स्कूल में हेडमास्टर है, उसके घर से पाक निर्मित पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया।

### ऋण अधिकारी सहित दो गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में निजी फाईनेंस कंपनी की जमा राशि को हड़पने के लिए लूट की झूठी साजिश रचने वाले ऋण अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पन्दना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड शाखा बाड़ी में ऋण अधिकारी के पद पर काम करने वाले सायपुर, डहरा मोड थाना लखनपुर जिला भरतपुर निवासी लोकेश जाटव ने 16 अप्रैल को आंगई क्षेत्र के कुछ गांवों से फाइनेन्स का पैसा जमा कर आंगई से बाडी आते समय चिलाचैद टोल से आगे अपने साथ बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक लाख पांच हजार 750 रुपयों को लूट ले जाने की सूचना कम्पनी को दी गई। कम्पनी के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

### मोदी प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं: सिद्धरमैया

कोलार : कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को दावा किया कि शिक्षित युवाओं ने तय कर लिया है कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं हैं और उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे ऐसे अयोग्य व्यक्ति को वोट देंगे। मुख्यमंत्री ने कोलार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार केवी गौतम के लिए प्रचार करने के दौरान शिडलाघट्टा में जनता से पूछा कि क्या मोदी को बेरोजगार युवाओं को पकौड़े बेचने की सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री बनना चाहिए?

# राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 9 की मौत

▶▶ फर्जी तरीके से नामांकन कराने के आरोप में कार्रवाई

कोटा, एजेंसी



राजस्थान के झालावाड़ में नौ युवकों की शनिवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी युवक कार से विवाह समारोह से लौट रहे थे। इसी बीच उनकी कार ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में मारे गए लोगों की आयु 16 से 30 वर्ष थी। जान गंवाने वालों में तीन सगे भाई थे।

एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। विशोनी ने बताया कि हादसे में 18 वर्षीय मनीष बागरी की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की चपेट में आए लोगों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप गाड़ियों में करीब 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे।

## कंटेनर ने टेंपो और बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

संवाददाता, (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** तेज स्पीड कंटेनर ने एक टेंपो और बाइक को रौंद दिया। हादसे में देवरानी-जेठानी समेत तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए।

बीसलपुर की तरफ से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने नवादा महेश और पतरासा कुंवरपुर गांव के पास सवारियों से भरे टेंपो और बाइक को टक्कर मार दी। टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में चला गया। हादसे की सूचना मिलते ही बरखेड़ा इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से टेंपो में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। उधर, कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी बरखेड़ा ले जाया गया। जहां टेंपो सवार बीसलपुर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी चंद्रकली (78) पत्नी संतराम, उनकी जेठानी उमेदी (75) पत्नी रोशनलाल और बाइक सवार बरेली के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम अटंगा चांदपुर निवासी फूलबानो (40) पत्नी जान मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी 13 घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## नड्डा ने की हुबली घटना की सीबीआई जांच की मांग

**हुबली (कर्नाटक) :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने 23 वर्षीय कॉलेज छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या मामले की रविवार को सीबीआई जांच की मांग की। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज परिसर में उसके पूर्व सहपाठी फैयाज ने चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी थी। नड्डा ने नेहा हिरेमथ के घर का दौरा किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। बाद में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अगर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत पड़ी तो भाजपा सहयोग करेगी।

## पीओके हमारा था और हमारे साथ रहेगा : राजनाथ

सिलीगुड़ी, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत में हो रहे विकास कार्यों को देखकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे। सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश तेजी से रक्षा उपकरणों का आयातक की बजाय निर्यातक देश बन रहा है।

राजनाथ ने दार्जिलिंग निर्वाचन क्षेत्र के सिलीगुड़ी में भाजपा उम्मीदवार राजू बिस्ता के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारे साथ था, है और हमेशा साथ रहेगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जिस तरह से देश का विकास हो रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग खुद ही भारत के साथ रहने की मांग करेंगे। कहा कि भारत ने ऐसा कद हासिल कर लिया है कि दुनिया में कोई भी देश को डरा नहीं सकता। सिंह ने यह भी कहा कि भारत दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन अगर हमारे मामले में हस्तक्षेप किया जाता है... तो आप समझते हैं कि क्या होगा।



तिरुवनंतपुरम : त्रावणकोर के शाही परिवार के सदस्य मूलम थिरुनल राम वर्मा (सी) रविवार को पद्मनाभस्वामी मंदिर आयोजित अरट्टू जुलूस में भाग लेने जाते हुए। :एजेंसी

## कांग्रेस ने वाडियार के खिलाफ आयोग में दर्ज कराई शिकायत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के मैसुरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। कमेटी ने उन पर आचार संहिता के उल्लंघन और रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। शनिवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कमेटी ने आरोप लगाया कि वाडियार ऐसे कार्यों में संलिप्त रहे हैं जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं और जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। वाडियार ने समर्थन के लिएसोशल मीडिया मंचों पर बातचीत की।

# फर्जी बसपा प्रत्याशी सत्यवीर और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ फर्जी तरीके से नामांकन कराने के आरोप में कार्रवाई

अमृत विचार : आंवला लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का उम्मीदवार बता कर फर्जी नामांकन करने वाले प्रत्याशी सत्यवीर सिंह और सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के आदेश पर बसपा प्रत्याशी आबिद अली की तहरीर पर कार्रवाई की। पुलिस ने चुनाव अधिकारियों से भी मामले में जानकारी ली।

आंवला लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी आबिद अली ने आरोप लगाया कि बसपा ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर फॉर्म ए और बी जारी किया था। जबकि शाहजहांपुर के जलालाबाद के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी सत्यवीर सिंह ने खुद को बसपा का प्रत्याशी बताकर नामांकन कराया। जब छानबीन की गई तो पता लगा कि सत्यवीर सिंह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर फॉर्म ए और बी को सिंबल अथॉरिटी के रूप में अपने नामांकन पत्र के साथ लगाया है। उन्होंने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के फर्जी हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने इस मामले की लिखित शिकायत रिटर्निंग ऑफिसर से की थी।

इस पूरे मामले में सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य, सत्यवीर के साथ फर्जी दस्तावेज को तैयार करने, जालसाजी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र में शामिल थे। वहीं आंवला लोकसभा से बसपा उम्मीदवार आबिद अली ने कहा सत्यवीर के नामांकन करने में सपा प्रत्याशी की साजिश थी। जबकि आंवला से ही इंडी गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि प्रशासन को मामला दर्ज करने से पहले जांच करनी चाहिए थी। जांच होती तो सच्चाई पता चल जाती।

# पंचतत्व में विलीन हुए कुंवर सर्वेश सिंह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद और लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव रतुपुरा में रविवार दोपहर दो बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। बढ़ापुर से विधायक उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी गई। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कई मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में शनिवार को उनका बीमारी से निधन हो गया था। शनिवार देर रात उनका पार्थिव शरीर ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रतुपुरा में उनके पैतृक आवास पर लाया गया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्य शिक्षामंत्री मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी समेत अन्य नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजिल अर्पित की। अंतिम संस्कार के दौरान जनसमुदाय ने जननेता को भावपूर्ण विदाई दी। अंतिम दर्शन के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख व सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत तमाम नेता एंव आमजन मौजूद रहे।



पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की चिंता को मुखाग्नि देते विधायक पुत्र कुंवर सुशांत सिंह।

# वनाग्नि को रोकना वन विभाग के लिए बना चुनौती

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्वतीय जिलों के जंगलों में आग लगने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन वन महकमा जंगलों की आग पर काबू पाने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान के साथ ही वन्य संपदा भी जलकर राख में तब्दील हो रही है। पिछले एक महीने पहले से शुरू वनाग्नि का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

पहाड़ में वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। अकेले अल्मोड़ा जिले में अब तक हवालबाग, कसारदेवी, फलसीमा, लमगडा, पांडेखोला, स्यालीधार, चितई, धौलादेवी, भैंसियाछाना, चौखुटिया, मानिला, मौलेखाल, डोटियाल, भिकियासैंण, द्वाराहाट, रानीखेत, ताड़ीखेत, सोमेश्वर व जागेश्वर क्षेत्रों में कई हेक्टेयर वन भूमि वनाग्नि की चपेट में आ चुकी है। रविवार को भी जिले के कालीगांव, मरचूला, विश्वनाथ, आरतोला, दन्या, पाली गुणादित्य, रनमन, भटकोट समेत अनेक क्षेत्रों में दिन भर जंगल आग से धधकते रहे। जंगलों की आग के कारण इन क्षेत्रों में चारों और धुंआ ही धुंआ फैल गया है।

जिस कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों में जलन के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो गई है और दमे के रोगियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन वनाग्नि की इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग कोई ठोस पहल नहीं कर पा रहा है।



अल्मोड़ा जिले के मानिला क्षेत्र में आग से धधक रहा जंगल। ● अमृत विचार

**परेशानी**

▶▶ गर्मी बढ़ने के साथ ही आग की चपेट में आ रहे जंगल

▶▶ धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में हो रही मुश्किल

## हरक सिंह रावत की बहू ने भाजपा का थामा दामन

संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** उत्तराखंड में भले ही लोकसभा चुनाव को लेकर वोटिंग हो चुकी हो, लेकिन उसके बाद भी विपक्ष के नेताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। अब पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इसी के साथ ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार व उनके पति सुरेश गंगवार ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली।

पूर्व मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। वहीं मतदान से पहले भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। अनुकृति 2022 में लैंसडाउन से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ी थी। उधर, उधमसिंह नगर से जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार और उनके पति सुरेश गंगवार ने भी मतदान से कुछ दिनों पहले कांग्रेस छोड़ दी थी।

# झूठ फैला रहे मोदी, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी : तेजस्वी

रांची, ,एजेंसी



▶▶ भाजपा को सबसे बड़ी झूठी पार्टी करार दिया

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने देश के लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी का तोहफा दिया है। उन्होंने भाजपा को बड़ी झूठी पार्टी करार देकर उसका मजाक उड़ाया।

रांची के प्रभात तारा मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की 'उलगुलान न्याय महारैली' को संबोधित करते हुए यादव ने दावा किया कि अगर विपक्षी दल तीन राज्यों झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में एकजुट होकर लड़ते हैं तो भाजपा केंद्र में सत्ता में नहीं लौटेगी। इन तीन राज्यों में लोकसभा की 134 सीट हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया कि मोदी जी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। वह झूठ का कारखाना, निर्माता, थोक विक्रेता और वितरक हैं। यह तानाशाह को बाहर का रास्ता दिखाने का (उपयुक्त) समय है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के तीन दामाद हैं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग, जिनका गैर-भाजपाई सरकारों के खिलाफ दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे पहले रांची पहुंचने के बाद तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा था कि झारखंड की जनता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मुंहतोड़ जवाब देगी। तेजस्वी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य देश और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को उखाड़ फेंकना है। भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि सत्तारूढ़ राजग मौजूदा लोकसभा चुनावों में 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा। उलगुलान रैली में कुल 28 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया।

भाजपा की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली को भारत की सबसे भ्रष्ट पार्टियों का जमावड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। वे जानते हैं कि अगर मोदी ने वादा किया है तो वह पूरा होगा। इस बीच भाजपा की राज्य इकाई ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए रैली के आयोजकों के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

## अहमदाबाद-ऋषिकेश योगा एक्स. के कोच में आग

संवाददाता, रुड़की

● एक घंटे बाद ट्रेन को ऋषिकेश रवाना किया गया

**अमृत विचार :** इकबालपुर रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह अहमदाबाद-ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस (19031) ट्रेन में ब्रेक लगाने के दौरान अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। करीब एक घंटे बाद ट्रेन को ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे घटी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कोच में आग लगते ही उसमें सवार यात्री नीचे उतर गए। उधर, आरटी सेंटर रुड़की से सूचना मिलते ही पुलिस व रेलवे स्टाफ मौके की ओर रवाना हो गए। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रीति करनवाल पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन इकबलपुर पहुंचीं। उस वक्त कोच के निचले हिस्से में आग लगी हुई थी और कोच के यात्री नीचे उतरे हुए थे। पुलिस की मदद से रेलवे कर्मचारियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने कोच के ब्रेक को भी दुरुस्त कर दिया। एक घंटे बाद ट्रेन ऋषिकेश के लिए रवाना हुई। लक्सर जीआरपी थाना अध्यक्ष संजय शर्मा के मुताबिक आग कोच के निचले हिस्से में लगी थी।

# अभिनेता करण पत्नी पूजा संग पहुंचे नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शादियों का सीजन शुरू हो गया है। नए शादी के जोड़े हनीमून मनाने सरोवर नगरी पहुंच रहे हैं। वहीं शनिवार देर रात छोटे पर्दे के अभिनेता करण शर्मा अपनी पत्नी पूजा संग हनीमून मनाने नैनीताल पहुंचे।

ये प्यार का बंधन, बा बहू और बेबी, सपनों से भरे नैना, बंदिनी, ससुराल सिमर का, पवित्र रिश्ता एक नई पहचान आदि टीवी सीरियलों में काम कर चुके मशहूर टीवी अभिनेता करण शर्मा पत्नी पूजा संग नैनीताल की हसीन वादियों का लुत्फ उठा रहे हैं। करण शर्मा ने बताया की वे पहली बार नैनीताल आए हैं और यहां की हसीन वादियों को देखकर उत्साहित है। यहां आने से पहले उन्होंने कैंची धाम में नीम करौरी महाराज के दर्शन किए। जिसके बाद नैनीताल की मॉलरोड व नैनीझील की सुंदरता का लुत्फ उठाया। कहा कि नैनीताल की सुंदरता व नीम करौरी महराज के बारे में काफी सुना था। जिसके चलते शादी के बाद वे विदेश जाने के बजाय बाबा का आशीर्वाद लेने व नैनीताल की हसीन वादियों से रुबरू होने यहां आये। उनकी पत्नी अभिनेत्री पूजा सिंह ने कहा कि वे पहले भी नैनीताल आ चुकी है।




प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते अभिनेता करण शर्मा। ● अमृत विचार

# ओवैसी ने की मुस्लिम महिला आरक्षण की वकालत

किशनगंज,एजेंसी



▶▶ ओवैसी ने बिहार की मुस्लिम बहुल लोकसभा सीट किशनगंज में रैली को किया संबोधित

ऑल इंडिया मज्लिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को रेखांकित करते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की वकालत की।

हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने बिहार की एकमात्र मुस्लिम बहुल लोकसभा सीट किशनगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। एआईएमआईएम ने बिहार इकाई के प्रमुख और विधायक अख्तरुल ईमान चुनावी को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस ने एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाया है। 2004 की शुरुआत में, हमने सिकंदराबाद में एक महिला उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारा था। उन्होंने कहा कि हमारा कहना है कि आजादी के बाद से देश में 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं लेकिन सांसद बनने वाली मुस्लिम महिलाओं की संख्या सिर्फ 20 रही है, तो फिर मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं।

ओवैसी ने नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में एक संशोधन पेश किए जाने को याद करते हुए कहा कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुझसे कहा कि आप एक संशोधन लाना चाहते हैं, लेकिन आपका समर्थन करने वाला शायद ही कोई नहीं है। मैंने जवाब दिया कि अल्लाह मेरे साथ है। ओवैसी ने कहा कि मेरा तर्क है कि मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग मिलकर कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा हैं। हम इस विशाल सामाजिक वर्ग की महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकते।

उन्होंने दावा किया कि उनकी बातें जब कई ओबीसी संगठनों तक पहुंचीं तो उनके नेता उन्हें धन्यवाद देने आए और कहा कि ओवैसी साहब, केवल आपने और आपकी पार्टी के सांसद इम्तियाज जलील ने पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया। एआईएमआईएम ने बिहार की 40 में से एक दर्जन से अधिक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

## अपनी ढपली अपना राग


ये वही कांग्रेस है जिसने काका कालेलकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया। – अमित शाह


वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भी खत्म कर देंगे। वोट के अधिकार को बरकरार रखना होगा। – मल्लिकार्जुन खरगे


400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं। –केशव प्रसाद मौर्या


फ्री राशन से गरीबों का भला नहीं होने वाला। आप जो टैक्स देते हैं ये राशन उससे मिलता है। भाजपा आप पर कोई अहसान नहीं कर रही है। – मायावती


प्रधानमंत्री ने ऐसे काम किए, सोचा न होगा। गरीबों के लिए ये काम केवल वही कर सकता है जिसने गरीबी देखी है। –दलीप सिंह राणा उर्फ खली

# तीसरा चरण: जयवीर व डिंपल समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

## चुनावी रण के लिए तस्वीर लगभग साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** तीसरे चरण के चुनाव रण में महारथियों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस चरण की दस सीटों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंहस यादव के पुत्र आदित्य व मंत्री जयवीर सिंह समेत दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत को लेकर इनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है।

इस चरण की दस सीटों के चुनाव में 104 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

2019 में संभल लोकसभा सीट पर सपा के प्रत्याशी डॉ शफीकुर्रहमान बर्क ने 1,74,826 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 6,58,006 वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर राव सैनी को हराया था, जिन्हें 4,83,180 वोट मिले थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी से शौकत अली, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से डॉ शफीकुर रहमान बर्क प्रमुख उम्मीदवार हैं।

- ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से धर्मेन्द्र कश्यप व सपा से नीरज मौर्या चुनावी रण में उतरे हैं। बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से अनूप वाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर बाल्मीकि व बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं।
- मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं, तो भाजपा ने मंत्री जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।
- फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार व बसपा से रामनिवास चुनाव मैदान में हैं।
- एटा क्षेत्र के लिए भाजपा ने राजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा से देवेश शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट प्रत्याशी हैं।


जयवीर सिंह


डिंपल यादव


आदित्य यादव


राजीव सिंह

- बरेली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व सपा के बीच सीधे मुकाबला है। भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा से प्रवीण सिंह ऐरन चुनाव मैदान में हैं, जबकि बसपा के छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि सपा से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य को चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं।



- आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम व बसपा से पूजा चुनाव मैदान में हैं।

### 2014 में भाजपा ने जीती थी सभी आरक्षित 17 सीटें

# आरक्षित सीटों पर कद बढ़ाने की फिराक में बसपा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति बाहुल्य 17 आरक्षित सीटों पर बसपा अपना कद बढ़ाने के लिए दो दशक से प्रयासरत है। इस दौरान संपन्न लोकसभा चुनावों में बसपा कभी भी पांच सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकी है। वहीं, 2009 में सपा ने 10 सीटें और 2014 में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने सभी 17 सीटों पर अपना वर्चस्व जमाया था। हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने भाजपा की झोली से दो सीटें झटकी थीं, इसबार सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है।

एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों में बसपा, आरक्षित सीटों के भरोसे तीसरे मोर्चा बनाने की फिराक में है। हालांकि इसकी धमक बसपा द्वारा प्रत्याशी घोषित होते ही सुनाई भी देती है। बसपा के प्रत्याशी से कुछ सीटों पर एनडीए और सपा-कांग्रेस गठबंधन के तैयार समीकरणों को बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इसी रणनीति मोर्चे की सफल बनाने के लिए मायावती ने पश्चिम उप्र. में सभाएं शुरू कर दी हैं। वहीं भाजपा की ओर से पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी की सभाएं ताबड़तोड़ जारी हैं।

बसपा ने प्रदेश की अधिकांश आरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, नगीना सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह हैं, जहां पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अन्य प्रत्याशियों में बुलंदशहर सीट से गिरीश चंद्र जाटव, शाहजहांपुर में डॉ. दोदराम वर्मा, हाथरस से हेम बाबू धनगर, आगरा से पूजा अमरोही, इटावा से सारिका सिंह बघेल, जालौन में सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम, लालगंज से डॉ.इंदु चौधरी, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, हरदोई से भीमराव आंबेडकर चुनाव मैदान में डटें हैं। बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव में प्रत्याशी घोषित होना बाकी हैं।

### किसी के साथ भेदभाव नहीं: आंबेडकर

बसपा में लखनऊ मंडल के प्रभारी व हरदोई प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि बसपा के लिए सभी जातियां समान हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। आरक्षित सीटों पर अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या ज्यादा होती है। पार्टी का प्रयास है कि यह वर्ग कम शिक्षित होता है, इसलिए इन्हें कोई बरगला न सके, इनके वोट की खरीद फरोख्त न हो सके, इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती वोट के अधिकार को लेकर जनमानस को सजग करती रहती हैं। वहीं देवीपाटन मंडल प्रभारी दिनेश चंद्रा का कहना है हर सीट के लिए अलग रणनीति रहती है, हर सीट पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ संवाद कायम किये हुए हैं। जिन सीटों पर प्रत्याशियों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई हैं, वहां भी प्रचार अभियान जारी है।

# सपा के गढ़ में पहली बार ईवीएम में नहीं दिखेगी साइकिल

### पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का कर रहे प्रचार

### इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है सीट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचारः** समाजवादियों का गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी जिले के किसी भी चुनाव में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान नहीं दिखेगा।

कभी जिले की छह विधानसभा सीटों को जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार इंडिया गठबंधन के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में दी है। ऐसे में यह पहली बार होगा, जब ईवीएम में सपा का चुनाव निशान साइकिल नहीं होगा। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से सपा अपने चुनाव चिह्न के साथ मैदान में नहीं है, लेकिन पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं।

बाराबंकी में वर्षों तक सपा का वर्चस्व रहा। सपा के कर्णधार व कद्दावर नेताओं में शुमार रहे रामसेवक यादव दूसरे लोकसभा चुनाव में 1957 में भले ही निर्दल के रूप में चुनाव जीते थे, लेकिन उन्होंने बाद में सपा को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 1996 और 1999 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने रामसागर रावत को सांसद चुना। वहीं कई लोकसभा चुनाव में रनर के रूप में भी सपा के प्रत्याशी रहे। जिनका जीत-हार का अंदर ज्यादा नहीं रहा। परिणाम जो भी रहा हो, सपा हर चुनाव में कोई न कोई प्रत्याशी जरूर उतारती रही है।

भले ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने प्रदेश भर में अपने 63 प्रत्याशी उतारे हों लेकिन कभी सपा का गढ़ कहे जाने वाली बाराबंकी सीट पर इस बार सपा प्रत्याशी नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के सामने चुनाव लड़ रहे हैं।

### कभी सपा ने जीती थी सभी विधानसभा सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की रामनगर, जैदपुर, हैदरगढ़, कुर्सी, बाराबंकी और दरियाबाद सीट पर साइकिल ने कब्जा जमाया था। जबकि वर्तमान समय में बाराबंकी सीट पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव मोदी-योगी लहर में भी लगातार तीसरी बार विधायक बने। रामनगर और जैदपुर सीट पर भी अभी सपा का ही कब्जा है।

### 2019 में बसपा से गठबंधन में रामसागर थे रनर

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत रनर रहे थे। इस चुनाव में बसपा से सपा का गठबंधन था। जिसमें यह सीट सपा के खाते में गई थी। उस चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से 1,10,140 वोटों से पराजित हुए थे। जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर थी। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई थी।

# खीरी में जनता ने कभी बाहरी को नहीं दिया महत्व

## रोचक रहा है खीरी संसदीय क्षेत्र का इतिहास

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी संसदीय सीट का इतिहास काफी रोचक रहा है। यहां के मतदाताओं ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय पर कुल मिलाकर नौ बार मौका दिया। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां की जनता ने कभी किसी बाहरी प्रत्याशी को महत्व नहीं दिया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अब तक सिर्फ दो नेताओं को ही स्थान मिल सके।

आजादी के बाद इस क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस सांसद बाल गोविंद वर्मा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला और वर्तमान में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। अन्य किसी को केन्द्रीय मत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद नेवटिया चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 1957 के चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कुं. खुशवक्त रॉय सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1962 से लेकर 1972 तक के चुनावों में कांग्रेस ने अपना वर्चस्व कायम रखा। आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई। कांग्रेस उम्मीदवार बाल गोविंद वर्मा जनता पार्टी के सुरथ बहादुर शाह से चुनाव हार गए।

वर्ष 1980 में फिर लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के बाल गोविंद वर्मा चुनाव जीते, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका निधन हो गया। उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनकी पत्नी ऊर्षा वर्मा को टिकट दिया। ऊषा वर्मा भी लगातार तीन बार सांसद बनीं। 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया चुनाव जीते। 1998 में बाल गोविंद वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और लगातार तीन बार सांसद रहे।

वर्ष 1999 का चुनाव उस समय रोचक हो गया था, जब सीतापुर से वरिष्ठ भाजपा नेता और वित्त मंत्री रहे राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन लोकल को अपनाओ और बाहरी को भगाओ के नारे के बाद वह पराजित होकर सीतापुर लौट गए थे। वर्ष 2004 में भाजपा ने फिर कद्दावर नेता विनय कटियार को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उस समय भी पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशी का मुद्दा बना और वह भी पराजित हो गए थे। वर्ष 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की वापसी हुई और जफरअली नकवी पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार भाजपा के अजय मिश्र टेनी सांसद बने।


### स्थानीय को अपनाया

खीरी के मतदाताओं ने हमेशा स्थानीय नेताओं को पसंद किया। हालांकि 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार जीते भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया शाहजहांपुर के मूल निवासी थे, लेकिन वह लंबे समय तक सीएमओ रहकर जनता के टच में रहे। सेवानिवृत्ति से पहले ही जिले में मकान बिना लिया और बाद में कृषि भूमि खरीदकर खेती करने लगे। इस तरह उनके बाहरी होने का मुद्दा भी नहीं उठाया जा सका था।

### नौ बार एक ही परिवार के बने तीन सांसद, इस बार मैदान से बाहर

खीरी लोकसभा चुनाव में तीसरे लोकसभा चुनाव से संसद में प्रवेश करने वाले बाल गोविंद वर्मा समेत उनके परिवार तीन सदस्य कुल मिलाकर नौ बार एक ही संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। बाल गोविंद वर्मा खुद तीन बार, उनकी पत्नी ऊषा वर्मा तीन बार और उनके पुत्र रवि प्रकाश वर्मा तीन बाद लोकसभा सदस्य रहे। कुल मिलाकर नौ बार सांसदी एक ही परिवार में रही, लेकिन इस बार उनका परिवार चुनाव मैदान से बाहर है। हालांकि रवि प्रकाश वर्मा की पुत्री डॉ. पूर्वी वर्मा सपा से टिकट मांग रही थी, लेकिन चुनाव से पहले वह पिता के साथ कांग्रेस में चली गईं। लेकिन गठबंधन के कारण सपा यह सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। बहरहाल, अब अगर उनका परिवार चुनाव मैदान में नहीं उतरता है तो 62 साल में पहली बार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| अजय मिश्र टेनी | 609,589 |
| डॉ पूर्वी वर्मा | 3,90,782 |
| जफर अली नकवी | 92,155 |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अजय मिश्र टेनी | 3,98,578 |
| बसपा | अरविन्द गिरि | 2,88,304 |
| कांग्रेस | जफर अली नकवी | 1,83,940 |
| सपा | रवि प्रकाश वर्मा | 1,60,112 |

### 2014 में किसको कितने वोट




2014 नोटा 12,031 | 2019 नोटा 8,750

### निर्वाचित सांसद


| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | रामेश्वर प्रसाद नेवटिया | कांग्रेस |
| 1957 | कुशवक्त राय | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962,67 व 71 | बालगोविंद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सुरथ बहादुर शाह | जनता पार्टी |
| 1980 | बालगोविंद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1980, 84 व 89 | उषा वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 व 96 | गेंदन लाल कनौजिया | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998, 99 व 04 | रवि प्रकाश वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | जफर अली नकवी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | अजय मिश्र टेनी | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | जफर अली नकवी | 184,982 |
| बसपा | इल्यास आजमी | 176,205 |
| भाजपा | अजय कुमार | 162,850 |
| सपा | रवि प्रकाश वर्मा | 153,491 |

2024

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 18,62,469 |
| पुरुष मतदाता | - | 9,87,644 |
| महिला मतदाता | - | 8,74,783 |
| थर्ड जेंडर | - | 42 |




## गेहूं की जगह देंगे मुफ्त आटा : राजेन्द्र चौधरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा।

### इलेक्शन बायस्कोप



लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार राजधानी में दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है,इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करता वाहन।

## नुक्कड़ सभाओं में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊः** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रचार शुरू कर दिया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात कही। शर्मा ने पश्चिम विधानसभा और नौबस्ता में सभाएं की। जबकि लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान नौबस्ता सभा में अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सात बार बदले महावत...

## फिर भी अमेठी में मंजिल पर नहीं पहुंचा बसपा का हाथी

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचार।** अमेठी में 'हाथी' ने आगे बढ़ने की कोशिश तो बहुत की, उसकी चाल को तेज करने के लिए हर चुनाव में 'महावत' भी बदले गए, लेकिन 'हाथी' मंजिल तक नहीं पहुंच सका। यहां अब तक बहुजन समाज पार्टी से चुनावी रणभूमि में उतरे सभी प्रत्याशियों को पराजय ही मिली है।

अमेठी में अब तक 07 बार चुनावी रणभूमि में उतरी बसपा ने कोशिश तो बहुत की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। यहां तक कि बसपा संस्थापक कांशीराम 1989 के चुनाव में राजीव गांधी से मुकाबला करने के लिए स्वयं चुनावी रणभूमि में उतरे। लेकिन 25400 वोट पाकर वो तीसरे नंबर पर रहे। उसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा ने चौधरी मोहम्मद ईशा, 1998 में मोहम्मद नईम, 1999 में पारस नाथ मौर्य को उतारा गया लेकिन तीनों ही चुनाव में बसपा तीसरे नंबर पर रही। 2004 के चुनाव में बसपा तीसरे से दूसरे नंबर पर गई। राहुल गांधी का मुकाबला करते हुए बसपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा मटियारी को 99326 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में भी बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला भी 93997 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे।

### स्मृति के आने पर तीसरे नंबर पर पहुंची बसपा

**गंजमुरादाबाद, उन्नाव।** 2004 और 2009 के चुनाव में राहुल गांधी को चुनौती देकर दूसरे नंबर पर रही बसपा 2014 में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के आने से फिर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 2014 में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में हो गई जिससे बसपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रताप सिंह 57716 वोट पाकर फिर तीसरे नंबर पर चले गए। वहीं 2019 में बसपा ने अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा।


- पार्टी के संस्थापक कांशीराम भी उतर चुके हैं 1989 के चुनाव में, तीसरे नंबर पर रहे

### बसपा प्रत्याशी की नहीं हुई घोषणा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अभी तक बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा अपना प्रत्याशी उतारेगी या नहीं, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

## चुनावी चक्कर

- **भाजपा पर मायावती के तेवर देख बजी तालियां :** लोकसभा चुनाव में का मौका हर राजनीतिज्ञ को इतना मुखर कर देता है कि खुलकर उसकी मनोभावनाएं सामने आने लगती हैं। चुनाव से पहले कई मौकों पर चुप्पी साध लेने के कारण भाजपा की बी टीम होने आरोप झेल चुकी बसपा की मुखिया मायावती इन दिनों चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा पर भी तीखे हमले से करने से पीछे नहीं हट रहीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों का जो हाल कांग्रेस के समय था, वही भाजपा के समय है। जैसे कांग्रेस ने इनका अहित किया वैसे भाजपा भी कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में भी बड़ा अंतर है।
- **आखिर कहना क्या चाहते हैं जयंत चौधरी? :** यहां भी चुनाव के मौके पर नेता के मुखर हो जाने वाला उदाहरण है। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी जब मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार हेमा मालिनी का प्रचार करने पहुंच तो उन्होंने कहा, मैं भी बचपन से हेमा मालिनी जी का फैन था। फिर हेमा जी 2009 में मेरे चुनाव प्रचार में आईं, मुझे नहीं पता था कि हम फिर आमने-सामने होंगे। 15 साल हो गए तो अगर मेरी और हेमा जी की कोई फिल्म बनती तो उसका टाइटल होता ''15 साल बाद'' क्योंकि आज फिर से 15 साल बाद मैं इनके लिए प्रचार करने आया हूं।

# ...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

**मुद्दा कितना कारगर**

दिग्विजय सिंह


**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नवंबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

#### हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन

- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश ( पश्चिम प्रदेश ) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।




#### कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

**पूर्वांचल के जिले** : बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।



#### बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी


- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन** : यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

---

# गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।




| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 9,44,503 |
| | सपा | सुरेश बंसल | 4,43,003 |
| | कांग्रेस | डॉली शर्मा | 1,11,944 |

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

#### अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।



## राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

#### गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

#### पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

#### मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल


- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5 .5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4 .5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2 .5 लाख वैश्य, और 4 .5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1.25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

#### बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

#### 2014 का जनादेश

| | दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | जनरल रिटा. वीके सिंह | 7,58,482 | 56 .50 |
| | कांग्रेस | राजबब्बर | 1,91,222 | 14 .25 |
| | बसपा | मुकुल | 1,73,085 | 12 .90 |
| | सपा | सुधन कुमार | 1,06, 984 | 7 .97 |
| | आप | शाजिया इल्मी | 89,147 | 6 .64 |




---

# आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

**आगरा।** आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

# धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

**अमृत विचार।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।

---




**हम भी जोश में** बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

**बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट** | वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

# बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

#### 2019 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | आरके पटेल | 4,77,926 |
| सपा | श्यामा चरण गुप्ता | 4,18,988 |
| कांग्रेस | बाल कुमार पटेल | 75,438 |

**अमृत विचार।** बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

## एक नजर

### हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### भाजपा ने कंगना के चरित्र हनन को लेकर कांग्रेस के खिलाफ दी शिकायत

**शिमला।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई ने मंडी सीट से उम्मीदवार कंगना रनौत की फिल्मों की तस्वीरों का प्रयोग कर उन्हें नकारात्मक रूप से चित्रित करने के सिलसिले में रविवार को कांग्रेस और हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, निंदनीय और आक्रामक भाषा का उपयोग करने पर कांग्रेस पर कार्रवाई का आग्रह किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विभिन्न प्रकोष्ठों को सोशल मीडिया पर कंगना के चरित्र हनन का निर्देश दिया है। भाजपा राज्य इकाई के मीडिया प्रभारी करण नंदा ने निर्वाचन आयोग और हिमाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत दी।

### क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगीः मोहन यादव

**भोपाल।** दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से 'भगवा' रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। 'दूरदर्शन न्यूज' के 'लोगो' का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है। यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग और वैराग्य का प्रतीक है।

### झारखंड में 1.40 करोड़ रुपये की अफीम जब्त, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार कर 1.40 करोड़ रुपये मूल्य की अफीम जब्त की गयी। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार रात गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के एक स्थान पर छिपा कर रखी करीब 28 किलोग्राम अफीम जब्त की गयी। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में महेंद्र डांगी नाम के व्यक्ति और उसके बेटे दीपेंद्र (28) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भाजपा संविधान बदलना चाहती हैः प्रियंका

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

### रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

### मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

# श्मशान की दीवार गिरने के मामले में 3 गिरफ्तार

गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी



गुरुग्राम के अर्जुन नगर इलाके में श्मशान की दीवार गिरने से पांच लोगों की मौत होने के मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना के संबंध में श्मशान भूमि सुधार समिति के प्रमुख परमजीत सिंह ओबेरॉय, सचिव सुभाष चंद खरबंदा और सदस्य कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि जांच में शामिल होने के बाद तीनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। इससे पहले रविवार को पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पटौदी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को मदनपुरी श्मशान घाट की दीवार गिरने से तीन पुरुषों और दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि न्यू कॉलोनी थाने में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत श्मशान भूमि सुधार समिति के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मंडल आयोग का विरोध करने वाली कांग्रेस से राजद ने मिलाया हाथ

कटिहार,एजेंसी



- कटिहार में अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण प्रदान करने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का वर्षों तक विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने कई वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद जंगलराज का प्रतीक है। शाह ने कहा कि कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि राजग की डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है। बिहार में किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर और बांका के साथ-साथ कटिहार लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

### शाह का दार्जिलिंग दौरा खराब मौसम के कारण किया गया रद

**दार्जिलिंग।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रविवार को भाजपा उम्मीदवार राजू बिस्ता के पक्ष में दार्जिलिंग में होने वाली जनसभा खराब मौसम के कारण उनके नहीं पहुंच सकने से अंतिम समय में रद कर दी गयी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शाह का हेलिकॉप्टर खराब मौसम और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में बारिश से लेबोंग हेलीपैड पर उतरने में विफल रहा। मंच से भाजपा के वक्ता ने घोषणा की कि गृह मंत्री का हेलिकॉप्टर लेबोंग हेलीपैड के ऊपर तीन बार चक्कर लगाने के बाद लौट गया। शाह कल रात बागडोगरा हवाई अड्डे पहुंचे और वहां सुखना के होलट में ठहरे, लेकिन गोरखा ग्राउंड में जनसभा का उनका मकसद आज पूरा नहीं हो सका। वह बिहार की बैठक को संबोधित करने के लिए कटिहार चले गए।

### पूर्व मंत्री की बेटी यशस्विनी को कांग्रेस ने रांची से बनाया प्रत्याशी

**रांची।** कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी को रांची सीट से उतारने की घोषणा की। पार्टी ने गोड्डा से दीपिका पांडे सिंह की जगह अब प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने यशस्विनी सहाय को रांची सीट और गोड्डा में विधायक दीपिका पांडे सिंह के स्थान पर प्रदीप यादव को चुनाव में उतारा है। कांग्रेस ने 16 अप्रैल को गोड्डा, चतरा और धनबाद से क्रमशः दीपिका पांडे सिंह, कृष्णा नंद त्रिपाठी और अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी।

# आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से मांगी माफी

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेहा हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था।

### हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड

#### पुलिस ने दो युवकों को किया

**हुबली।** पुलिस ने नेहा की फैयाज द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दोनों धारवाड़ के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। ।

# दुष्कर्म के आरोपी का मकान ढहाया गया

गुना (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के गुना जिले में प्राधिकारियों ने उस व्यक्ति के मकान के अवैध हिस्से को रविवार को ढहा दिया, जिसे अपनी महिला मित्र से दुष्कर्म करने और उस पर हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 23 वर्षीय युवती की आंखों में गोंद डाल दी। युवती ने बुधवार को पुलिस को बताया कि वह दस दिनों से आरोपी अयान खान के साथ रह रही थी। जब उसने अयान से शादी के लिए कहा, तो वह हिंसक हो गया। अधिकारी ने युवती की शिकायत के हवाले से कहा कि खान ने युवती को अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा तथा उसकी आंखों में गोंद डाल दी। खान को गुरुवार को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह बाइक 60 लीटर देशी शराब ले जा रहा था। खान पर बलात्कार, मारपीट और आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने रविवार को खान के मकान के अवैध हिस्से को ढहा दिया। युवती का इलाज करने वाले गुना स्थित निजी अस्पताल के एक नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा कि युवती की एक आंख को गंभीर क्षति पहुंची है। उन्होंने बताया कि उसे आगे के उपचार के लिए ग्वालियर भेजा गया है।

### उप्र में 5 बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्टों पर एक करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप्र के मुजफ्फरनगर जिले में गड्ढों में गिरने से पांच बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्ठों पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी मां भगवती ब्रिक फील्ड और श्रीराम ब्रिक फील्ड के अवैध खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पिछले साल 27 जून को 3, 8, 10 और 12 साल के चार बच्चे दो मीटर के गड्ढे में डूबे थे। अगले महीने 13 वर्षीय लड़के की मौत हुई थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मां भगवती 3 और श्रीराम ब्रिक दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार है। भट्टे मृत बच्चे के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दें।

## कारोबार/कृषि

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 76,150 |
| सोना रवा | 76,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

### लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 2000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

## कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

### सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

### हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

**नई दिल्ली।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

# निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

- मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

# विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

नई दिल्ली, एजेंसी

- अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

### यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

**नई दिल्ली।** भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

# बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

### एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

**नई दिल्ली।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स
समय : शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदाराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |

## राजस्थान से बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब आईपीएल की तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।



पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। वहीं, राजस्थान के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई की हालत खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए खतरा होगा।

## गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराया

मोहाली, एजेंसी

साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन (35) और राहुल के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात ने रविवार को आईपीएल के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में 35 रन बनाए। वहीं साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुए। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाए। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।



पंजाब के खिलाफ चार विकेट लेकर साई किशोर ने पलटा खेल। ● एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पंजाब किंग्स** : 142 पर सभी आउट, प्रभसिमरन 35, सैम कुरेन 20, हरप्रीत बरार 29।
**विकेट** : साई किशोर 4, अहमद 2, मोहित 2।
**गुजरात टाइटंस** : 146/7, 19.1 ओवर, शुभमन 35, साई सुदर्शन 31, राहुल तेवतिया (नाबाद) 36।
विकेट : हर्षल पटेल 3, लियाम 2, सैम करन 1।

इससे पहले महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत की और हरप्रीत बराड़ (29) रनों की पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य दिया है। प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंदों में टीम के लिए सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके बाद गुजरात के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के आगे पंजाब के लगातार विकेट गिरते रहे। पंजाब की पूरी टीम 20 ओवर में 142 रन पर सिमट गई।

# केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

## नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू



शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।



विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

**कोलकाता 222/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज | 48 | 14 | 7/3 |
| नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल | 10 | 15 | 2/0 |
| रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल | 3 | 4 | 0/0 |
| वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन | 16 | 8 | 3/0 |
| श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन | 50 | 36 | 7/1 |
| रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन | 24 | 16 | 2/1 |
| आंद्रे रसल नाबाद | 27 | 20 | 4/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 9 | 2/2 |

**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 4–0–40–1, यश दयाल 4–0–56–2, लॉकी फर्ग्युसन 4–0–47–1, कर्ण शर्मा 4–0–33–0, कैमरन ग्रीन 4–0–35–2


**बेंगलुरु 221/10** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का एवं बो हर्षित | 18 | 7 | 1/2 |
| फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती | 7 | 7 | 1/0 |
| विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल | 55 | 32 | 4/5 |
| रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल | 52 | 23 | 3/5 |
| कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण | 6 | 4 | 0/1 |
| सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित | 24 | 18 | 3/0 |
| महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण | 4 | 3 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल | 25 | 18 | 3/1 |
| कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क | 20 | 7 | 0/3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** हर्षित 4–0–33–2, स्टार्क 3–0–55–1, चक्रवर्ती 4–0–36–1, नारायण 4–0–34–2, सुयश शर्मा 2–0–33–0, रसेल 3–0–25–3

## खेल डायरी

### रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब



**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6–2, 6–2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

### नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा




**चुंगजू।** बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7 :17 .87 और सेमीफाइनल में 7 :16 .29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7 :01 .27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6 :59 .46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6 :59 .74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

### रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3–1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11–9, 12–10, 8–11, 11–5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

### सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2 .23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2 .26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2 .23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0–5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

## मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी



मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के ‘टी2’ क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

## अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

**टोरंटो।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।



चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

## मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3–1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2–1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

## बॉलीवुड हलचल

### ‘कल्कि 2898 एडी’ के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ‘ ’कल्कि 2898 एडी’ ’ के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ‘ ’कल्कि 2898 एडी’ ’ में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ‘ ’कल्कि 2898 एडी’ ’ का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ‘ ’कल्कि 2898 एडी’ ’ बहुभाषी फिल्म है।

### बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

### वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। ’वेलकम’ और ’वेलकम 2’ की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म ’वेलकम टू द जंगल’ का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ‘ ’वेलकम टू द जंगल’ ’ फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

## विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

### भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का ‘फ्लॉप शो’

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5–1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2–4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

### अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश



**बिश्केश (किर्गिस्तान)।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# संसदीय चुनाव में मुइज्जू को प्रचंड बहुमत

माले एजेंसी

मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 60 से अधिक सीट पर जीर्त दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। रविवार को कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाने के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर रखे हुए थे, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने 93 सदस्यीय पीपुल्स मजलिस में 60 से अधिक सीट हासिल कीं, जो लगभग दो-तिहाई बहुमत है। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी को 67 सीट मिलीं, उसके बाद विपक्ष में बैठी एमडीपी को 12 सीट मिलीं और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 10 सीट जीतीं। बाकी सीट अन्य दलों के खाते में गईं।

● मालदीव में हुए मतदान पर भारत की रही करीबी नजर


रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

बता दें, मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में मुइज्जू ने भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था।

मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है। चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोगों ने मतदान किया।

## श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

*नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।*

● मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।

● अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

### 19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।



### 28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग



पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

## एक नजर




### पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

**रावलपीडी।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

### अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।



### तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

**वाशिंगटन।** नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

### खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

# भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

## निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

### इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी



लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## कीड़े लगे चावल के आयात पर भड़का रूस पाकिस्तान को चेताया

कराची। रूस ने पाकिस्तान से चावल आयात को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। रूस ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह उसकी चिंताओं का समाधान नहीं करेगा तो वह फिर से चावल के आयात पर प्रतिबंध लगा देगा। रूस की यह चेतावनी पाकिस्तान द्वारा खराब गुणवत्ता के चावल के आयात के बाद आया है।

रूस की पशु चिकित्सा और फाइटोसैनिटरी निगरानी संघीय सेवा एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं का उल्लंघन पाया था। दरअसल, पाकिस्तान ने रूस को चावल की आपूर्ती की थी, उसमें कीड़े पाए गए थे, इसपर रूस आग बबूला हो गया।

मालूम हो कि यह पहली बार नहीं है, जब रूस ने पाकिस्तान को इस तरह की चेतावनी दी है। इससे पहले भी रूस ने स्वास्थ्य सुरक्षा कारणों से 2019 में पाकिस्तान से चावल आयात पर प्रतिबंध लगाया था। वहीं, साल 2006 में भी रूस ने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण पाकिस्तान से चावल का आयात रोक दिया था।

# चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने



बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

### नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

**काठमांडू।** नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

## तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

**न्यू कैसल (ब्रिटेन)।** रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा। बता दें, तालिबान और रूस के बीच बढ़ते सहयोग का रूस और पश्चिम के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता निहितार्थ है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से, रूस ने अन्य देशों को अपने इस रणनीतिक दृष्टिकोण को समझाने का प्रयास किया है। रूसी अधिकारी ने संकेत देते हुए कहा कि, रूस अब तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा है।

### ग्लेशियर गश्ती दौड़



स्विट्जरलैंड: एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

# चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019 व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

● चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे



## अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

**मौसम** हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश, रविवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा ओडिशा

# मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। रविवार को कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान फिर से 45 के पार जा सकता है। रविवार को ओडिशा और रायलसीमा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया गया, जबकि बिहार, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है।


लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है।

वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। बता दें, मैदानी क्षेत्रों में इस महीने में लू चलने का यह दूसरा दौर है। पहले दौर में ओडिशा, झारखंड, गांगेय पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात के कुछ हिस्सों में जबरदस्त गर्मी पड़ी थी। गौरतलब है कि, अप्रैल के अंत में और जून में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में दस से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान है।

### मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

## जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

**नई दिल्ली।** न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई। मित्तल सबसे पहले 1964 में धोखाधड़ी के मामले में फंसा था, फिर लगातार अपराध में लिप्त रहा।

# पाकिस्तान: सैन्य निगरानी में हुआ 21 सीटों पर उपचुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा।

● पाकिस्तान के पंजाब-पख्तूनख्वा में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी

इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।